खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 24°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 18 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 338 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



स्वच्छता हमारी जीवनशैली का हिस्साः राष्ट्रपति मुर्मू पेज 2



प्रगनानंदा ने वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को 39 चालों में हराया खेल टाइम्स



नस्लवाद को हराने वाला मानवता का योद्धा नेल्सन मंडेला सम्पादकीय



इजरायल में नेतन्याहू की सरकार गिरने की कगार पर पेज़ 12

## आकाश प्राइम डिफेंस सिस्टम का भारत ने किया सफल परीक्षण

### मिसाइल ने 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर उड़ रहे दो टारगेट मार गिराए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित वायु रक्षा प्रणाली 'आकाश प्राइम' का सफल परीक्षण किया है।

इस एडवांस मिसाइल सिस्टम को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस सिस्टम ने पूर्वी लद्दाख में 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर उड़ रहे दो



ड्रोन मार गिराए। 'आकाश प्राइम' एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण थल सेना की एयर डिफेंस विंग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। डीआरडीओ ने ही यह सिस्टम विकसित किया। यह प्रणाली लद्दाख के चुनौतीपूर्ण मौसम में सटीक प्रहार करने में सक्षम पाई गई। इस प्रणाली को डीआरडीओ ने ही विकसित किया है। यह प्रणाली लद्दाख के चुनौतीपूर्ण मौसम में सटीक प्रहार करने में सक्षम पाई गई। जल्द ही इसे दुश्मन की हवाई चुनौतियों का सामना करने के लिए मैदान में लाया जाएगा। यह सिस्टम 4500 मीटर से अधिक ऊंचाई पर काम करने के लिए -**शेष पृष्ठ दो पर**

- **एक साथ 64 टारगेट को ट्रैक कर 12 को करेगा नष्ट**
- **चीन और पाकिस्तान के हमलों से बचाएगा**

## बेंगलुरु भगदड़ः कर्नाटक सरकार ने RCB को जिम्मेदार बताया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री डे परेड पर हुई भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार की रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई।

रिपोर्ट में हादसे का जिम्मेदार आरसीबी को बताया गया है। इसमें कोहली का भी जिक्र है। कर्नाटक सरकार ने कहा है कि आरसीबी ने चिन्नास्वामी में आयोजित विक्ट्री परेड के लिए सरकार से कोई अनुमति नहीं ली थी। भीड़ ज्यादा होने से भगदड़ मची। जिसमें 11 लोगों की जान गई और 50 घायल हुए। हालांकि सरकार ने यह भी कहा कि आयोजन को अचानक रद्द करने से हिंसा भड़क सकती थी और शहर में कानून-व्यवस्था बिगड़ जाती। सरकार ने 15 जुलाई को हाईकोर्ट को रिपोर्ट सौंपी थी।

- **कोहली का वीडियो डालकर लोगों को बुलाया, फ्री पास से भीड़ हुई बेकाबू**

### लापरवाही बरतने के आरोप में होम्योपैथी निदेशक निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थानांतरण सत्र शून्य होने के बावजूद डाक्टरों के ट्रांसफर पोस्टिंग समेत अन्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरते जाने के आरोप में निदेशक होम्योपैथी प्रो. अरविंद कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान उन्हें राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गाजीपुर से सम्बद्ध कर दिया गया है। आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रो. वर्मा के खिलाफ प्रेषित प्राथमिक जांच आख्या एवं स्थानांतरण सहित पदीय दायित्वों के निर्वहन में संदिग्ध भूमिका, कर्तव्यनिष्ठा का अभाव एवं भ्रामक तथ्यों को प्रस्तुत कर दिग्भ्रमित करने की प्रवृत्ति तथा शिथिल एवं सवेदनहीन कार्यशैली पाई गई है। जिसके आरोप में प्रो. वर्मा को तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय/अनुशासनिक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कुमारस्वामी को दी राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को अदालती अवमानना कार्यवाही में आरोपी बनाने से संबंधित कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक आदेश पर गुरुवार को रोक लगाकर उन्हें राहत दी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने निर्देश दिया कि श्री कुमारस्वामी को अवमानना मामले में आरोपी बनाने संबंधी कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को स्थगित रखा जाए। पीठ ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पुत्र एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री तथा जनता दल सेक्युलर नेता की ओर से दायर एक याचिका पर गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'समाज परिवर्तन समुदाय' को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा।

### ईडी ने शुरू की छांगुर बाबा के ठिकानों पर छापेमारी

**लखनऊ।** उप्र में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की कार्रवाई गुरुवार सुबह शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार छापेमारी की कार्रवाई गुरुवार सुबह शुरू हुई। ईडी ने बलरामपुर में 12 और मुंबई में दो ठिकानों पर छापे मारे। ईडी ने 100 करोड़ रुपये के अवैध फंडिंग के मामले में यह कार्रवाई की है। छांगुर बाबा पर धर्मांतरण, विदेशी धन के दुरुपयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंचाना और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाली गतिविधियों के गंभीर आरोप हैं, जिसकी जांच के बाद ईडी ने छापेमारी शुरू की है।

### शुभांशु शुक्ला का स्वास्थ्य बेहतर

**चेन्नई।** इसरो ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से 18 दिनों के प्रवास के बाद वापस लौटे अंतरिक्ष यात्री, शुभांशु शुक्ला का स्वास्थ्य स्थिर और बेहतर है।

# भारत के साथ टैक्स फ्री व्यापार के मूड में ट्रम्प

### हमारे सामानों पर भारत टैक्स नहीं लगाएगा, लेटर भेजूंगा और इंडोनेशिया जैसा समझौता हो जाएगा

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रेड डील को लेकर बड़ा दावा किया है। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी उत्पादों को जल्द भारत के बाजारों में पहुंच मिलने वाली है। उन्होंने दावा किया है कि इंडोनेशिया फॉर्मूले वाली डील भारत के साथ भी होगी। अमेरिकी उत्पादों पर भारत में भी जीरो टैरिफ लगेगा।

ट्रम्प ने इंडोनेशिया पर 19 फीसदी टैरिफ लगाया था। एक अगस्त से इंडोनेशिया से अमेरिका जाने वाले सामानों पर 19 फीसदी टैरिफ चुकाना होगा। वहीं, अमेरिकी सामानों पर इंडोनेशिया में कोई टैरिफ नहीं देना होगा। ट्रम्प ने कहा कि हमने कई बेहतरीन देशों के साथ समझौते किए हैं। हमारा एक और समझौता होने वाला है, शायद भारत के -**शेष पृष्ठ दो पर**



**इंडोनेशिया में अमेरिकी प्रोडक्ट पर जीरो प्रतिशत टैरिफ**

### पिछले छह महीने में अमेरिका से 1563 भारतीय नागरिक निर्वासित

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने विदेशी नागरिकों के प्रवास से संबंधित नियमों में बदलाव के बाद पिछले छह महीने में 1563 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है और इनमें से अधिकतर वाणिज्यक उड़ानों से भारत आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा कि अमेरिका ने 20 जनवरी से 15 जुलाई के बीच 1563 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है। उन्होंने कहा कि इनमें से अधिकतर वाणिज्यक उड़ानों से स्वदेश आए हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग अलग-अलग बैच में स्वदेश आए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग पिछले सप्ताह भी अमेरिका से लौटे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इनकी नागरिकता संबंधी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### तरनजीत संधू अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के बोर्ड के सलाहकार होंगे

**नई दिल्ली।** वाशिंगटन में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू गैर सरकारी संगठन, अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के बोर्ड के सलाहकार होंगे और मंच के भू-राजनीतिक संस्थान के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। राजनयिक के रूप में करीब चार दशक का अनुभव रखने वाले श्री संधू नई भूमिका में भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप-आर्थिक गलियारा, हिंद-प्रशांत चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता (क्वाड) और 'भारत, इज़राइल, अमेरिका और यूएई' (आई2यू2) जैसी पहलों पर मंच की रणनीतिक गतिविधियों का मार्गदर्शन करने के लिए अपनी कूटनीतिक कुशलता का इस्तेमाल करेंगे।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामलाः संकट में घिरे रॉबर्ट वाड्रा, चार्जशीट दाखिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसाई रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में आरोप पत्र दायर कर दिया है। इसमें कई अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, ईडी ने शिकोहपुर भूमि सौदा मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक पूरक अभियोजन शिकायत दायर की है। मामला सितम्बर 2018 का है, जब सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में भ्रष्टाचार, जालसाजी और धोखाधड़ी सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। वाड्रा पर आरोप हैं कि उनसे जुड़ी कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में 3.5 एकड़



- **मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में ईडी की चार्जशीट में कई और नाम भी किए गए हैं शामिल**

जमीन खरीदी थी। इस सौदे का म्यूटेशन भी असामान्य तरीके से कर दिया गया। आरोप है कि हरियाणा के तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार ने इस जमीन में से 2.70 एकड़ जमीन को कमर्शियल कॉलोनी के तौर पर डेवलप करने की इजाजत देते हुए रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी को इसका लाइसेंस दिया था। आवासीय परियोजना का लाइसेंस मिलने के बाद जमीन की कीमत बढ़ गई। बाद में वाड्रा से जुड़ी कंपनी ने ये जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ में बेच दी। आगे चलकर हुड्डा सरकार ने आवासीय परियोजना का लाइसेंस डीएलएफ को ट्रांसफर कर दिया। आरोप है कि इस पूरी डील में कई अनियमितताएं की गई। हरियाणा पुलिस ने 2018 में इस सौदे से जुड़े मामले में केस दर्ज किया। आगे चलकर ईडी ने भी इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की। रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े इस मामले में हुई कथित गड़बड़ी का खुलासा आईएएस अशोक खेमका ने किया था। इसके बाद वे सुर्खियों में आ गए थे। बीते एक दशक से रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ लगे आरापों का इस्तेमाल विपक्षी पार्टियों ने अलग-अलग चुनावों में कांग्रेस पर आरोप साधने के लिए किया है। दिसम्बर 2023 में ईडी ने इस मामले में यूएई स्थित व्यवसाई सीसी थंपी और ब्रिटेन के हथियार डीलर संजय भंडारी के रिश्तेदार सुमित चड्ढा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

## अमरनाथ रूट पर लैंडस्लाइड से महिला की मौत, यात्रा रुकी

**नई दिल्ली।** यूपी में भारी बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं।

नदियों के आसपास की 5 लाख आबादी पानी से घिर गई है। श्मशान घाट में पानी भर गया है। सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है। उधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश की वजह से बुधवार को अमरनाथ यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड हुई। गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, तीन घायल हो गए। इससे यात्रा दिनभर के लिए रोक दी गई। हिमाचल में 20 जून से अब तक 109 लोगों की मौत हो चुकी है।

## जजों पर मुकदमे को लेकर सुप्रीम कोर्ट का सवाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के वर्तमान न्यायाधीशों के खिलाफ उनके न्यायिक निर्णयों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर सवाल किया कि ऐसा किस कानून के तहत किया जा सकता है।

इसके साथ ही, न्यायालय ने इस पर सलाह देने के लिए न्यायमित्र नियुक्त किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने याचिका की सुनवाई की योग्यता पर सवाल उठाया वयाचिकाकर्ता के वकील से पूछा कि किस कानून के तहत न्यायाधीशों पर निर्णय देने के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है। सिर्फ इसलिए कि अवैध या विकृत याचिकाएं दायर की जा रही हैं। आप न्यायाधीशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग नहीं कर सकते। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल ने एक परीक्षा में टॉप किया था, लेकिन विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों ने उन्हें राहत देने से इन्कार कर दिया। इसके बाद उन्होंने उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई का अनुरोध किया।

- **याचिकाकर्ता से कोर्ट ने पूछाः ऐसा किस कानून के तहत संभव**

## अमेरिकी अखबारों को कैप्टन सुमित के निर्णय पर संदेह

अहमदाबाद, वार्ता

**अहमदाबाद ड्रीमलाइनर क्रैश मामला**

**अहमदाबाद में** 12 जून को क्रैश हुए एयर इंडिया के विमान के दोनों पायलटों के बीच आखिरी बातचीत को लेकर नया दावा सामने आया है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि विमान के कैप्टन सुमीत सभरवाल ने इंजनों में फ्यूल की सप्लाई रोकी थी।

डब्ल्यूएसजे ने बताया कि यह खुलासा दोनों पायलटों के बीच बातचीत की कॉकपिट रिकार्डिंग से हुआ है। वॉयस रिकॉर्डिंग से पता चला कि बोइंग विमान



उड़ा रहे को-पायलट क्लाइव कुंदर ने कैप्टन सुमीत सभरवाल से पूछा कि आपने फ्यूल स्विच को कटऑफ पोजिशन में क्यों कर दिया। सवाल करते समय को-पायलट हैरान थे। उनकी आवाज में घबराहट थी, जबकि कैप्टन सुमीत शांत दिखे। कैप्टन सुमीत सभरवाल के पास 15,638 घंटे और को-पायलट क्लाइव कुंदर के पास 3,403 घंटे उड़ान अनुभव था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने यह बात जांच से जुड़े अमेरिकी सूत्रों के हवाले से दी है। हालांकि, इस पर भारतीय एजेंसियों ने कोई जवाब नहीं दिया है। वहीं, वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट आने के बाद एविएशन एक्सपर्ट संजय लजार ने जांच रिपोर्ट लीक होने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह हैरान करने वाली बात है कि अमेरिका का मीडिया भारत की संसद और नागरिक उड्डयन मंत्रालय से ज्यादा जानकारी रखता है। ये रिपोर्ट भारत में पूरी पारदर्शिता पर सवाल उठाती है। प्रधानमंत्री को मामले की जांच किसी हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवानी चाहिए।

- **कैप्टन ने बंद की फ्यूल सप्लाई, वॉल स्ट्रीट जर्नल के दावे पर भारतीय एक्सपर्ट ने किया सवालः क्या उनके पास हमसे ज्यादा जानकारी**

## यमन में भारतीय नर्स निमिषा को माफी नहीं

सना, वार्ता

**यमन के** नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में फंसी भारत की नर्स निमिषा प्रिया को माफ करने से महदी परिवार ने इन्कार कर दिया है।

महदी के भाई अब्देल फत्तह महदी ने सोशल मीडिया पर साफ कहा कि मैं अपने भाई की हत्या के मामले में कोई माफी या समझौता नहीं चाहता। महदी ने कहा कि न्याय की जीत होगी, भले ही सजा में देरी हो, लेकिन बदला लेकर रहेंगे। चाहे कोई भी कितना दबाव डाले या मिन्नतें करे, हम क्षमा नहीं करेंगे और ब्लड मनी (खून के बदले दी जाने वाली रकम) नहीं लेंगे। निमिषा को मौत की सजा 16 जुलाई को होनी थी, लेकिन इसे



- **मृतक का भाई बोला- मुआवजा नहीं चाहिए**
- **सजा में भले ही देरी हो, बदला लेकर रहेंगे**

फिलहाल टाल दिया गया है। महदी ने कहा कि हम शरियत कानून के तहत 'किसास' यानी बदले की मांग करते हैं। निमिषा को मौत की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने -**शेष पृष्ठ दो पर**

### निमिषा की मदद को सरकार कर रही प्रयास

**नई दिल्ली।** यमन में फांसी की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया केस पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार निमिषा प्रिया की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि हमने कानूनी मदद उपलब्ध कराई है और उनके परिवार की सहायता के लिए एक वकील भी नियुक्त किया है। हम स्थानीय अधिकारियों और उनके परिवार के संपर्क में हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को मिल सकता है सेवा विस्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार मिल सकता है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के सेवा विस्तार का अनुरोध किया है। सिंह का 31 जुलाई, 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इनको दुर्गा शंकर मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद 30 जून, 2024 को राज्य के शीर्ष पद पर नियुक्त किया गया था। दरअसल मनोज कुमार सिंह से पहले यूपी के मुख्य सचिव रहे पूर्व आईएएस दुर्गाशंकर मिश्रा को दो बार एक-एक साल के लिए और तीसरी बार छह महीने के लिए सेवा विस्तार मिला था।

### बिहार में 125 यूनिट बिजली मिलेगी मुफ्त

**पटना।** बिहार सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का एलान किया है। बिहार विधान सभा चुनाव से पूर्व नीतीश सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का एलान किया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, सरकार शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रही है। अब तय किया गया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के कुल एक करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। यह भी तय किया गया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा।

# पिछले आठ साल में 238 अपराधी हुए ढेर

## मेरठ जोन में सबसे ज्यादा कार्रवाई, 7.69 अपराधी दबोचे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण ने गुरुवार को कहा कि 2017 के बाद से अपराधियों के साथ 14 हजार से अधिक मुठभेड़ों में पुलिस ने 238 दुर्दांत बदमाशों को मार गिराया जबकि नौ हजार से अधिक के पैर में गोली मारी गई।

इस अवधि में 30 हजार से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर अमल करते हुए पुलिस ने अपराध पर कड़ी कार्रवाई जारी रखी है। पिछले आठ वर्षों में 14 हजार 973 ऑपरेशन चलाए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 30



हजार 694 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से पुलिस पर हमला करने वाले नौ हजार 467 अपराधियों के पैर में गोली लगी, जबकि 238 मुठभेड़ों में मारे गए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ ज़ोन में सबसे ज्यादा कार्रवाई हुई, जहां 7,969 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 2,911 घायल हुए। आगरा ज़ोन में 5,529 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 741 घायल हुए। बरेली ज़ोन में 4,383 अपराधी पकड़े गए और 921 घायल हुए। वाराणसी ज़ोन में पुलिस ने 2,029 अपराधियों को गिरफ्तार किया और 620 घायल हुए। गौतम बुद्ध नगर कमिश्नरेट में सबसे ज़्डादा गिरफ्तारियां हुई, जहां 1,983 अपराधी पकड़े गए और 1,180 घायल हुए। गाजियाबाद कमिश्नरेट में 1,133 गिरफ्तार किए गए और 686 घायल हुए, जबकि आगरा कमिश्नरेट में 1,060 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 271 घायल हुए। डीजीपी कृष्णा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के कार्यभार संभालने के बाद से उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता उत्तर प्रदेश से कानून का राज स्थापित करना और अपराधियों का सफाया करना है।

# स्वच्छता हमारी जीवनशैली का हिस्सा: राष्ट्रपति

## दिल्ली में पुरस्कार समारोह को सम्बोधित करते हुए बोलीं द्रौपदी मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग है और सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है।

मुर्मू ने गुरुवार को यहां स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में अपने संबोधन में कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आवा. सन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए दुनिया का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण आयोजित किया, जिसमें विभिन्न हितधारकों, राज्य सरकारों, शहरी निकायों और लगभग 14 करोड़ नागरिकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है। अपने घरों,



पूजा स्थलों और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे, स्वच्छता ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है।

वे स्वच्छता को धर्म, अध्यात्म और नागरिक जीवन की आधारशिला मानते थे। उन्होंने कहा कि वह अधिसूचित क्षेत्र परिषद की उपाध्यक्ष के रूप में प्रतिदिन वार्डों का दौरा करती थीं और स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण करती थीं।

### इंदौर लगातार 8वीं बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर

**सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे नंबर पर, लखनऊ की लंबी छलांग, 44वें से तीसरे स्थान पर पहुंचा**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर को लगातार आठवीं बार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला। ऐसे ही सूरत को दूसरा स्थान मिला। इससे पहले मध्य प्रदेश का इंदौर लगातार सात बार देश के सबसे स्वच्छ शहर बनने का खिताब हासिल कर चुका है। वहीं कचरा प्रबंधन में बेहतर सुधार करके लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में देशभर में लखनऊ को तीसरा स्थान मिला है। गुरुवार को दिल्ली में इसकी घोषणा हुई।

## जयपुर में आयोजित सहकारी एवं रोजगार उत्सव समारोह में बोले शाह

# मोदी ने किया देश को सुरक्षित करने का काम

जयपुर, वार्ता

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में लोककल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाने के साथ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर देश को सुरक्षित करने का सबसे बड़ा काम करते हुए समृद्ध एवं विकसित भारत के सपने को जमीन पर उतरने का काम किया हैं।

शाह गुरुवार को जयपुर जिले के दादिया गांव में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर आयोजित सहकार एवं रोजगार उत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश कांग्रेस के शासन में आतंकवादी हमलों से त्रस्त था, लेकिन मोदी ने जब पूरी में आतंकवादी हमला हुआ तो सर्जिकल स्ट्राइक की



■ सबसे बड़ा काम करते हुए समृद्ध एवं विकसित भारत के सपने को जमीन पर उतारने का किया: गृहमंत्री

और जब पूलवामा हमला हुआ, तब एयर स्ट्राइक और पहलगाम आतंकवादी हमले होने पर ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के घर में जाकर आतंकवादियों के परखचे उड़ाकर पूरी दनिया को मजबूत संदेश भेजने का काम किया कि भारत के नागरिकों, सेना और सीमा के साथ छेड़खानी नहीं करते, तो यह नतीजे नहीं भुगतने पड़ते। उन्होंने कहा कि इस प्रकार मोदी ने देश को समृद्ध एवं विकसित भारत बनाने के सपने को जमीन पर उतरने एवं उसे सच्चा करने का काम किया हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश ग्यारहवें स्थान से चौथे स्थान पर आकर दूनियां का चौथा अर्थ तंत्र बन चुका है। मोदी ने पिछले ग्यारह साल में गेंहू सहित कई पफसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमसएपी) में वृद्धि करने का काम किया। इसके अलावा उन्होंने 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम भी किया, वहीं 60 करोड़ लोगों के घरों में शोचालय बनाने का काम किया गया। शाह ने कहा कि राजस्थान को ऊंटों की भूमि वाला प्रदेश के रूप भी जाना जाता है और सहकारिता का उपयोग ऊंट की नस्ल सुधारने एवं ऊंटनी के दूध का शोध भी शुरू किया गया जिससे आने वाले समय में ऊंट के संरक्षण पर कोई खतरा नहीं आएगा। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रदेश पेपर लीक से भी त्रस्त था, लेकिन एसआईटी गठन करके राज्य सरकार ने कठोर संद.ेश पेपर माफिया के खिलाफ दिया है। शर्मा के नेतृत्व में वैश्विक निवेश सम्मेलन का आयोजन कर 35 लाख करोड़ के एमओयू किए गए और तीन लाख करोड़ के एमओयू पर काम शुरु हो गया है।

### राजस्थान के हर घर में पहुंच रहा है पानी

शाह ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के वैट में भी कटौती की गई और 450 रुपए में एलपीजी का सिलेंडर भी दिया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा से यमुना का पानी लाने के लिए डीपीआर मंजूर की गई और जलजीवन मिशन के तहत घरों में पानी पहुंचाने का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भजनलाल शर्मा अच्छा काम कर रहे हैं और प्रदेश में सहकारिता मजबूत हो रही है। केन्द्र सरकार और राजस्थान सरकार राजस्थान सहाकारिता आंदोलन को और मजबूत करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में 31 करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े हुए हैं और मोदी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना कर चार साल में कई प्रयासों से सहकारिता को मजबूत करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि गत सौ साल में सहकारिता ने देश के विकास में बड़ा विकास दिया हैं और आने वाले साल भी सहकारिता के साल हैं जिसमें हर गावं एवं हर किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार ने एक मंत्रालय स्थापित किया हैं।

# यूपी में खाद का भारी संकट कालाबाजारी चरम पर: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खाद का संकट है, जबकि निजी विक्रेता कालाबा. जारी कर रहे हैं। यादव ने गुरुवार को कहा कि किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है। खरीफ की फसल विशेष कर धान की रोपाई का सीजन चल रहा है। किसान को फसलों के लिए डीएपी, यूरिया की जरूरत है, लेकिन सहकारी समितियों में खाद नहीं है। निजी विक्रेता कालाबाजारी, मुनाफाखोरी और ओवर रेटिंग कर रहे हैं। विभाग और सरकार की लापरवाही और लचर रवैये से किसान मारा-मारा फिर रहा है। उन्होंने कहा कि गोंडा, बस्ती, हाथरस, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, समेत तमाम जिलों में खाद का संकट है। भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई है, तब से हर साल किसानों को



खाद संकट का सामना करना पड़ रहा है। पुरुष किसानों के साथ-साथ महिलाओं को भी खाद के लिए सुबह से ही सहक. ारी समितियों पर लाइन लगानी पड़ रही है। कई घंटे लाइन में लगने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिलती है। किसानों का दर्द तब और बढ़ जाता है, जब खाद के बजाय उन्हें पुलिस की लाठियां और प्रताड़ना मिलती है। यादव ने कहा कि लखीमपुर खीरी के श्रीनगर की बहुउद्देशीय सहकारी समिति संकर भदूरा में 16 जुलाई को किसान खाद लेने के लिए पहुंचे। उनमें बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाएं थी। किसानों को खाद नहीं मिली। पुलिस ने लाठीचार्ज किया।



**सेंसेक्स** 82259.24
**निफ्टी** 25111.45



**सोना रु.** 97370
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 110937
प्रति किलो




# ट्रम्प के बयान से भारतीय शेयर बाजारों पर दबाव

मुंबई, वार्ता

भारतीय शेयर बाजारों में दो दिन की तेजी के बाद गुरुवार को गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 375.24 अंक यानी 0.45 प्रतिशत लुढ़ककर 82,259.24 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 100.60 अंक टूटकर 25,111.45 अंक पर रहा जो 0.40 प्रतिशत की गिरावट है। सुबह के कारोबार में बाजार हरे निशान में खुले थे, लेकिन कुछ ही देर बाद गिरावट में चले गए। दोपहर बाद बाजार की गिरावट बघ्ती गई। निफ्टी-50 ने 18.70 अंक की बढ़त में 25,230.75 अंक पर शुरुआत की। यह 25,230.75 अंक तक चढ़ा, लेकिन फिर बाजार में बिकवाली हावी हो गई। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र की कंपनियों में निवेशकों ने बिकवाली की। आशिका समूह के आशिका स्टॉक ब्रोकिंग ने बताया कि आज के कारोबार में निवेशकों की धारणा में तेजी से बदलाव देखा गया। बाजार में



ओवरऑल गिरावट के बीच रियलिटी, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और फार्मा सेक्टरों में तेजी रही। आईटी, बैंकिंग और वित्तीय सेवा सेक्टरों पर दबाव रहा। अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल की जमकर आलोचना की है। इससे पावेल के भविष्य और फेडरल रिजर्व की नीतियों को लेकर बाजार में अनिश्चितता पैदा हो गई है। इसके अलावा ट्रम्प ने यह भी कहा है कि भारत को लेकर टैरिफ के बारे में जल्द फैसला संभव है। इससे भी निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं। आशिका स्टॉक ब्रोकिंग के अनुसार फेड प्रमुख को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच वैश्विक स्तर पर निवेशकों का विश्वास डगमगाया है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट किया है कि पावेल को पद से हटाने का उनका कोई इरादा नहीं है, लेकिन इससे निवेश धारणा में कुछ खास सुधार नहीं हुआ है और निवेशक सावधानी बरत रहे हैं। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियां लाल निशान में रहीं। टेक्नोलॉजी कंपनी के शेयर सबसे ज्यादा 2.76 प्रतिशत लुढ़क गए। इंफोसिस में 1.61 प्रतिशत और एचसीएल टेक में 1.20 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा स्टील के शेयर सबसे अधिक 1.62 प्रतिशत चढ़े। चौतरफा बिकवाली से एनएसई में ज्यादा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने सूचकांक भी दबाव में रहे। निफ्टी-100 में 0.37 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप-100 में 0.17 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 में 0.12 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्वास्थ्य, धातु, फार्मा और एफएमसीजी सेक्टरों में निवेशकों ने पैसा लगाया।

### सोना-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 130 गिरकर 97,370 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। जबकि चांदी की कीमत 263 कम होकर 1,10,937 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले चांदी 1,11,200 पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,150 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 रही। वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 रही। इनके अलावा भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,380 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,100 रही। ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# रुपया तीन महीने बाद 86 प्रति डॉलर से नीचे

मुंबई, वार्ता

कच्चे तेल और अमेरिकी मुद्रा में मजबूती के दबाव में रुपया गुरुवार को 14 पैसे टूट गया और कारोबार की समाप्ति पर अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में एक डॉलर का भाव 86.09 रुपए का रहा।

भारतीय मुद्रा इस साल अप्रैल के बाद पहली बार 86 रुपए प्रति डॉलर से नीचे उतरी है। वैश्विक कारकों में दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर का सूचकांक आज करीब 0.46 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा, घरेलू स्तर पर शेयर बाजारों की गिरावट से भी रुपए पर दबाव रहा। विदेशी निवेशकों की निकासी के कारण डॉलर की मांग बढ़ी है, जिससे भारती मुद्रा कमजोर हुई है। सुबह के कारोबार में रुपया दो पैसे की मजबूती के साथ 85.93 रुपए प्रति डॉलर पर खुला। एक समय यह 85.80 रुपए प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। बाद में डॉलर की मांग निकलने से रुपए पर दबाव आ गया और यह 86.13 रुपए प्रति डॉलर तक उतर गया। अंत में 14 पैसे की गिरावट के साथ 86.09 रुपए प्रति डॉलर बोला गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भी तेजी रही, जिससे तेल आयातकों की तरफ से डॉलर की मांग में तेजी रही। इसका असर भी रुपए पर देखा गया।

### बेंगलुरु में होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 से पहले मेगा रोड शो

**लखनऊ।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 से पूर्व 18 जुलाई को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू में मेगा रोड शो का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को कर्नाटक स्माल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सहयोग से यह रोड शो आयोजित किया जाएगा। इससे पहले नई दिल्ली और हैदराबाद में आयोजित रोड शोज ने निवेशकों, विदेशी प्रतिनिधियों और स्टार्टअप्स के बीच उत्तर प्रदेश के प्रति जबरदस्त उत्साह और विश्वास पैदा किया है। अब बेंगलुरू में होने जा रहा यह आयोजन दक्षिण भारत के टेक्नोलॉजी और इनोवेशन हब में उत्तर प्रदेश के कारोबारी विजन और नीतिगत स्पष्टता को पेश करने का एक बड़ा मंच बनेगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एमएसएमई, खादी व ग्रामोद्योग, हैंडलूम व टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान नेतृत्व करेंगे और 'टीम योगी' के प्रतिनिधि राज्य की कारोबारी क्षमताओं, अधोसंरचना, नीति सहयोग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस जैसे क्षेत्रों में हो रहे ऐतिहासिक परिवर्तनों की जानकारी साझा करेंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आकाश प्राइम...**बनाया गया है। यह सिस्टम किसी भी मौसम और भूभाग में बेहतर एक्यूरेसी प्रदान करता है। भारतीय सेना में आकाश वायु रक्षा प्रणालियों की तीसरी और चौथी रेजिमेंट में अब आकाश प्राइम को शामिल किया जाएगा। इससे देश का वायु रक्षा कवच और भी मजबूत होगा। यह सिस्टम 4500 मीटर से अधिक ऊंचाई पर काम करने के लिए बनाया गया है। आकाश प्राइम प्रणाली से एयर डिफेंस की तीसरी व चौथी रेजिमेंट का गठन होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान द्वारा ड्रोन के हमले करने के बाद से सेना की हवाई सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। बता दें कि सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के चीनी विमानों के साथ तुर्किए के ड्रोन हमले नाकाम किए थे। पर्वतीय क्षेत्रों व अत्यधिक ठंड में कारगर आक.ाश प्राइम एयर डिफेंस के लिए इस्तेमाल की जा रही मौजूदा आकाश प्रणाली का संशोधित रूप है। यह प्रणाली स्वदेशी सक्रिय रेडियो फ्रीक्वेंसी से लैस है। इसमें किए गए अन्य सुधार सुनिश्चित करते हैं कि इसका सटीकता से उच्चतम पर्वतीय इलाकों की अत्यधिक ठंड में इस्तेमाल हो सके। आकाश प्राइम की सटीक प्रति यूनिट कीमत सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं की गई है, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार, पूरी आकाश मिसाइल प्रणाली के विकास में लगभग 1,000 करोड़ रुपये (17 करोड़ डॉलर) की लागत आई है। यह अन्य देशों में विकसित ऐसी ही प्रणालियों के मुकाबले 8-10 गुना कम है।

**भारत के साथ...** साथ। मुझे नहीं पता, हम बातचीत कर रहे हैं। जब मैं लेटर भेजूंगा, तो वो समझौता हो जाएगा। ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका ने इंडोनेशिया के साथ एक व्यापार समझौता किया है, जिसमें 32 प्रतिशत टैरिफ घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। भारत और कुछ अन्य देशों के साथ भी ऐसा ही समझौता हो सकता है। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने तय किया है कि एक अगस्त से अधिकतर आयातों पर शुल्क बढ़ा दिए जाएंगे। जो देश अमेरिका के साथ जल्दी समझौता नहीं करेंगे, उनके सामानों पर अमेरिका ज्यादा टैक्स लगाएगा। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया था। तब उन्होंने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाया था। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया। रिपोर्ट अमेरिका के साथ हो रही ट्रेड डील में कुछ परेशानियां हैं, जिन्हें सुलझाने के लिए भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम अमेरिका पहुंची है। यह बातचीत सोमवार से शुरू हुई थी और गुरुवार तक चलने की उम्मीद है।

**यमन में...**यह भी कहा कि सिर्फ हत्या ही नहीं, बल्कि सालों तक चले इस केस की लंबी कानूनी लड़ाई ने भी हमारे परिवार को काफी नुकसान पहुंचाया है। इसलिए वे मुआवजे की कोई रकम नहीं लेना चाहते। महदी ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि कुछ भारतीय मीडिया संस्थान जानबूझकर ऐसे झूठे दावे फैला रहे हैं कि तलाल ने निमिषा का पासपोर्ट जब्त कर लिया था या उसका शोषण किया गया था, लेकिन यह पूरी तरह से गलत है। महदी ने दावा किया कि न तो खुद निमिषा प्रिया ने और न ही उसकी कानूनी टीम ने कभी अदालत में ऐसा कोई आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि निमिषा की पूरी कानूनी प्रक्रिया में भारतीय दूतावास की तरफ से नियुक्त वकील मौजूद थे और सभी कार्यवाही पारदर्शी रही। महदी ने भारतीय मीडिया पर यह आरोप लगाया कि वह दोषी को पीड़ित के रूप में प्रस्तुत कर रही है। उन्होंने लिखा कि इसका मकसद जनता को गुमराह करना और अपराधी के लिए झूठी सहानुभूति पैदा करना है।

# कांग्रेस की मनरेगा मजदूरी बढ़ाने के लिए 15 दिन में भुगतान करने की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि ग्रामीण इलाकों में लोगों को रोजगार मुहैया कराने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) की हाजिरी लगाने की प्रक्रिया को सरल किया जाना चाहिए। उन्होंने मजदूरी बढ़ाने और मजदूरों का भुगतान 15 दिन में करने की भी मांग की।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि मोदी सरकार मनरेगा मजदूरों के काम के तरीके और उनकी मजदूरी के भुगतान आदि को लेकर नए नए फरमान जारी कर मामले को उलझा रही है। काम की निगरानी के लिए तकनीकी इस्तेमाल आदि के कारण मजदूरों को दिक्कत हो रही है और समय पर उनकी मजदूरी का भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। इसमें फर्जी तरीके से आंकड़े अपलोड करने जैसे मामले भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मई 2022 में सरकार ने मनरेगा हाजिरी और काम की निगरानी के लिए नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम ऐप बनाया था और इस महीने 8 तारीख को एनएमएमएस से जुड़ी तमाम समस्याओं को औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। शुरुआत से ही यह स्पष्ट था कि मनरेगा कार्यस्थलों से फोटो अपलोड करने की व्यवस्था उन सचमुच में काम करने वाले मजदूरों को बाहर कर देगी, जिनके फोटो नेटवर्क या कनेक्टिविटी की समस्या के कारण अपलोड नहीं हो पाते।

### बिहार को लेकर चुनाव आयोग पर बरसे राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर बिहार में भारतीय जनता पार्टी की कठपुतली बनने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह चुनाव आयोग कम और भाजपा का 'चोरी आयोग' ज्यादा नजर आता है। गांधी ने सोशल मीडिया एक पर एक पोस्ट में गुरुवार को कहा षबिहार में चुनाव आयोग मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर रंगे हाथ वोट चोरी करता पकड़ा गया। काम सिर्फ़ चोरी, नाम 'एसआईआर' पर्दाफाश करने वाले पर प्राथमिकी होगी। उन्होंने चुनाव आयोग को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आयोग अब भी 'चुनाव आयोग' है या पूरी तरह भाजपा की 'चुनाव चोरी' शाखा बन चुका है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मंडावर में वर्षा ने लगाई फांसी

## पुलिस को नहीं दी गई तहरीर



शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडावर।** रहस्यमय परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। गंभीर बात यह है कि इस मामले में किसी ने भी पुलिस को तहरीर नहीं दी। लाश का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम नंगला माहेश्वरी में देर रात वर्षा (30 वर्ष) पत्नी जसवंत सिंह ने किसी समय रात्रि में रहस्यमय परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। सुबह जब उसकी बेटी ने कमरे का दरवाजा खोला, तो फांसी के फंदे पर लटकी मां की लाश देख कर उसके होश उड़ गए। बेटी की चीख निकल गई। उसके द्वारा रोते हुए शोर मचाने पर वहां पर भीड़ इकट्ठा हो गई। मृतका अपने बच्चों के साथ परिवार में अकेली रहती थी। महिला का पति जसवंत नेपाल में रहकर नौकरी करता है। उसकी मौत की सूचना ग्रामीणों ने उसके पति को दी। जब इसकी सूचना मंडावर पुलिस को मिली, तो थाना प्रभारी राजकुमार सरोज अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। मृतक के एक लड़का व दो लड़कियां है। वह अपने पीछे पति व तीनों बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गई है। मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्राम में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

इस संबंध में थाना प्रभारी राजकुमार सरोज ने बताया कि मृतका के परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। आज दोपहर परिजनों ने महिला का अंतिम संस्कार बालावाली गंगा घाट पर कर दिया।

# चांदपुर में चेतन ने किशोरी की इज्जत लूटी, गिरफ्तार

## पुलिस ने अपहृता को किया बरामद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जनपद में किशोरियों की इज्जत लूटने के मामले बढ़ते जा रहे है। शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता होगा, जिस दिन इस तरह की वारदात न होती हो।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादिनी ने 15 जुलाई को चांदपुर थाने में तहरीर दी थी कि अभियुक्त चेतन पुत्र शीशराम उर्फ शीशू निवासी ग्राम शाहपुर भसौली उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 401/25 धारा 137 (2) बीएनएस में पंजीकृत किया था। पुलिस ने अभियोग से संबंधित अपहृता को बरामद कर लिया। इस अभियोग में बलात्कार की धारा 64 बीएनएस व 3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। पुलिस ने अभियुक्त चेतन को गिरफ्तार कर लिया है।

गौरतलब है कि जनपद में इस तरह के मामले काफी ज्यादा बढ़ गए है। किशोरियों से बलात्कार व छेड़छाड़ को लेकर कठोर कानून बनाए जाने के बावजूद इस तरह की संगीन वारदातें लगातार हो रही है। जनपद में किशोरियों व युवतियों के अपहरण एवं उन्हें बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले भी काफी ज्यादा हो रहे है। अभिभावक अपने बच्चों पर नजर नहीं रखते है और उन्हें मोबाइल थमा देते है। मोबाइल की वजह से समाज में बुराईयां पैदा हो रही है।

## एक नजर

### सम्भल का जुनैद गिरफ्तार

**बिजनौर।** वादी ने थाना नूरपुर में आज तहरीर दी थी कि अभियुक्त जुनैद पुत्र जुबैर निवासी दबोई खुर्द, थाना असमोली, जनपद संभल उनकी पुत्री को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने धारा 87 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने जुनैद को गिरफ्तार कर लिया था।

### स्योहारा का साहिल गिरफ्तार

**बिजनौर।** 15 जुलाई को धामपुर पुलिस को शाम लगभग चार बजे सूचना मिली थी कि स्योहारा रोड पर स्विफ्ट कार में सवार कुछ व्यक्ति पुलिस के नाम पर टैम्पू चालक से अवैध वसूली कर रहे है। सूचना मिलने पर मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार तत्काल मौके पर पहुंचे, तो स्विफ्ट कार में सवार आरोपी कस्बा स्योहारा की तरफ भागे। इसकी सूचना स्योहारा मार्ग पर स्थित गौरा बादल चौकी पुलिस को दी गई। वहां पर तैनात आरक्षी रविभान एवं होमगार्ड देवेन्द्र सिंह ने बैरियर लगा कर कार को रोकने का प्रयास किया। लेकिन कार चालक बैरियर में टक्कर मारते हुए भाग गया। बैरियर का एक पहिया निकल कर देवेन्द्र होमगार्ड के पैर में लगा। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने होमगार्ड को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। इस संबंध में थाना धामपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 269/ 2025 धारा 3 (5), 109 (1), 121 (2), 352 व 132 बीएनएस में पंजीकृत किया था। पुलिस ने विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त साहिल पुत्र अकील अहमद निवासी मौहल्ला मिल्कियान, हाजी वाली मस्जिद के समीप, स्योहारा को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी कार संख्या यूपी 14 बीएक्स 4099 को भी बरामद कर लिया गया है।

### अरमान को दस वर्ष की कैद

**नजीबाबाद।** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में अभियुक्त अरमान पुत्र नसीम निवासी ग्राम जसवन्तपुर लुकादडी को दस वर्ष की सजा सुनाई गई। इस मामले में 60 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया गया है। 24 नवम्बर, 2022 को वादी ने थाने पर तहरीर दी थी कि अभियुक्त अरमान पुत्र नसीम निवासी ग्राम जसवन्तपुर लुकादडी उनकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। इस संबंध में थाना नजीबाबाद पर मुकदमा अपराध संख्या 600/22 धारा 363 आईपीसी में पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था।

### आज बिजनौर में धरना

**बिजनौर।** कल (आज) सुबह दस बजे से 11 बजे तक सैनिक कल्याण अधिकारी के कार्यालय पर पांचवें दिन ईसीएसएच भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन की जांच के लिए ईसीएसएच संघर्ष समिति के पदाधिकारी धरना देंगे। सभी पूर्व सैनिकों से सैनिक कल्याण कार्यालय पर पहुंच कर भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन की जांच के लिए चल रहे धरने में अपना सहयोग करने का आह्वान किया गया है।

### हार्ट अटैक से छात्र की मौत



**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम उधोवाला निवासी 17 वर्षीय अदनान पुत्र मोहम्मद इरफान ग्राम कासमपुर गढ़ी स्थित अलीगढ़ कान्वेंट स्कूल का छात्र था। उसकी अचानक आज तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे निजी चिकित्सक के पास ले गये, जहां उपचार के दौरान हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गयी। जिससे परिजनों मे कोहराम मच गया।

### इंतजार मूसा के कैंप कार्यालय का उद्घाटन

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा ने उत्तराखंड के युवा प्रदेश अध्यक्ष हाजी जीशान के कोटद्वार स्थित कैम्प कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतेजार मूसा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कई हजार प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने की तैयारी कर रही है। यूपी में नए विद्यालय खोलने के बजाये पुराने स्कूलों को बंद करना भारी चिंता का विषय है। इससे प्रदेश के बच्चे पढ़ लिखने के बजाए अनपढ़ रह जायेंगे, जिससे शिक्षा का स्तर बढ़ने के बजाए गिरेगा। उन्होंने कहा कि आज किसान अपनी खराब आर्थिक स्थित से जूझ रहा है। किसान को उसकी फसलों का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है। किसानों की वार्षिक आय वृद्धि के लिए सरकार को बड़े कदम उठाने चाहिए। सरकार को गन्ने का रेट चार सौ पचास रुपये प्रति कुंटल करना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतेजार मूसा ने आकाश कुमार को कोटद्वार का तहसील अध्यक्ष व डॉ. इरशाद को युवा जिला महासचिव नियुक्त किया। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता मनव्वर अली, विमल कुमार, राजेंद्र सिंह, आदिल सैफी, अनस, मास्टर इफ्तेखार, शानू आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सांसद इकरा हसन के साथ दुर्व्यवहार निंदनीय

**नजीबाबाद।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य मुनव्वर अली ने एडीएम सहारनपुर द्वारा लोकप्रिय सपा सांसद इकरा हसन के साथ किए गए दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इस घटना से प्रदेश में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देने वालों का चेहरा बेनकाब हो गया है। श्री अली ने सांसद के साथ दुर्व्यवहार को लोकतंत्र का अपमान बताते हुए कहा जनता के चुने हुए प्रतिनिधि के साथ एडीएम का इस तरह का व्यवहार दर्शात है कि एडीएम का जब सांसद के साथ यह व्यवहार है तो जनता के साथ क्या रहता होगा। यह व्यवहार जनता की आवाज को कुचलना जैसा ही श्री अली ने कहा प्रशासनिक समिति एवं संसदीय समिति को एडीएम के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई चाहिए।

# राज्य मंत्री मनोहर लाल उर्फ मन्नू कोरी पहुंचे नगीना



## भाजपाइयों ने किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** राज्य मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश मनोहर लाल उर्फ मन्नू कोरी ने भाजपा नेता धर्मपाल सिंह की माता की तेरहवीं में भाग लिया। वे गुरुवार की सुबह चंडीगढ़ एक्सप्रेस से नगीना पहुंचे, जहां भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह की माता की तेरहवीं में शामिल होने के लिए गुरुवार सुबह राज्य मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश मनोहर लाल उर्फ मन्नू कोरी नगीना पहुंचे। नगीना रेलवे स्टेशन पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। मंत्री मनोहर लाल उर्फ मन्नू कोरी लखनऊ से गुरुवार सुबह 6:20 बजे पर नगीना पहुंचने वाली चंडीगढ़ एक्सप्रेस से पहुंचे।

भाजपा नेता रोहित रवि, पूर्व सभासद संजय शर्मा, कुंवर हर्षवर्धन सिंह और अमन कुमार ने राज्यमंत्री का स्वागत किया। वे दोपहर को नगीना धामपुर रोड पर एक निजी बैंक्विट हाल स्वास्तिक गार्डन में आयोजित अरिष्टी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# वक्फ मंत्री दानिश आजाद का स्वागत

## युवा नेता आकिब युनूस के द्वारा कार्यक्रम आयोजित



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ और हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि प्रदेश में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला काजीपाड़ा में वरिष्ठ समाजसेवी व युवा भाजपा नेता आकिब युनूस एड. के आवास पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज मुस्लिम समाज भी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है और सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से अपील करते हुए कहा कि वह विपक्ष के बहकावे में न आएं और सरकार की नीतियों को नजदीक से समझें। उन्होंने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे अल्पसंख्यक कल्याण के कार्यक्रमों से बड़ी संख्या में मुस्लिम युवा शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं।

राज्यमंत्री ने वक्फ संशोधन विधेयक को ऐतिहासिक सुधार करार दिया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों को सुरक्षित करने के साथ-साथ मुस्लिम समुदायों के सामाजिक व आर्थिक विकास में भी सहायक होगा। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में उपयोग होने वाली वक्फ आमदनी का सही इस्तेमाल सुनिश्चित होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आकिब युनूस एड. ने की। उन्होंने कहा कि दानिश आजाद अंसारी जैसे युवाओं का राजनीति में सक्रिय होना मुस्लिम समाज के लिए एक प्रेरणा है। कार्यक्रम में भाजपा सैक्टर संयोजक रवि सैनी, भाजपा नगर मंत्री जगदीश सैनी, मंडावर के चेयरमैन पद के भाजपा के प्रत्याशी रहे अजमल उमर एड., रईस अहमद, इकरार अहमद, हसन त्यागी आदि मौजूद थे।

# नजीबाबाद में विद्युत शिविर का आयोजन

## उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान



शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** विद्युत शिविर में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार विद्युत वितरण खण्ड के अन्तर्गत आने वाले 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र आदर्श नगर पर मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्युत उपभोक्ताओं ने बड़ी संख्या में शिविर में पहुंच कर विद्युत सम्बन्धित समस्याओं का समाधान कराया। शिविर में बिल संशोधित से सम्बन्धित 122 समस्याएं, मीटर बदलने के 21 मामले, नया विद्युत संयोजन का एक मामला, भार वृद्धि के छह मामले, मोबाइल नम्बर अपडेट के पांच मामले एवं विद्युत बिल में नाम परिवर्तन के छह मामले सामने आए। अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। बिल में संशोधन कराने के उपरान्त विद्युत उपभोक्ताओं ने लगभग सात लाख रुपये जमा कराए। उपखण्ड अधिकारी शम्भूनाथ द्वारा बताया गया कि 18 व 19 जुलाई को भी प्रात: दस बजे से शाम पांच बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बिल रिविजन, खराब मीटरों को बदलने का कार्य, भार वृद्धि एवं नये विद्युत कनेक्शन से सम्बन्धित कार्य कराये जायेंगे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत किया पौधारोपण



शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** रमा जैन कन्या महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भावना अरोड़ा के निर्देशन में छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में आम, अमरूद, जामुन, नीम, अशोक, अर्जुन आदि के पेड़ लगाए गये।

महाविद्यालय निदेशक डॉ. केसी मठपाल ने छात्रों को वृक्षारोपण का महत्व बताया। यह भी बताया की पेड़ पर्यावरण संरक्षण में सहायक ही नहीं अपितु भावी पीढ़ी के लिए जीवनदाता भी हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मृदुल त्यागी ने छात्राओं को प्रत्येक वर्ष एक न एक पेड़ अवश्य लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भावना अरोड़ा ने बताया कि वृक्ष नि:स्वार्थ सेवा देने वाले हमारे सच्चे मित्र हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिकाओं डॉ. सविता वर्मा, डॉ. दिप्ति माहेश्वरी, डॉ. पूनम अग्रवाल, ज्योति पाल, गुलनार, तबस्सुम, डॉ. रमनदीप कौर आदि ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

महाविद्यालय की छात्राओं खुशी, अदीबा, फरहीन, शाहीन आदि छात्राओं ने वृक्षारोपण का कार्य किया।

# मातृशोक सभा बनी राष्ट्रीय स्तर का राजनीतिक संगम

## भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह की माता की शोक सभा पर जुटा देशभर का शीर्ष नेतृत्व





शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह की माता के निधन के बाद आयोजित शोक सभा एवं तेरहवीं कार्यक्रम ने गुरुवार को धामपुर को राष्ट्रीय राजनीतिक फोकस प्वाइंट में ला खड़ा किया।

स्वस्तिक गार्डन में आयोजित इस शोकसभा में जहां देशभर से भाजपा के सांसद, विधायक, मंत्री, पदाधिकारी शामिल हुए, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जैसे शीर्ष नेताओं के शोक संदेश पढ़कर सुनाए गए। यह आयोजन मात्र एक पारिवारिक कर्मकांड न होकर, भाजपा की संगठनात्मक एकजुटता, कार्यकर्ता के प्रति संवेदनशीलता और नेतृत्व की प्रतिबद्धता का सार्वजनिक प्रदर्शन बन गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राज्यपाल बी.एल. संतोष, ऊर्जा मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, एमएलसी हरि सिंह ढिल्लों, सांसद कंवर सिंह तंवर, प्रदेश उपाध्यक्ष बज बहादुर सिंह, प्रदेश मंत्री शंकर गिरी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, महामंत्री हरिओम शर्मा, विधायक अशोक राणा समेत उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। राजस्थान, झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा सहित कई अन्य राज्यों से आए भाजपा नेताओं ने भी मंच पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लिखित शोक संदेश पढ़कर सुनाया गया। गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी गहरी संवेदना प्रकट की। कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री जहां शोक संदेश के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े, वहीं कुछ ने स्वयं धामपुर पहुंचकर अंतिम श्रद्धांजलि दी।

### सादगी और श्रद्धा से भरा आयोजन हजारों की संख्या में उमड़े लोग

कार्यक्रम की शुरुआत माता जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि के साथ हुई। क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने माता जी का विस्तृत जीवन परिचय पढ़कर सुनाया। उन्होंने बताया कि धर्मपाल सिंह की माता एक अत्यंत सादा, धार्मिक, संस्कारी और सेवा भाव से परिपूर्ण महिला थीं। सभा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठन और धर्मगुरु उपस्थित रहे। लोगों ने कतारबद्ध होकर पुष्पांजलि अर्पित की और परिवारजनों को ढांढस बंधाया।

### प्रशासन रहा अलर्ट मोड पर

वीआईपी स्तरीय आयोजन को देखते हुए प्रशासन ने चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की। डीएम जसजीत कौर और एसपी अभिषेक झा स्वयं मौके पर मौजूद रहे और पल-पल की निगरानी करते रहे। स्वस्तिक गार्डन के पास स्थित हाईवे मार्ग को आम वाहनों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया था। पुलिस, पीएसी और खुफिया एजेंसियों की तैनाती की गई थी।

### संगठन मंत्री ने जताया आभार कहा-यह साथ कभी नहीं भूलूंगा

अंत में भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और नागरिकों के प्रति कृतज्ञता जताते हुए कहा यह केवल मेरा पारिवारिक शोक नहीं रहा, आप सभी के स्नेह और समर्थन ने इसे पूरे संगठन का साझा दु:ख बना दिया। इस कठिन समय में जिस प्रकार से आप सबने साथ दिया, वह जीवन भर स्मरणीय रहेगा। धामपुर की यह शोक सभा न केवल एक सामाजिक कर्तव्य थी, बल्कि भाजपा संगठन की उस गहराई और अनुशासन का उदाहरण बनी, जिसमें पार्टी नेतृत्व अपने हर स्तर के कार्यकर्ता के सुख-दुख में बराबरी से साथ खड़ा होता है। राजनीतिक दृष्टि से यह कार्यक्रम पार्टी की आंतरिक एकजुटता और धर्मपाल सिंह की संगठन में गहरी पकड़ का संकेत भी देता है।

# बिजनौर के युवक का शव भारत लाने के लिए विदेश मंत्री से गुहार

## सऊदी अरब में हार्ट अटैक से हुई है जाटान निवासी युवक की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** शहर के मौहल्ला जाटान निवासी जुनैद नाम के युवक की सऊदी अरब में हार्ट अटैक से मौत हो गयी। जुनैद पिछले तीन साल से अरब में रहकर रोजगार करता था। जिसकी मौत से परिवार में मातम पसर गया हैं। शव को भारत लाने के लिए परिजन पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी से मिले थे, जिन्होंने सांसद चंदन सिंह चौहान से विदेश मंत्रालय को पत्र भिजवाया हैं। उम्मीद जतायी जा रही हैं की दोनों देशों की एम्बेसी आपस में समन्वय स्थापित करके जुनैद के शव को उसके घर भेजनें की प्रकिया पूरी करेगी।

स्थानीय मौहल्ला जाटान निवासी जुनैद सऊदी अरब में रहकर सेलून का काम करता था। जो पिछले तीन सालों से अरब में ही था और उससे पहले भी रह चूका हैं। गत 14 जुलाई को जुनैद की हृदय गति रुकने से मौत हो गयी। इस मामले में परिजन पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी से मिले थे और शव को भारत लाने की इच्छा जताई थी, ताकि परिजन जुनैद को आखरी बार देखकर उसको सुपुर्द ए खाक कर सके। शमशाद अंसारी ने बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय चौहान को इस मामले में अवगत कराया, जिन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाई करते हुए जुनैद के शव को भारत लाने का आग्रह किया हैं। जिसके बाद उम्मीद जतायी जा रही हैं कि कुछ दिनों में शव सऊदी अरब से भारत आ जाएगा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# नूरपुर में लाखों की चोरी

## पुलिस व्यवस्था बुरी तरह फ्लॉप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था बुरी तरह फ्लाप हो गई है। लगातार वारदातें हो रही है। गौहावर हल्लू में दो भाइयों के घरों में लाखों रुपए की चोरी होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। चोरों व बदमाशों को पुलिस का कोई डर नहीं है। बड़ी से बड़ी वारदातों को अंजाम देकर आसानी से निकल जाते हैं। पुलिस को कानों-कान खबर भी नहीं होती है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम गौहावर हल्लू में बीती रात दो सगे भाइयों के घरों को निशाना बनाते हुए चोरों ने नगदी, सोने व चांदी के जेवरात सहित लाखों की चोरी कर ली और आराम से फरार हो गए। लाखों की चोरी होने से ग्राम में सनसनी फैल गई। सगे भाई असलम व अकरम पुत्रगण शफीक का नई बस्ती में आबादी से बाहर की तरफ घर है। बीती रात्रि चोर असलम के घर की छत के रास्ते अंदर घुस गए। घर में रखी अलमारी से एक लाख पच्चीस हजार रुपए नगद, तीन जोड़ी सोने के झाले, दो लौंग, एक नौज पिन तथा एक जोड़ी चांदी की पाजेब सहित दो मोबाइल चोरी कर ले गए।

पीड़ित असलम के घर से कुछ दूरी पर उसके भाई अकरम के घर को भी चोरों ने खंगाला। चोरों ने अंदर घुस कर पैंतीस हजार रुपए नकद तथा सोने के तीन जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी की सूचना पुलिस को दे दी गई है। चोरी से ग्राम में सनसनी फैल गई। घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद हो गए हैं। जिसके आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही हैं। प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने कहा कि चोरों की तलाश जारी है और चोर बहुत जल्दी पुलिस की पकड़ में होंगे।

## भाकपा ने एबीएसए को सौंपा मांग पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भाकपा कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर बीआरसी कार्यालय पुरैनी पर एबीएसए इंद्रजीत सिंह को मांग पत्र सौंपा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भाकपा कार्यकर्ताओं द्वारा सरकारी प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों व शिक्षण कार्य से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर बीआरसी कार्यालय पुरैनी पर एबीएसए इंद्रजीत सिंह को मांग पत्र सौंपा गया। गुरुवार को कामरेड हरपाल सिंह के नेतृत्व में पहुंचे बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सौंपे गये मांग पत्र में संविलियन योजना बंद करने, सभी स्कूलों में पांच कक्षाओं पर 5 शिक्षक व 1 लिपिक रखे जाने, स्कूलों में यूनिफार्म बेचने पर रोक लगाने पर आपत्ति दर्ज कराई। उनके द्वारा मांग की गई कि शिक्षकों से लिपिक का कार्य न लेकर शिक्षण कार्य ही कराया जाय, इसके अलावा उन्होंने शासन स्तर पर सत्र से पहले सभी सामान निशुल्क उपलब्ध कराने तथा शिक्षा मित्रों तथा अस्थाई शिक्षकों को स्थाई किये जाने की भी मांग की।

मांग पत्र देने वालों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा बढ़ापुर के कामरेड शराफत हुसैन, अखलाक खां, सलीम अहमद, सईद अंसारी, शहजाद, युनूस, नूर मौहम्मद आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# कृषि मंत्री ने किया कृषकों को सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र नगीना पर आगमन हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही उत्तर प्रदेश सरकार का कृषि विज्ञान केन्द्र कृषि नगीना में आगमन

## एक पेड़ मां के नाम किया रोपित

हुआ। इस मौके पर कृषि मंत्री द्वारा एक चन्दन का पौधा माँ के नाम रो. पित किया। उनके अलावा अन्य मंत्रीगण द्वारा भी कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत कृषकों से कृषि के महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की गई। साथ-साथ जनपद के प्रमुख कृषकों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. घनश्याम वर्मा, उप कृषि निदेशक, डा. जसवीर तेवतिया, जिला कृषि अधिकारी, डा. के.के. सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक, डा. प्रतिमा गुप्ता, डा. शिवांगी, डा. पिंटू कुमार, डॉ. भूपेंद्र कुमार तथा इंजी. शैलेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

# रामलीला के जर्जर भवन का जिन्न फिर बाहर निकला

## भवन को लेकर चर्चा शुरू, दे सकता है कोई बड़ी घटना को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** स्थानीय श्री रामलीला परिषद के जर्जर भवन का जिन्न इस साल फिर बाहर निकल आया है। रामलीला प्रधान पर्दे पर प्रोजेक्टर से औपचारिकता निभाकर पूरे साल चुप्पी साधे रहे हैं और अधिकांश पैसा जुलूस और बारात की झांकियों पर बर्बाद करते हैं। जिससे जर्जर रामलीला रंगमंच भवन दिन प्रतिदिन जर्जर हो रहा है और किसी बड़े हादसे को निमंत्रण दे रहा है।

स्थानीय रामलीला रंगमंच भवन को सौ साल पहले पंडित रामचंद्र नाटकी ने अपनी फिजी देश की यात्रा से लौटकर बनवाया था। जहां स्थानीय रामलीला कलाकार अपने बेहतरीन अभिनय को प्रदर्शित करते थे। मंडावर की रामलीला दूर-दूर तक प्रसिद्ध थी। किन्तु धीरे-धीरे रामलीला कमेटी की उदासीनता के कारण रामलीला पर्दे पर प्रोजेक्टर से कराई जाने लगी और देखरेख के अभाव में रंगमंच भवन की हालत जर्जर हो गई। अब स्थिति यह बन गई



हैं कि रंगमंच भवन के अंदर कलाक. ार अपने अभिनय को भी प्रदर्शित नहीं कर सकते। क्योंकि भवन बुरी तरह से गिराऊ हालत में और दुर्घटना को अंजाम देने की नोहियत पर खड़ा हैं।

कई साल से इस रामलीला कमेटी के लिए प्रशांत गुप्ता उर्फ मोनू प्रधान बनते आ रहे हैं। सभी लोग रामलीला की बैठक में जोरशोर से भवन के जीर्णोद्धार। पहले इस्तीफा दिया और परदे पर प्रोजेक्टर से रामलीला न कराकर कलाकारों की रामलीला खिलवाने का मामला उठाते हैं। किंतु रामलीला की दुकानों पर एक व्यक्ति विशेष का कब्जा होने पर मामला टाय टाय फिस हो जाता है।

पिछले साल प्रधान रहे प्रशांत गुप्ता उर्फ मोनू ने इस साल बैठक बुलाकर पहले इस्तीफा दे दिया और बाद में फिर प्रधान पद को स्वीकार कर लिया। ताकि कोई पिछली बातों को न दोहरा सके। किंतु रामलीला कमेटी के शुरू हुए ड्रामे के बाद जर्जर भवन का एक साल से बंद पड़ा जिन्न फिर से बाहर निकल आया है और लोगों में जर्जर भवन की हालत को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

### मोनू गुप्ता फिर बने प्रधान



**मंडावर।** बाजार कला स्थित श्री सनातन धर्म प्रचारिणी सभा स्थल पर वासुदेव शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रशांत गुप्ता उर्फ मोनू को श्री रामलीला परिषद का अध्यक्ष चुना गया। मौहल्ला बाजार कला निवासी और व्यापार मंडल के नेता प्रशांत गुप्ता इससे पूर्व भी कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं। बैठक में सभी सदस्यों ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। जिसका उपस्थित सभी लोगों ने समर्थन किया। इस अवसर पर पंकज राजपूत, विपुल गुप्ता, कैलाश कश्यप, सोनू पुष्पक, राहुल अग्रवाल, अमन पुष्पक, बाबी सक्सेना सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## एक नजर

### कांवड़ यात्रा के बीच मरीज बेहाल




**कासमपुर गढ़ी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ सीएचसी में मानक के अनुरूप चिकित्सक न होने व विभाग की लापरवाही के कारण मरीजों का हाल बेहाल है। कांवड़ यात्रा के दौरान जहां अधिक स्वास्थ्य चिकित्सा की जरूरत है। वहीं यहां चिकित्सा व्यवस्था पंगु बनकर रह गई है। क्षेत्र में कांवड़ यात्रा का दौर चल रहा है, ऐसे में स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में पांच से छह डॉक्टर तैनात होने के बावजूद, केवल एक डॉक्टर अंकित सिसौदिया द्वारा मरीजों को देखा जा रहा है। नतीजतन अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। ड्यूटी पर तैनात अन्य डॉक्टर नदारद बताए जा रहे हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि फार्मासिस्ट तक इमरजेंसी में डॉक्टर की कुर्सी पर बैठकर मरीजों को देख रहे हैं, जो कि पूरी तरह से नियमों के खिलाफ है। सरकार के निर्देश हैं कि क्या केवल रजिस्टर्ड डॉक्टर ही मरीजों का इलाज करें, लेकिन यहां फार्मासिस्ट द्वारा उपचार किया जा रहा है, जिससे मरीजों की सेहत को गंभीर खतरा हो सकता है। वहीं मरीजों को अस्पताल से बाहर की दवाइयां लिखी जा रही हैं, जबकि अस्पताल से केवल नाममात्र की दवाएं दी जा रही हैं। जबकि सरकार का स्पष्ट आदेश है कि मरीजों को अस्पताल के भीतर उपलब्ध दवाएं ही नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएं। सीएचसी में व्याप्त इस लापरवाही और अनियमितता से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को इस ओर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए।

### ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मौत



**चंदक।** ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना सुबह साढ़े सात बजे की है। युवक की उम्र 50 वर्ष बताई जा रही है। व्यक्ति जिन्स सर्ट पहने हुए था। चंदक व मौजमपुर के बीच में खम्बा नम्बर 15, 14 से 16 के बीच में एक व्यक्ति मृत पड़ा मिला, जिसे नजीबाबाद पुलिस ले गई। पुलिस का कहना है कि रात्रि किसी ट्रेन से गिर गया होगा।

## कृषि प्रवक्ता मनोज यादव को मातृशोक

**बिजनौर।** आरजेपी इंटर कॉलेज के कृषि प्रवक्ता, प्रखर वक्ता एवं मंच संचालक मनोज यादव की माता का कल शाम आठ बजे आकस्मिक निधन हो गया। मूलरूप से मऊ निवासी मनोज यादव विगत 15 वर्षों से जनपद के राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में कृषि प्रवक्ता के रूप में सेवा कर रहे हैं। माता जी की मृत्यु की सूचना मिलते ही मनोज परिवार सहित कल रात को ही अपने पैतृक गांव के लिए प्रस्थान कर गए। मनोज यादव की माता जी के निधन पर सांसद कुंवरानी रूचि वीरा तथा विद्यालय के प्रबंधक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कुंवर उदयन वीरा, स्वाति वीरा महाजन, प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल ने शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ, जिला मंत्री विनोद कुमार, वरिष्ठ शिक्षक नेता सुरेंद्र मलिक, विनेश त्यागी, रविंद्र कुमार शर्मा, डॉ. मोहित शर्मा, धर्मवीर सिंह, सुधांशु कुमार, अतुल रस्तौगी, सुभाष बाबू, विनोद यादव, चंद्रहास सिंह, भूपेंद्र पाल, सुनील बाबू आदि शिक्षकों ने भी शोक प्रकट किया है।

# नशामुक्त भारत निर्माण के लिए भाकियू की बैठक

## संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं ने किया मंथन और दिए सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह ने की। बैठक में संगठन को मजबूत करने, किसानों की समस्याएं हल करने और नशा मुक्त भारत का निर्माण करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया और सुझाव दिए गए।

बुधवार को नगीना धामपुर रोड पर आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस दौरान अपने संबोधन में बिजनौर जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही ने संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न सुझाव दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन भी किया। नगीना नगर अध्यक्ष कुंवर हर्षवर्धन ने भी संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह ने नशा मुक्त भारत के निर्माण में सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने



नशे से होने वाले नुकसान की जानक. ारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने संकल्प लिया के वे जिंदगी में कभी किसी भी नशीली वस्तु का सेवन नहीं करेंगे।

बैठक में विशिष्ट अतिथि युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही, प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल बालियान, जिला सेक्टर मंत्री मुकुल त्यागी, जिला प्रचार मंत्री जितेंद्र प्रधान, ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश काकरान, तहसील अध्यक्ष नामेंद्र चौधरी, कोतवाली ब्लॉक अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह, नगीना नगर अध्यक्ष कुमार हर्षवर्धन सिंह आदि मौजूद रहे। इनके अलावा सैकड़ों पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान भी बैठक में शामिल हुए।

## सब्जियों के वाहन रोकने पर रोष

**नजीबाबाद।** कोटद्वार मार्ग स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति के व्यापारियों ने तहसील पहुंचकर एक ज्ञापन एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि कृषि उत्पादन मंडी समिति नजीबाबाद मुरादाबाद मंडल की बड़ी मंडियों में शामिल है। यहां से प्रतिदिन उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, श्रीनगर पौड़ी गढ़वाल, गुप्तकाशी, जोशीमठ, गोपेश्वर, चमोली काशी, बद्रीनाथ, केदारनाथ गौरीकुण्ड सहित अन्य कई जिलों में फल व सब्जियों की आपूर्ति की जाती है। खेती करने वाले किसान अपनी सब्जियों को दोपहर बाद मंडियों में लेकर आते हैं। ताकि पहाड़ पर ताजी सब्जियों की आपूर्ति हो सके। लेकिन उन्हें मंडी से ही कुछ दूरी पर पुलिसकर्मियों द्वारा रोक दिया जाता है, जिससे उनका माल खराब होने की संभावना बनी रहती है। इसके लिए उचित व्यवस्था कराकर मंडी के वाहनों को न रोका जाए। ज्ञापन देने वालों में सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी, व्यापारी हाशिम अहमद, मौहम्मद हबीब, इदरीस, अयाज आलम, आबिद आदि शामिल रहे।

## आवश्यक सूचना गुमशुदा की तलाश

उपरोक्त जयप्रकाश ग्राम :- गंगूवाला, पोस्ट सिकन्दरपुर बसी, थाना नजीबाबाद (बिजनौर) से 22 नवम्बर, 2014 से लापता है। जिन की उम्र 51 साल, कद 5 फुट 6 इंच एवं चेहरे का रंग सांवला है। जिस किसी को मिले वह कोतवाली थाना नजीबाबाद व सर्वदेव कुमार पुत्र श्री जयप्रकाश मोबाइल नम्बर 7500757713 से सम्पर्क करें।




**इनके बारे में बताने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा।**

## भाकियू का बिजली कार्यालय पर प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं द्वारा विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी बलजीत सिंह व तहसील अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में विद्युत वितरण खण्ड नगीना पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान किसानों ने अधिशासी अभियंता के नाम एक ज्ञापन देते हुए शिकायत दर्ज कराई कि डिविजन के अंतर्गत आने वाले सभी विद्युत उपकेंद्रों पर समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। उन्होंने विभिन्न समस्याओं जैसे जर्जर लाइनें, फुके हुए ट्रांसफार्मर का समय से न बदलना, लाइनों पर लटके हुए पेड़ जिनकी वजह से आए दिन विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है, बिलों में ज्यादा गड़बड़ी आदि के बारे बताकर समस्याओं का समाधान आने वाले 10 दिनों के अंदर कराया जाना सुनिश्चित करने की मांग कर चेताया कि अगर समस्याओं का समाधान समयानुसार नहीं हुआ तो भाकियू आंदोलन को मजबूर होगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

इस मौके पर राहुल चौधरी, शौवीर सिंह, राजपाल सिंह, राम भजन सिंह, ज्ञान सिंह, महेंद्र सिंह, उमेश सिंह शर्मा, अमित कुमार, कपिल कुमार, विजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, शाहिद मंसूरी, मुर्तजाब, राजवीर सिंह, देवेंद्र कुमार, महेश राजपूत, ओम प्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)

वेवसाइट-NPPDHAMPUR.CO.IN दुरभाष नं.- 01344-297070

पत्रांक:- 454/2025-26 दिनांक:- 17.07.2025

**अति-अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद धामपुर जनपद बिजनौर द्वारा ''पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना'' अनुदान संख्या-37/ ''सीवरेज जल निकासी योजना'' की धनराशि के अन्तर्गत कुल 04 कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 24.07.2025 समय प्रात: 05:00 बजे तक वेबसाईट पर निविदायें डाल सकते हैं। उक्त कार्य हेतु समस्त ठेकेदार, बिडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स, बेन्डर्स एवं शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आईटी./2017 अनुभाग-2 दिनांक 12.05.2017 के क्रम में यू.पी. इलैक्ट्रोनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स/ बेन्डर्स आदि प्रतिभाग कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| Tender reference | Ltr.No न.पा.प.धा./निविदा/2025-26 |
| Publish and Time for RFP | 18-07-2025 11:00 AM |
| Last date and time for submission of Tender | 24-07-2025 05:00 PM |
| Date of time of opening tender | 25-07-2025 11:00 AM |
| Place of opening of Tender | Office Nagar Palika Parishad Dhampur |
| Tender Security | 10% of Tender Value |
| Tender Document processing | As per tender List |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद धामपुर**
**जिला-बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद धामपुर**
**जिला-बिजनौर**

**न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज (जू.डि.) नगीना**

वाद सं. 635/2021

**मनोज देवी बनाम राकेश कुमार आदि**

**बनाम**

3/2-रीता शर्मा पत्नी अशोक शर्मा निवासी मौहल्ला पतियापाड़ा चांदपुर, जिला बिजनौर।

**...प्रतिवादी**

हरगाह वादी/ वादीगण ने इस न्यायालय में आवेदन दिया गया है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 23.07.2025 बाबत 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया गया है और जो कुछ उमूर अहम मुतालिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिस के पास और शख्स हो जो सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे कि आपको लाजिम है उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे, जिन पर बताइये अपना जवाब देही इस्तेमाल करना चाहते है।

आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे, जो मुकदमा बगैर हाजिर आपका समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक:-23.07.2025

**प्रबंधक**
**द्वितीय अपर सिविल जज**
**(जू.डि.) नगीना (बिजनौर)**

**न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज (जू.डि.) नगीना**

प्रकीर्ण प्रा. पत्र सं. 164/2021

**मनोज देवी बनाम राकेश कुमार आदि**

**बनाम**

3/2- रीता शर्मा पत्नी अशोक शर्मा निवासी मौहल्ला पतियापाड़ा, कस्बा चांदपुर, जिला बिजनौर।

**... प्रतिवादी**

चूंकि उपरिनामांकित वादी/ वादीगण ने इस न्यायालय में आवेदन दिया गया है कि एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 23.07.2025 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या समयक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

नियत दिनांक: 23.07.2025

**न्यायालय द्वि.अ. सिविल जज**
**(जू.डि.) नगीना**

**न्यायालय श्रीमान ग्रामीण न्यायाधीश धामपुर, जिला बिजनौर**

प्रकीर्ण वाद संख्या: 425/2024

**ममता बनाम यशपाल**

धारा 125 सी.आर.पी.सी. थाना धामपुर।

प्रतिवादी यशपाल पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम गजुपुरा, थाना धामपुर, जिला बिजनौर पिन कोड-246761 चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 02/08/2025 के दिवस को 10:30 बजे पूर्वान्ह स्वंय या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन आपके विरूद्ध सुना जायेगा।

**न्यायाधिकारी**
**ग्राम न्यायालय धामपुर**
**जिला बिजनौर।**

# भनेड़ा टोल प्लाजा पर मनमानी वसूली का आरोप

## आंदोलन के समय किया था टोल फ्री, अब कर रहे वादाखिलाफी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** किरतपुर क्षेत्र के लोगों में इन दिनों भनेड़ा टोल प्लाजा की कार्यप्रणाली को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि टोल प्रबंधन मनमाने ढंग से टोल टैक्स वसूल रहा है, जबकि पूर्व में किसानों के आंदोलन के दौरान किरतपुर को टोल फ्री किए जाने की घोषणा की गई थी।

स्थानीय लोगों ने बताया कि जब किसान संगठनों द्वारा टोल प्लाजा पर धरना-प्रदर्शन किया गया था, उस दौरान टोल प्रबंधन ने यह साफ तौर पर कहा था कि किरतपुर क्षेत्र को स्थायी रूप से टोल फ्री किया जाएगा। लेकिन जैसे ही धरना समाप्त हुआ, प्रबंधन ने अपना रुख बदल लिया और पुन: किरतपुर के वाहनों से टोल वसूलना शुरू कर दिया। कई वाहन चालकों का कहना है कि जब वे टोल कर्मियों से इस विषय में सवाल करते हैं, तो उनके साथ अभद्रता की जाती है और जवाब देने के बजाय टोल भरने के लिए बाध्य किया जाता है।




### स्थानीय जनप्रतिनिधियों व किसानों से हस्तक्षेप की मांग

क्षेत्रीय जनता ने शासन-प्रशासन और स्थानीय किसान संगठनों व जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस मुद्दे पर तुरंत हस्तक्षेप किया जाए और टोल प्रबंधन से जवाबतलबी की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पूर्व में दिए गए आश्वासन के अनुसार किरतपुर को टोल फ्री क्षेत्र घोषित किया जाए।

### क्षेत्रीय नागरिकों की प्रतिक्रिया

भनेड़ा टोल प्लाजा शुरू होने के बाद से लगातार किसी न किसी विवाद में घिरा रहा है। कभी मनमानी वसूली को लेकर तो कभी स्थानीय वाहनों से टोल टैक्स लेने को लेकर यह टोल प्लाजा जनता के आक्रोश का केंद्र बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टोल प्रबंधन का रवैया शुरू से ही पक्षपातपूर्ण रहा है। नियमों की अनदेखी, वादाखिलाफी और स्थानीय वाहनों को छूट न देना यह सब आम बात हो गई है। जनता का कहना है कि जितना समय यह टोल प्लाजा चला है, उतना ही समय यह विवादों में रहा है। लोग पूछ रहे हैं कि अगर टोल प्रबंधन पारदर्शिता से काम कर रहा होता, तो बार-बार आंदोलन की नौबत क्यों आती?

# मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

## मेडिकल कैंप का जावेद विकार ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** एएच हॉस्पिटल एवं जच्चा बच्चा केंद्र पर एक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। पूर्व चेयरमैन एवं मौजूदा चेयरपर्सन पति जावेद विकार व गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से कैंप का फीता काट कर उद्घाटन किया। मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण कर दवाइयां वितरण की गई।

जसपुर-काशीपुर मार्ग पर स्थित एएच हॉस्पिटल एवं जच्चा बच्चा केंद्र पर उजाला हॉस्पिटल काशीपुर के सौजन्य से एक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें मरीजों का फ्री स्वास्थ्य परीक्षण व खून की जांच कर निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। चेयरपर्सन पति जावेद विकार व गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर जावेद विकार ने कहा कि नगर में लगातार बढ़ रहे अस्पतालों की संख्या पर नगर वासियों के लिए काफी सुविधा उपलब्ध मिल रही है तथा मरीजों को अस्पतालों में लगने वाले कैंपों से बड़े हॉस्पिटलों में मिलने वाली सुविधाओं से परिचित हो जाते है। कैंप में सौ मरीजों से अधिक ने लाभ उठाया।

इस अवसर पर जावेद विकार के अलावा पूर्व चेयरमेन नफीस कुरैशी, डॉ. अमित वत्सल (फिजिशयन), डॉ. राजकुमार (ईएनटी), डॉ. राघव (ओकथो), मौहम्मद रमीज (मार्केटिंग मैनेजर), डा. रोहित कुमार शुक्ला (नर्सिंग ऑफिसर), डॉ. मौहम्मद इरफान सैफी, डॉ. सलमान सैफी, डॉ. सुहानान सलमान, शेख मौहम्मद जैद, अजय कुमार, संदीप कुमार, इरफान भण्डारी, मौहम्मद अयान, मौहम्मद फरहान, अनुज सैनी, मौहम्मद फरहान, महक परवीन, लुत्फा परवीन, बुशरा शाहिद, बुशरा रफीक, कल्पना चौहान, सभासद कलवा कुरैशी, बबीता रूहेला आदि मौजूद थे।

# विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगी बेहतर सुविधा : मनोज कुमार



## तीन दिवसीय मेगा विद्युत बिल सुधार कैम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** विद्युत विभाग की ओर से लगे तीन दिवसीय विद्युत बिल सुधार मेगा कैम्प जो कि आगामी 19 जुलाई तक चलेगा मं समस्त विद्युत उपभोक्ता अपने बिजली बिल, बिजली केबल, बिजली मीटर, गलत रीडिंग एवं विद्युत भार, गलत बिलों की चेकिंग आदि चेक करने के लिए प्रार्थना पत्र देकर लाभ उठा सकेंगे।

इस मेगा कैंप के लिए विभाग द्वारा पिछले तीन दिन से नगर क्षेत्र में प्रचार भी किया गया है। आज इस कैंप में नगर क्षेत्र के सैकड़ों विद्युत उपभोक्ताओं ने पहुंचकर अपने विद्युत संबंधी कार्यों को निपटाया। मेगा कैंप में अधिशासी अभियंता राजेंद्र कुमार, उपखंड अधिकारी मनोज कुमार एवं राजेंद्र प्रसाद सिंह, मोहित कुमार, तुषार बाबू, वसीम निसार, महेश पाल सिंह, नंदकिशोर, कुमारी नेहा, फिरोज अहमद, राकेश कुमार, जेई दीपक जायसवाल व जेई मीटर सत्य प्रकाश, जेएमटी नितिन कुमार, रिहान हाशमी आदि उपस्थित रहे।

अवर अभियंता (नगर) दीपक जायसवाल ने बताया कि यह कैंप 19 जुलाई तक चौधरी चरण सिंह चौक स्थित चांदपुर विद्युत उपखंड कार्यालय पर लगा रहेगा।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने सौंपा मांग पत्र

## मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जनपद बिजनौर ब्रांच कमेटी चांदपुर कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम अपना तीन सूत्रीय मांग पत्र खंड शिक्षा अधिकारी चांदपुर कार्यालय में दिया।

अपने मांग पत्र में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी कार्यकर्ताओं ने लिखा कि पूरे प्रदेश में शिक्षा, बिजली, परिवहन के निजीकरण का हमारी पार्टी विरोध करती है। पार्टी इकाई चांदपुर कार्यकर्ताओं ने आज खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्याऊ पहुंचकर प्रदर्शन किया और सरकार के निजीकरण के फैसले का कड़ा विरोध करते हुए सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस सबसे पूरे प्रदेश में बेरोजगारी की भयावह स्थिति बनती जा रही है जो आगे चलकर एक बड़ा रूप ले सकती है। मांग पत्र में कहा कि ऐसे समय में प्राथमिक विद्यालयों का विलय करके उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के अधिकार से बच्चों को वंचित करने जा रही है, जबकि प्राथमिक विद्यालयों में योग्य शिक्षक कई कई परीक्षाओं को पार करके स्कूल में सेवा दे रहे हैं। सरकार विद्यालयों को मर्ज करके स्कूलों को बंद करके छोटे छोटे बच्चों को दो-तीन किलोमीटर किस तरह कैसे दूर जा पाएंगे की स्थिति पैदा कर रही है। सरकार की यह जन विरोधी नीति जहां बच्चों की शिक्षा के अधिकार से वंचित कर रही है।

वहीं अभिभावक और अध्यापकों को भी परेशानी में डालने का कार्य किया जा रहा है। हमारी पार्टी इस तरह के निजीकरण का और सरकार के इस फैसले का कड़ा विरोध करती है और सरकार से प्राथमिक विद्यालयों को मर्ज करने के फैसले को वापस लेने की मांग करती है। साथ ही सरकार से लाखों खाली पदों पर नियुक्ति करने की भी मांग करती है।

कामरेड बदरुल इस्लाम ने मांग करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा की दुकानों को लाइसेंस निरस्त कर निजीकरण के रास्ते रोक कर प्राथमिक विद्यालयों को प्राथमिकता दे। कामरेड मांगेराम, कामरेड रामप्रसाद, मंगल सिंह, कामरेड मलखान सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि अगर सरकार ऐसा नहीं करती और उनकी मांगों पर विचार कर समाधान नहीं करती तो भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी पूरे भारत में आंदोलन करने को बाध्य होगी।

मांग पत्र देने वालों में कामरेड अमर सिंह सैनी, मांगेराम, कामरेड बदरुल इस्लाम, कामरेड जोगेंद्र सिंह, दयाराम सिंह, मलखान सिंह, मंगल सिंह, राम प्रसाद, कामरेड अकबर आदिल, कामरेड राम अवतार, कुलदीप गुर्जर आदि शामिल रहे।

# शादीशुदा औरत का घर उजाड़ना चाहता है महताब?

## डीएम से शिकायत करने पहुंची पीड़िता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावली।** थाना मंडावली के ग्राम जटपुरा बोंडा निवासी पीड़िता अपने पड़ोसी द्वारा परेशान करने से तंग आकर आज जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची जहां पर थाना प्रभारी राम प्रताप सिंह से बात कर पीड़ित महिला को थाना मंडावली भेजा गया।

पीड़ित महिला ने अपने प्रार्थना पत्र में मेहताब पुत्र कलवा निवासी जटपुरा बोंडा थाना मंडावली पर बार-बार घर में घुसकर अपनी इज्जत पर हमला करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसके परिवार के दिलशाद, इस्लाम, शराफत आदि मेहताब को सपोर्ट करते हैं और थाने पहुंचकर मेहताब के पक्ष में कई बार फैसला करा चुके हैं।

पीड़ित महिला का कहना है कि वह शादीशुदा महिला है और उसके बच्चे हैं। इसके बावजूद मेहताब कहता है कि मैं तुझसे निकाह करूंगा। चाहे मुझे कुछ भी करना पड़े। दो माह पूर्व भी आरोपी महिला पर हमला कर चुका है। 13/7/2025 को मेहताब पीड़िता के घर में घुस आया, जबरन उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़िता थाने पहुंची लेकिन पुलिस ने शिकायत नहीं सुनी। क्योंकि मेहताब दबंग और पैसे वाला है।

पीड़िता 15 जुलाई को अपने बच्चों के साथ गांव छोड़कर अपने मायके ग्राम भोजपुर जा रही थी कि गन्ना सेंटर जटपुरा बोंडा पर महताब ने पीड़िता की 10 वर्षीय पुत्री सुहाना से उसके कपड़ों का बैग छीन लिया, जिसमें 10000 रूपए थे और यह कहते हुए वहां से भाग गया कि तू गांव से नहीं जा सकती। मैं तेरे मायके से भी तुझे उठा लाऊंगा।

पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री को पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# जैव विविधता पार्क में पौधारोपण

## वन विभाग ने सिंदूर के पौधे लगाए




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज बिजनौर के विज्ञान विभाग द्वारा बनाए गए जैव विविधता पार्क में वन विभाग द्वारा सिंदूर पौधे का रोपण किया गया। कालेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निद. शक पवन कुमार के मार्गदर्शन मे सिंदूर के पौधे का रोपण किया गया।

प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने कहा कि आपरेशन सिंदूर से सबसे बड़ा सबक यह मिला है कि स्वेदशी हथियार और प्रणाली कितनी जरूरी हैं। प्राचार्य डा.सीमा शर्मा ने कहा कि भारत में कई जगहों पर सिंदूर का पेड़ पाया जाता है। खासतौर पर उसे उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में सिंदूर के पेड़ खूब फलते हैं। वन विभाग के रेंजर महेश चंद गौतम, वन दरोगा चंदेश यादव, वनरक्षक हिमानी आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे। कृष्णा कालेज के जैव विविधता पार्क में चंदन, अजवाइन, तेज पत्ता, अनार, इंसुलिन पौधा, लॉन्ग, रुद्राक्ष, थाई सफेद जामुन, पान, अगस्त आदि के पौधे पर्यावरण दिवस पर रोपण किए गए थे। विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. पूनम गुप्ता, गोपाल सिंह स्वरूप, डा. शोमा सिंह, डा. पायल राठी, डा. शालिनी शर्मा, विपिन कुमार शर्मा, डा.रिदिन सक्सेना, विशाल विक्रम, संजीव चौधरी, सुनील शर्मा, अदीबा शारिक, सलोनी चौधरी, मीतू राजपूत, प्रतिभा मेहरोत्रा, रश्मि वत्सल, अनुज कुमार, शुभांशी वर्मा, सौम्या वर्मा, श्वेता टोंक, दीक्षा त्यागी, राजविंदर कौर आदि का विशेष योगदान रहा।

# लापता वृद्ध का सड़ा-गला शव गन्ने के खेत में मिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** कई दिन से लापता वृद्ध का सड़ा गला शव गन्ने के खेत में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव अपने कब्जे में लिया।

नांगल थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी निवासी मुशर्रफ उम्र 65 वर्ष बीती 13 जुलाई के सुबह 6 बजे से अचानक गायब हो गया था। 14 जुलाई को मृतक के पुत्र कफील अहमद ने नांगल पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी कि उसका पिता मुशर्रफ लापता है और उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। आज परिजनों को सूचना मिली कि एक व्यक्ति का सड़ा गला शव गांव के ही शमशुल हसन के गन्ने के खेत में पड़ा है, जिसके बाद मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान मुशर्रफ के रूप में की और इसकी सूचना नांगल पुलिस को दी।

सूचना पर दरोगा विनोद कुमार पीपल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और शव अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गए। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों ने बताया कि मृतक के चार पुत्र है और पत्नी का देहांत 5 वर्ष पूर्व हो गया था।

## एक नजर

### पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** ग्राम समाज की भूमि को नियम विरुद्ध क्रय विक्रय करने के आरोपी 4 महिलाओं सहित 5 के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। लेखपाल क्षेत्र नागरपुर खड़कसेन यशवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उपजिलाधिकारी धामपुर के आदेश के क्रम में ग्राम रघुनाथपुर परगना अफजलगढ़ के खसरा नम्बर 103 के आवंटन व विक्रय के सम्बंध में 12 जून को जांच की गई, जिसमें मौजा रघुनाथपुर के खसरा नम्बर 103 मि. क्षे. 1.265 है. को राकेश पुत्र मथुरा निवासी ग्राम हरेवली द्वारा वर्तमान ग्राम प्रधान की पुत्रवधू सबा रहमान पत्नी अजीमुद्दीन निवासी ग्राम हरेवली व नगमा परवीन, बुशरा परवीन, मंतशा परवीन पुत्री मोहम्मद जावेद निवासी धामपुर के साथ संलिप्त होकर अभिलेखों में फर्जी तरीके से नाम व आयु परिवर्तन कर नियम विरुद्ध विक्रय कर दिया गया था। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि हल्का लेखपाल की तहरीर पर राकेश सहित चारों आरोपी महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### हबीबवाला में चिकित्सा शिविर



**धामपुर।** श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के सौजन्य से ग्राम हबीबवाला में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा एक निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनुभवी डॉक्टर की टीम ने लगभग 140 रोगियों का सकुशल इलाज किया। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, नेत्र जांच एवं शुगर की निशुल्क जांच की गई एवं दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई। इस शिविर में डॉक्टर सुमित सिंह, डॉक्टर गौहर फैयाज, डॉक्टर वसीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल स्टाफ एमएम गिल, अंकुर कौशिक, वर्षा चौहान, कुलदीप कुमार, निशु रानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस शिविर में श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के चेयरमैन डॉक्टर एनपी सिंह भी मौजूद रहे।

### रोटेरियन बंधुओं ने लगाए 70 पौधे

**धामपुर।** वन महोत्सव पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शुक्रवार को नहटौर मार्ग स्थित रोटेरियन अनुपम गोयल के फार्म पर रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके रोटेरियन बंधुओं ने विभिन्न प्रकार के 70 पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में रोटेरियन अध्यक्ष विवेक अग्रवाल तथा सचिव रोटेरियन सरदार गगनदीप सिंह चावला एवं कोषाध्यक्ष रोटेरियन शिवम नंदा के निर्देशन में सत्र का यह तीसरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य संस्था के पौधारोपण से संबंधित प्रोजेक्ट को क्रियान्वित कराना तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम विषय पर आधारित पौधारोपण अभियान कार्यक्रम को अन्य स्थानों के साथ ही धामपुर में भी प्रभावी रूप में सफलता दिलाना रहा। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के 70 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा, रोटेरियन शिवेंद्र कुमार अग्रवाल, विपिन कुमार मिश्रा, डॉ. पुलकित माहेश्वरी, सरदार सतपाल सिंह चावला, मनीष गर्ग, डॉ. विकास अग्रवाल, सरदार गुरदीप सिंह चावला, अजीत सिंह चावला, डॉ. राजमोहन विश्वास, संजय वर्मा, अनुपम गोयल, तरुण शर्मा आदि रोटेरियन बंधु उपस्थित रहे, जिन्होंने रोपित किए गए पौधों की निरंतर देखभाल करते रहने का भी सामूहिक संकल्प किया गया।

# महिला को वहां नहीं जाना चाहिए जहां पति का सम्मान न हो: वशिष्ठ



## शिव महापुराण कथा मंदाकिनी का छठा दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बड़ी मंडी स्थित राजगढियों की धर्मशाला में आयोजित मोक्षदायिनी श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी के छठें दिन कथा में प्रवचन करते हुए कथा व्यास पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने कहा कि महिला को वहां नहीं जाना चाहिए जहां पति का सम्मान ना हो। अगर वह बिन बुलाए जाती है तब अपमान सहना पड़ता है। चाहे अपने पिता का घर क्यों ना हो। माता सती को अपमान झेलना पड़ा था। तब माता सती ने अग्नि कुंड में कूद कर आत्मदाह कर लिया था। भागवत कथा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष कथा सुन रहे थे। कथा के मुख्य यजमान विकल गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी मोनिका गुप्ता रहे। कथा में राजीव धनोरिया, सौरभ अग्रवाल, मुकेश कौशिक, मदन राणा, हरिओम अग्रवाल, डॉ. अनुज वर्मा धनोरिया, शिखा धनोरिया, उमा अग्रवाल, माधुरी अग्रवाल, राधा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, कल्पना जैन, प्रीति, निर्मला यादव, प्रीति चौहान, दीपा, बिंदु राजपूत आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण का धर्म लाभ उठाया।

# सीढ़ियों से गिरकर घायल हुए छात्र की इलाज के दौरान मौत

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव उधोवाला वाला निवासी 17 वर्षीय अदनान पुत्र मोहम्मद इरफान की उपचार के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अदनान ग्राम कासमपुर गढ़ी अलीगढ़ कान्वेंट स्कूल का छात्र था। करीब 15 दिन पूर्व वह मजदूरी के लिए गया था और रेहड़ क्षेत्र के पास ग्राम बादीगढ़ में काम करते समय जीने की सीढ़ियों से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसकी रीढ़ में चोट आई थी। इसके बाद परिजनों ने उसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां वह लगातार उपचाराधीन था। बृहस्पतिवार को इलाज के दौरान उसे अचानक हार्ट अटैक आया, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अदनान की मृत्यु ग्राम उद्योवाला में हुई। अदनान पढ़ाई के साथ-साथ मजदूरी भी करता था। अदनान की असमय मौत से गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बाद नमाज जोहर स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक कर दिया गया।

# फ्लेक्स में भाजपा नेता के चेहरे पर स्याही पोती

## पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** हल्दौर चौराहे के पास लगी भाजपाईयों की फ्लेक्सी में भाजपा कार्यकर्ता राजीव अहलावत के चेहरे पर स्याही पोत दी गई। गुरुवार की सुबह को फ्लैक्सी पर भाजपा कार्यकर्ता के फोटो पर स्याही पोतने का पता चला। भाजपा कार्यकर्ता ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार नहटौर के हल्दौर चौराहा पुलिस चौकी के पास हल्दौर रोड पर भाजपा विधायक, जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों के साथ भाजपा कार्यकर्ता राजीव अहलावत की फ्लेक्सी लगी हुई है। यह चौराहा पूरी तरह से सीसीटीवी से लैस है और इस पर हमेशा पुलिस तैनात रहती है। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह को जब लोगों ने देखा तो उक्त फ्लेक्सी में लगा राजीव अहलावत के फोटो पर चेहरे पर किसी ने स्याही पोत दी। जिसको लेकर कुछ लोग मौके पर पहुंचे और इन्होंने इस करतूत को एक घिनौनी करतूत बताया। बाद में उक्त फ्लेक्सी को उतार कर दूसरी फ्लेक्सी लगा दी गई। इस मामले को लेकर भाजपा कार्यकर्ता राजीव अहलावत ने बताया कि पुलिस से शिकायत की गई है।

# प्रदेश में मधुशाला नहीं, पाठशाला चाहिए

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रदेश में स्कूल मर्जर आदेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। सड़क से संसद और सुप्रीम कोर्ट तक अभियान को लेक पहुंचे राज्यसभा सांसद ने स्कूली बच्चों से संवाद करने के साथ ही फर्श पर बैठकर उनके सुर में सुर मिलाया और उनके भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देने का भरोसा दिलाया।

गुरूवार को आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार सम्भल पहुंचे। उत्तर प्रदेश सरकार के स्कूलों को विलय करने के फैसले के विरोध में सरकार पर हल्ला बोलते हुए मोर्चा खोले आप सांसद संजय सिंह ने हसनपुर मार्ग स्थित ग्राम कल्यानपुर पहुंचकर स्कूल बचाओं अभियान की शुरूआत की। संजय सिंह ने नारा दिया कि गांव गांव जाना है स्कूलों को बचाना है। उन्होने पार्टी कार्यकर्ताओं संग स्कूली बच्चों के साथ फर्श पर बैठकर संवाद किया और उन्हे आश्वस्त किया कि वह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होंने देंगे। उन्होने कहा कि स्कूल को बचाने के लिए अगर न्यायालय भी जाना पड़ा तो जायेंगे। यह आंदोलन तब तक चलायेंगे जब तक की हर बच्चे को शिक्षक, स्कूल और शिक्षा नहीं मिल जाती। सम्भल मे शिक्षा की बेहद जरूरत है। मधुशाला नहीं पाठशाला चाहिए के स्लोगन लिखी तख्तियां भी हाथ मे लेकर नारेबाजी की। इस मौके पर फैसल खान लाला, मामून शाह खां, इंजीनियर हैदर, मौहम्मद काशिफ खान, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सचिन कुमार एडवोकेट आदि रहे।

# चुनाव आयोग भाजपा का एजेंट बनकर कर रहा काम

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के भाजपा और चुनाव आयोग निशाने पर रहे। भाजपा और चुनाव आयोग पर जमकर बरसे आप नेता चुनाव आयोग को भाजपा का एजेंट बनकर काम करने का आरोप लगाया।

वह मौहल्ला पंजू सराय निवासी प्रांतीय उपाध्यक्ष काशिफ खान के आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होने कहा कि सम्भल हमेशा गलत कारणों से चर्चा मे रहता है,क्योंकि जब जब कोई पर्व आता है तब तब यहां हिन्दू मुसलमान के बीच मे नफरत कैसे फैलाई जाये इस लिए चर्चा मे रहता है। जबकि बच्चे कैसे स्कूल जाये उसके लिए कोई नहीं बोलता। मै इसके लिए आया हूँ। उन्होने कहा कि कल्यानपुर गांव गया था जहां 25 से 30 बच्चे पढ़ते थे उनका स्कूल बन्द कर दिया गया। जबकि मजदूरी करने वाले राहुल ने बताया उनकी दो बच्चियां पढ़ती थी वह दूसरे गांव मे नहीं जा सकती। हाईवे पार करके कैसे स्कूल पढ़ने जायें। जिस आईएएस अधिकारियों ने यह फैसला लिया है जिनके बच्चे एसी गाड़ियों मे स्कूल जाते हैं, भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बच्चे बड़ी बड़ी गाड़ियों मे स्कूल जाते हैं उनको कल्यानपुर आकर देखना चाहिए कैसे बच्चे स्कूल जायेंगे। इनको पढ़ने का हक नहीं है, अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए। दो तारिख को लखनऊ मे बड़ा आन्दोलन करेंगे और सुप्रीम कोर्ट मे भी ले जायेंगे। 21 से संसद चल रही है वहां भी उठाउंगा इन स्कूलों को बचाउंगा। कांवर यात्रा पर पूछे गए सवालों पर कहा कि भगवान भोले शंकर का हृदय बहुत विराट था। उनके पास जो भी गया यह सोचकर गया कि हमारे दुख को दूर करेंगे। भगवान भोले शंकर के नाम पर आप किसी को तकलीफ न पहुंचाये। मै नहीं समझता इसकी इजाजत महादेव देते हैं आप अपी श्रृद्धा का प्रदर्शन किजिए जल लेकर जाईये। अभी क्या हो गया है जब से उ. प्र. मे भाजपा की सरकार आयी है त्यौहार तनाव का कारण बन गये हैं। होली आये तो तनाव सम्भल मे होली पर कितना तनाव पैदा हो गया। दीवाली आये, ईद, बकराईद, मोहर्रम आये तो तनाव आदमी त्यौहार मनाये या तनाव। दिल्ली मे बुलडोजर पर बोलते हुए कहा कि मीडिया वाले तो बहुत आलोचना करते थे दिन रात खबर चलाते थे केजरीवाल जी के खिलाफ। अब चार इंजन की सरकार है वहां मोदी जी है, रेखा गुप्ता जी है, एलजी साहब है, एमसीडी है बीजेपी है, अब जो सरकार है चार इंजन की सरकार है चारो इंजन खटारा हो चुके है। आगे कहा कि हम दिल्ली मे सरकार बनायेंगे और यूपी मे 26 के पंचायत चुनाव लड़ेंगे। उन्होने चुनाव आयोग को भाजपा का एजेंट बनकर काम करने का आरोप लगाया।




सम्भल। ग्राम कल्याणपुर में स्कूल विलय करने के विरोध में बच्चों के साथ फर्श पर बैठकर विरोध करते राज्यसभा सांसद संजय सिंह।



असमोली। सड़क हादसे में दूसरे बेटे को भी मौत पर बिलखते पिता को सम्भलते लोग इंसेट में मृतक।

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** बाइक से जाते युवक की तेज गति बाइक से भिड़ंत हो गयभ हादसे में एक की मौत जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल का उपचार चल रहा है। उसकी हालत भी चिंता जनक बतायी जा रही है।

असमोली निवासी हिमांशु यादव पुत्र वीरपाल सिंह (22) आज सुबह 9:30 बजे मोटरसाइकिल पल्सर गाड़ी संख्या यू पी 38 एक्स 5812 पर सवार होकर मुरादाबाद जा रहा था। युवक मुरादाबाद में अपने बड़े भाई के साथ रहकर पढ़ाई करता था।बाइक सवार छात्र असमोली- मढन-पाकबड़ा मार्ग पर स्थित खासपुर के निकट दुर्गा डिग्री कालेज के पास ही पहुंचा था कि सामने से आ रही स्प्लेंडर बाइक संख्या यू पी 21बीएच 3910 से टकरा गए। दोनों गाड़ियों की भिड़ंत इतनी तेज थी की हिमांशु बेहोश होकर सड़क पर गिर गया तथा दूसरा बाइक सवार धर्मपाल (48) पुत्र रामकुमार निवासी ढाक शहीद

### ❍दूसरा गम्भीर रूप से घायल, पुलिस ने पीएम को भेजा

थाना असमोली भी घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी असमोली लाया गया जहां पर चिकित्सक ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस भी मोके पर पहुंची तथा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल धर्मपाल पुत्र रामकुमार के परिजनों को भी सूचना दें दी गयी है। उसका भी इलाज चल रहा है उनके माथे पर गहरा चोट का निशान है।

## वीरपाल पर टूटा दुखों का पहाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** होनी होने को रहती है। इसे टाला नहीं जा सकता। अब इसे अनहोनी कहें या ईश्वर की इच्छा कि पूर्व में भी वीरपाल का एक बड़ा बेटा काल ने इनसे छीन लिया था।गुरूवार को आज फिर इस घटना ने वीरपाल सिंह को दुख के उस मोड़ पर लाकर खड़ा किया है जहां इस उम्र में ऐसे दुख को सहने का साहस भी खत्म हो जाता है। तीन भाइयों में से मात्र एक मझला बेटा कुलदीप ही उनका एकमात्र सहारा है जो अपने परिवार की उम्मीद है। मृतक हिमांशु बहुत ही होनहार, गंभीर तथा खुश मिजाज था। हॉस्पिटल पहुंची भीड़ में उसके साथी दोस्तों में इधर उधर छुपकर उनकी आँखों में भी आंसू देखने को मिले।

## समीक्षाः गैंगस्टर कार्रवाई को बढ़ाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में निरोधात्मक कार्यवाहियों को लेकर पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जबकि एनडीपीएस, गैंगस्टर, आबकारी तथा जुआ आदि पर भी चर्चा की।उन्होंने कहा कि भूमाफिया एवं गैंगस्टर कार्यवाहियों को बढ़ाया जाए। थाना नखासा देहपा के पास एक अवैध शराब से संबंधित शिकायत पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। जिसे लेकर डीएम व एसपी ने सभी थाना प्रभारियों से अपने-अपने क्षेत्र में ढाबा एवं होटल पर छापेमारी कर अवैधा रूप से बिक रही शराब को चेक करने के निर्देश दिए।

# बम-बम भोले के जयकारों संग लौट रहे कांवड़िए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कांवड़ियों का ब्रजघाट से जलभरकर वापस लौटने का सिलसिला लगातार जारी है। ऐसे में पुलिस ने हाईवे की चौकसी भी बढ़ा दी है। सुरक्षा को लेकर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।

बुधवार को एकाएक ही बढ़ी कांवड़ियों की भीड़ के बाद एसपी ने अधीनस्थों को चौकन्ना किया है। कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर कई जगह कांवड़ियों के लिए सहायता बनाए गए। पुलिसकर्मियों की डयूटी लगाने का निर्देश दिया है। कांवड़ में गंगा जल भरकर अपने शिवालयों की तरफ वापस लौट रहे हैं। ये सभी सावन के दूसरे सोमवार व शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। शिवरात्रि के बाद ब्रजघाट से कांवड़ियों की सुरक्षा व व्यवस्था के लिए एसपी ने पुलिस कर्मियों को सतर्क किया। कांवड़ आनी लगभग बंद हो जाती हैं। बृजघाट से जल भरने वालों का रेला शुरू हो जाता है। शिवरात्रि के नजदीक आते ही सम्भल-विजनौर हाईवे पर कांवड़ियों की संख्या बढ़ने लगी है। गुरूवार सुबह कांवड़ियों के कई जत्थे संभल हसनपुर मार्ग से होते हुए गुजरे। बम-बम भोले के जयकारों के साथ कांवड़िए अपनी मँजिल की ओर बढ़ते दिखाई दिए। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने सभी इंतजाम किए हैं। पुलिस बल की डयूटी लगा दी गई है। कांवड़ियों को किसी तरह की समस्या नहीं होने दी जाएगी।

# जांच में भ्रष्टाचार की खुलने लगी परतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** विकास कार्यों में धांधली और वित्तीय अनियमित्ताओं की जांच को गठित टीम ने गांव पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान भृष्टाचार व अनियमित्ताओं की परतें खुलती नजर आने लगी है।

असमोली विकास खंड के अंतर्गत ग्राम मवई ठाकुरान में हुए विकास कार्यों की जांच के लिए आज जिला प्रोविजन अधिकारी एवं तकनीकी अधिकारी गांव पहुंचे। जांच में सामने आया कि जिन कार्यों की धनराशि पहले ही निकाल ली गई थी, वे कार्य अभी तक प्रारंभ भी नहीं हुए हैं। ओपन जिम की स्थापना हेतु राशि निकाल ली गई, परंतु मौके पर जिम से संबंधित कोई भी निर्माण कार्य नहीं



मिला। जबकि जल व्यवस्था के नाम पर गांव में बड़ी मात्रा में नलों की रीबोरिंग कराई गई थी, लेकिन जांच में 70 प्रतिशत नल खराब पाए गए। ग्रामीणों को अभी भी पीने के पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। कुछ रास्ते ऐसे हैं जो की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत पड़े हुए हैं लेकिन ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत निधि से भी उनका पैसा निकाल लिया जो की लगभग 900000 है।जांच में सबसे चौंकाने वाला मामला शमशान घाट के निर्माण से जुड़ा सामने आया। वर्ष 2013-14 में जिला पंचायत द्वारा मवई ठाकुरान के शमशान घाट के लिए कार्य आवंटित किया गया था, लेकिन वर्ष 2023-24 में उस कार्य में लगभग 30 लाख रुपये की धनराशि का गबन किये जाने की सम्भावना है।

# झोलाछापों की बाढ़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद में झोलाछाप डाक्टर की बाढ़ सी आ गई है। झोलाछाप डाक्टर लाल पीली गोलियां देकर भोले भाले लोगों से मनमाने रूपए वसूलते हैं। कुछ डाक्टरों द्वारा नर्सिंग होम संचालित कर रहे हैं। जनपद में झोलाछाप डाक्टरों के कारण न जाने कितनी जच्चा-बच्चा अपने जाने गवां बैठे। जिले के सम्भल, चंदौसी, बबराला, बहजोई, असमोली, गवां,गुन्नौर आदि जगहों पर क्लीनिक एवं नर्सिंग होम संचालित हैं। लेकिन धड़ल्ले से निडर होकर संचालन किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो जिले भर में न जाने ऐसे कितने अल्ट्रासाउंड सेंटर और फर्जी लैब भी चल रही है। जिनके पास ना तो कोई रजिस्ट्रेशन है। ना डिग्री धारी डाक्टर है। जो की स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी से सब कुछ चल रहा है लेकिन स्वास्थ्य विभाग कुंभकरण की नींद सोए हुआ है। स्वास्थ्य विभाग केवल जब जाता है जब किसी की जान चली जाती है और मृतक के परिजनों द्वारा क्लीनिक एवं नर्सिंग होम पर हंगामा किया जाता है। तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर जाकर क्लीनिक व नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ कार्रवाई कर दी जाती है।

# एनएच हाईवे के कार्य पर डीएम ने जताई नाराज़गी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्रमुख एजेंडे पर चर्चा करते हुए रोड सेफ्टी को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार मे आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने जल निगम ग्रामीण द्वारा पैयजल पाईप लाइन के लिए काटे गए मार्गों को पुर्नस्थापित कराने के निर्देश दिए। जबकि मार्ग के किनारे खड़े वाहनों के चालान आदि की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिवाइडर पर उपले पाथ कर रखने वालों पर कार्यवाही के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने एनएच हाइवे के कार्यें को लेकर नाराजगी व्यक्त कर उसकी प्रगति बढ़ाने पर ज़ोर दिया। बैठक में एआरटीओ ने जानकारी दी कि परिवहन एवं पुलिस विभाग के संयुक्त रूप से मार्गों के किनारे खड़े वाहनां के विरूद्व एक चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुएरोड पर अतिक्रमण किसी दशा में नहीं होने और प्रत्येक दिशा में देख लेने के साथ स्कूली वाहनों के फिटनेस चैक करने के निर्देश दिए। डीएम ने गुड सेमेरिटन योजना के अर्न्तगत अच्छा कार्य की प्रशंसा करते हुए इस पर भी चर्चा की। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी, लोक निर्माण विभाग एक्सइएन सुनील प्रकाश, आरईडी एक्सइएन राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# भूजल संरक्षण व संचयन को रैली से किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भूजल जन जागरूकता मोटर साइकिल रैली का आयोजन कर भूजल संरक्षण व वर्षा जल संचयन को जागरूक किया गया। कलेक्ट्रेट सभागर से आयोजित रैली का शुभारम्भ जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया सीडिओ मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, झंडी दिखाकर भूजल संरक्षण का संदेश देकर रवाना किया। जितेन्द्र कुमार शुक्ल, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, गुलवीर सिंह, अवर अभियन्ता, राजेश कुमार, अवर अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग के कर्मचारीगण, पी.आर.डी. के

### कलेक्ट्रेट परिसर से आयोजित रैली जल संचयन को दिया संदेश

कर्मचारी, क्षेत्रीय कृषक एवं जन की मौजूदगी में भूजल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन जागरूकता रैली इस्लामनगर चौराहा होते हुए काली मन्दिर, मिनी स्टेडियम तक भूजल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन के लोक-गीतों, पम्पलेट, झंडे, बैनर एवं परिचर्चा के माध्यम के आम जनमानस को जाकरूक किया। जबकि लोक-गीत प्रचार वाहन द्वारा बहजोई नगर पंचायत के अन्दर एवं बाहर परिक्रमा के माध्यम से आम जनमानस को भूजल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन हेतु संदेश देते हुए भूजल सप्ताह का प्रभावी रूप से आयोजन किया।




सम्भल। दिल्ली बालिका गृह में मिली बच्चियों को उनकी मां को सौंपती बाल कल्याण समिति।

## विद्युत आपूर्ति का रहेगा शट डाउन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** विद्युत वितरण खंड बबराला के अधिशासी अभियंता अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि पावर ग्रिड नीमराना बरेली ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा कराये जा रहे 765 केवी लाइन के लिए कंडक्टर स्ट्रिंगिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र छपरा के 11 केवी घरेलू एवं कृषि पोषक बबनपुरी से पोषित ग्राम बबनपुरी औरंगाबाद की मढैया, करेला की मढैया, सिरोलिया, सुल्तानगढ़, ऊजलपुर, कीरतपुर आदि की विद्युत आपूर्ति 18, 20, 22 व 24 जुलाई 2025 को अपराहन 2 बजे से 6 बजे तक कुल 4 घंटे की अवधिके लिए बाधित रहेगी।

# धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी मिलने पर हर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने धन-धान्य कृषि योजना को कैबिनेट की मंजूरी मिलने पर हर्ष व्यक्त किया। यह योजना किसानों को आत्मनिर्भर बनाएगी।

भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय ने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना खेती को लाभदायक बनाएगी। किसानों को आत्मनिर्भर बनाएगी और गांवों को समृद्व बनाएगी। इस योजना के तहत देश के 100 कृषि जिलों में 11 मंत्रालयों की 36 योजनाओं का समन्वय किया जाएगा। यह योजना 6 वर्षों में 24,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ लागू होगी, जिससे 1.7 करोड़ किसानों को लाभ होगा। उन्होंने एनटीपीसी और एन एल सी आई एल की निवेश सीमा बढ़ाने के फैसले की भी सराहना की। इससे देश के ऊर्जा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को 2032 तक 60 गीगावॉट हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस दौरान सभासद मीना गुप्ता, अनुपमा वार्ष्णेय, अंजू वार्ष्णेय, आदि मौजूद रहीं।

# दिल्ली बालिका गृह में रह रही थी तीन माह से लापता दो बहनें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तीन माह पूर्व घर से लापता हुई बालिकाएं दिल्ली के बालिकाग्रहृ में रह रही थीं। बातचीत के दौरान उनका सम्भल जनपद के होने की जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने बाल कल्याण समिति से सर्म्पक कर खोज निकाला।दोनों बच्चियों को समिति ने उनके परिजनों को सौंप दिया।

थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा सिरसी निवासी 14 वर्षीय व 03 बर्षीय दो बालिकाएं तीन माह पूर्व अचानक घर से लापता हो गई थीं। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लग पाया था। इस बीच वो दोनों किसी तरह दिल्ली पहुंच गई, जहां वो दोनों संदिग्ध अवस्था में दिल्ली पुलिस को मिली। दिल्ली पुलिस द्वारा तुरंत बाल संरक्षण कानूनों के तहत उन दोनों बालिकाओं को बालिकागृह दिल्ली में भेज

### दिल्ली पुलिस के सहयोग से बाल कल्याण समिति ने परिजनों को सौंपा

दिया गया। पिछले तीन माह से वो दोनों दिल्ली के एक बालिका गृह में रह रही थीं। बातचीत के दौरान पता चला कि दोनों बच्चियां सम्भल जिले की हैं तो दिल्ली पुलिस ने बाल कल्याण समिति सम्भल से सम्पर्क किया, बाल कल्याण समिति के अथक प्रयास के बाद जब उन दोनों बच्चियों की पहचान पूरी तरह से सुनिश्चित हो गई, तो दिल्ली पुलिस उन दोनों बच्चियों को लेकर बाल कल्याण समिति सम्भल पहुंची और दोनों बच्चियों को न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया। बाल कल्याण समिति सम्भल में औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दोनों बच्चियों को सकुशल उसकी माता के हवाले कर दिया। पूर्व में भी ये बच्चियां घर से भाग चुकी हैं। ऐसे में बाल कल्याण समिति ने उसकी माता को सलाह दी कि वे बच्चों के साथ संवाद बनाए रखें, उनकी समस्याओं को समझें और उन्हें अकेलापन महसूस न होने दें। बाल कल्याण समिति की सक्रियता से दोनों बच्चियां सुरक्षित अपने घर पहुंच गई, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली है। बच्चियों की सुपुर्दगी देते समय बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता, सदस्य गौरव शर्मा, नूतन चौधरी,नीलम राय उपस्थित रहे।

# भीख मांगने वालों को दी जाएगी कौशल विकास ट्रेनिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भीख से सीख कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में भीख मांगने वाले लोगों को रोज़गार देने की योजना पर कार्रवाई करने तथा उन्हे सकूल भेजने में आ रही समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

भीख से सीख कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट परिसर में किया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में उम्मीद संस्था से डा. रैना शर्मा ने कार्यक्रम में अब तक हुई प्रगति की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कौशल विकास संबंधी ट्रेनिंग के लिए सुझाव दिए। डीएम ने कहा कि आर एस ई टी के द्वारा भीख मांगने वाले लोगों को ट्रेनिंग एवं रोजगार देने की योजना है। योजना को लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने भीख मांगने वाले बच्चों के स्कूल प्रवेश में आ रही समस्याओं के निस्तारण कारे भी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में भीख से सीख कार्यक्रम के अंतर्गत गठित टास्क फोर्स की एक मीटिंग 24 जुलाई को निर्धारित की गई है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण, उम्मीद संस्था से डा. रैना शर्मा, क्षेत्र समन्वयक गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

## गर्मी ने किया पसीने से तरबतर

**सम्भल।** गर्मी अपना सितम जमकर ढहा रही है। रोजाना रात ओर दिन में रूक-रूक की हो रही बारिश के थ्वमते ही सूरज की तपिश कम नहीं हो रही है। कभी धूप कभी छांव से पसीना तरबतर कर रहा है।



सम्भल। ग्राम खग्गूपुर में संगठन को धार देते पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी सूरज सिंह जाटव।

# बसपा बूथ स्तर पर पार्टी को कर रही है मजबूत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बसपा ने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करना शुरू कर दिया है। चुनाव से पूर्व आला कमान के निर्देश पर संगठन को कस रही बसपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी सूरज सिंह जाटव ने जिला व विधान सभा सैक्टरों की समीक्षा की और कहा कि अगर हम बूथ जीतेंगे तभी विधानसभा जीत पायेंगे। फिर 2027 में बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन कु. मायावती के नेतृत्व में पांचवी बार सरकार बनाने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होने कहा कि आज प्रदेश में चाहें वो किसान, हो मजदूर या फिर व्यापारी बहन जी की ओर देख रहा है,क्योंकि जब जब बहन जी की सरकार बनी सर्व समाज खुश रहा। जबकि वर्तमान सरकार ने स्कूलों को बंद कर गरीब बच्चों के साथ नाइंसाफी की है। बसपा की सरकार बनने पर यह सभी स्कूल चालू किये जायेंगे।

## मेगा कैम्प में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गुरूवार को बिजली घर पर सुधार मैगा कैम्प का तीन दिवसीय आयोजन हुआ। पहले दिन बड़ी संख्या मे बिजली से सम्बंधित उपभोक्ताओं ने अपने कम, बढ़ती बिजली के बिल, मीटर की खराबी तथा बिजली क लाईन आदि समस्याओं की जानकारी दी। एक्सईएन नवीन गौतम, एसडीओ प्रथम जेपी वार्ष्णेय, एसडीओ द्वितीय जीके गुप्ता, एसडीओ तृतीय राहुल सिंह, सरफराज कम्पयूटर आपरेटर आदि लोगों ने विभिन्न कर्मचारियों की उपस्थिति मे उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया।

# पुलिस ने चेकिंग के दौरान चरस के साथ युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** पुलिस ने हाइवे पर चैकिंग के दौरान युवक को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से 11सौ ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी के खिलाफ अवैध रूप से चरस का धंधा करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा रूद्र प्रताप सिंह थाना क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे। उप निरीक्षक बृजपाल सिंह हमराह हेड कांस्टेबल कुलदीप अत्रि, अब्बास जैदी और कांस्टेबल कपिल कुमार को साथ लेकर मुरादाबाद टिहरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर गश्त कर रहे थे। पुलिस शाम को साढ़े पांच बजे ढेला नदी के पुल पर वाहनों की चौकिंग कर रही थी। तभी गांव देवीपुरा दिशा से एक युवक हाथ में थैला पकड़े पुल की तरफ आता दिखाई दिया। युवक पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। शक होने पर पुलिस ने पीछा कर युवक को पकड़ लिया।

थैले में रखी काली पोलिथीन को सूंघकर देखा तो उसमें चरस की गंध आ रही थी। उप निरीक्षक ने डिप्टी एसपी ठाकुरद्वारा को मौके पर बुलाकर उनकी मौजुदगी में पिन्नी को खोलकर देखा तो उसके चरस होने की पुष्टि हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मौहम्मद शान पुत्र शमीम कुरैशी निवासी खद्दर बाजार भोजपुर बताया। पुलिस ने विवेचना किट के कांटे से बरामद चरस का वजन किया तो एक किलो सौ ग्राम निकला। पुलिस ने आरोपी को थाने में लाकर पूछताछ की। उसने बताया कि वह उत्तराखंड से चरस लाकर अपने मोहल्ले में बेचकर परिवार का पालन पोषण करता है। पुलिस ने बरामद चरस को सील कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर चालान कर दिया। सीओ ठाकुरद्वारा ने बताया की नशे के धंधेबाजों के तार उत्तराखंड से जुड़े हैं। उन्हें चिंर्हि. हत किया जा रहा है।

## कांवड़ यात्रा पर शांति-व्यवस्था बनाए रखने को पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**भोजपुर।** कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। गुरुवार को थाना परिसर में आयोजित ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं धार्मिक लोगों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने कहा कि श्रावण माह में चल रही कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग देना सभी संभ्रांत लोगों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना सबका कर्तव्य है। इसलिए छोटे मोटे विवाद होने पर गांव स्तर पर ही आपस में बैठकर निपटारा कर लेना चाहिए। इससे आपसी भाईचारा कायम रहता है। वरिष्ठ उप निरीक्षक महेश कुमार मलिक ने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए ग्राम प्रधानों को कांवड़ यात्रा एवं मंदिरों वाले रास्तों पर सफाई की विशेष सतर्कता बरतनी है। अगर बरसात का पानी रास्तों में जमा हो जाये तो समय रहते जलनिकासी का प्रबंध कर रास्तों में रोड़ा या सूखी मिट्टी डालकर रास्ते ठीक कर दें। ताकि यात्रा में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो और कावड़िए सुगमता से अपनी यात्रा पूरी कर सकें। बैठक में उपनि. रीक्षक बृजपाल सिंह, कुलदीप यादव, कपिल कुमार, राहुल राठी,कुलदीप अत्री, रोहित वर्मा, सत्येंद्र साहू, रमेश कुमार, अशोक कुमार, जितेन्द्र कुमार,प्रदीप सैनी, अब्बास जैदी, अविनाश अरोड़ा, जफर अली, नईम चौधरी, मौहम्मद हसन, मुरशद पाशा, नाजिर पाशा, इमरान, अजीम, नईम, अरीब जाकिर, मौहम्मद शान, अरमान अली आदि उपस्थित रहे।

# टेक महिंद्रा लिमिटेड कम्पनी में टिमिट के छात्र का इंटर्नशिप के लिए चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट ने विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं व इसे मैनेजमेंट शिक्षा में मंडल का प्रथम कॉलेज बनाया है।

टिमिट में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को संवारने के लिए प्लेसमेंट सेल लगातार नामचीनी कंपनियों की प्लेसमेंट ड्राइव व इंटर्नशिप ड्राइव आयोजित करता रहता है। इसी क्रम में बहुप्रतिष्ठित टेक महिंद्रा लिमिटेड ने बीबीए के शानू को ट्रेनी-एसोसिएट की पोस्ट पर नोएडा में ज्वाइनिंग प्रदान की है।इस अवसर पर प्रो. विपिन जैन डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड



शानू

मैनेजमेंट ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि वैश्विक स्तर की दिग्गज कंपनियों में कार्यप्रणाली सीखते हुए अपने सपनों को साकार करना ही व्यवसायिक बीबीए कोर्स का उद्देश्य होता है।

विद्यार्थियों को अब बाजार में हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये। टिमिट पूरे मंडल में सर्वोत्तम है व हमारे छात्रों को उच्चतम स्तर का प्लेसमेंट दिया जा रहा है। इस अवसर पर टिमिट कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और टीएमयू कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि टिमिट में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को संवारने के लिए प्लेसमेंट सेल लगातार नामचीनी कंपनियों की प्लेसमेंट ड्राइव व इंटर्नशिप ड्राइव आयोजित करता रहेगा।

# शिक्षकों की समस्या के समाधान की मांग को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलेट संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी छजलेट विकास कुमार से मुलाकात की और छजलेट ब्लॉक के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के बारे में खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में बीआरसी ऑफिस काँठ पर अध्यापकों की समस्याओं के समाधान हेतु हेल्प डेस्क की व्यवस्था करने , दिव्यांग भत्ते से वंचित दिव्यांग शिक्षकों को आवश्यक करवाई करते हुए शीघ्र दिव्यांग भत्ता प्रदान कराने , चयन वेतनमान से संबंधित लंबित



प्रकरणों का बीईओ स्तर से समाधान कराकर बीएसए कार्यालय को फॉरवर्ड करने और बीआरसी ऑफिस पर विभागीय एवं निजी कार्य से आने वाले शिक्षकों को उचित सम्मान दिए जाने की माँग की गई । खंड शिक्षा अधिकारी ने सहानुभूति पूर्वक सभी मांगों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए शीघ्र ही उनके निस्तारण की बात कही और बीआरसी कार्यालय पर हेल्प डेस्क एवं शिक्षकों को उचित सम्मान दिलाने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई । उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता है उनका सम्मान होना ही चाहिए यह गंभीर विषय है मैं इस पर स्वत: संज्ञान लूंगा और चयन वेतनमान एवं दिव्यांग शिक्षकों के दिव्यांग भत्ते के प्रकरणों को बीईओ स्तर पर शीघ्र निस्तारित करने का आश्वासन दिया । ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी और समस्त पदाधिकारियों ने बीईओ को समस्याओं पर तुरंत संज्ञान लेने के लिए धन्यवाद प्रस्तुत किया । इस अवसर पर ब्लॉक महामंत्री पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र बिश्नोई वरिष्ठ , वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, संयुक्त मंत्री शुजा उल हक ,उपाध्यक्ष विश्वास कुमार शर्मा ,योगिता, दीपाली अशोक कुमार यादव मंत्री रितेश चौधरी , सरिता रानी प्रचार मंत्री, आलोक कुमार संगठन मंत्री कुलदीप सिंह और घनश्याम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## चन्दौसी बार एसोसिएशन चुनाव नामांकन प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरु हो गई है। विभिन्न पदो के लिए अधिवक्ता प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ बार रुम में एल्डर कमेटी के समक्ष पहुंचकर अपने-अपने नामांकन कराए। वहीं दो दिन 16 व 17 जुलाई को नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। एल्डर कमेटी के चेयरमैन अनिल कुमार शर्मा समेत सदस्य शकील अहमद वारसी, मो. सगीर सैफी, राजबहादुर व लोकेन्द्र शर्मा ने दोपहर 12 बजे से शाम 04 बजे तक नामांकन पत्र जमा किए। एल्डर कमेटी के अनुसार, पहले दिन वरिष्ठ उपाध्यक्ष के एक पद, उपाध्यक्ष वरिष्ठ खंड के एक पद, उपाध्यक्ष कनिष्ठ खंड के दो पद, कोषाध्यक्ष के एक पद, सहसचिव पद हेतु पांच अधिवक्ताओं ने तथा गवर्निंग कौंसिल कनिष्ठ खंड हेतु तीन अधिवक्ताओं ने नामांकन कराया।

## एक नजर

### विश्व हिंदू परिषद ने कराया 10वे भंडारे का शुभारंभ



**कांठ।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा शिव भक्तों के लिए गांधी आश्रम में दसवां विशाल भंडारा पंडित जी द्वारा हवन करके वेदों के मंत्रों द्वारा शुरू कराया गया। जो की पूरे सावन माह चलेगा भंडारे में पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू ने हवन में आहुति देकर शिव भक्तों को माला पहनाकर सेवा शुरू की। इस अवसर पर हुकुम सिंह, सोमवीर सिंह, मोनू बिश्नोई बजरंगी विक्रांत सिंह अजयपाल तोमर अखिलेश चौहान सुमित शर्मा राहुल पाल हर्ष आवेश सैनी हरीश सैनी निपेंद्र प्रजापति सचिन अग्निहोत्री मुकुल चौहान कमल सैनी अभिषेक बिश्नोई आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बंदरों को पकड़ने के लिए हाजी उस्मान ने मथुरा से बुलाई टीम





**कांठ।** बंदरों की बढ़ती समस्या विकराल रूप लेती जा रही है , आए दिन बंदरों के हमलो की खबर सुनने में आती रहती है जिससे जान - माल का नुकसान भी होता रहता है। इसी समस्या को लेकर नगर पंचायत के जिम्मेदार लोगो ने चेयरमैन हाजी उस्मान अली से बन्दरो को पकड़वाकर बनो में छोड़े जाने की मांग उठाई थी। जिसके मद्दे-नजर चेयरमैन हाजी उस्मान अली ने मथुरा से स्पेशल टीम बुलायी , टीम ने बंदर पकड़ने के लिए जगह जगह पिंजरे लगाए। नागरिकों ने चेयरमैन से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की भी मांग की, जिस पर उन्होंने जल्दी ही कुत्ते पकड़वाने का लोगों को भरोसा दिलाया। नगर वासियों ने हाजी उस्मान अली का आभार व्यक्त किया है।

### पुरानी रंजिश के चलते थाने के सामने हमला , पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ।** थाना छजलैट के गांव मुंडा खेड़ी निवासी अजीत पुत्र बलबीर सिंह के मुताबिक उसका गाव के उदित पुत्र राजेन्द्र, अटल पुत्र राजेन्द्र, मनोज पुत्र सुरेन्द्र से पेडो को लेकर विवाद चला आ रहा है। काफी समय से उक्त लोग उसे जान से मारने की कोशिश करते आ रहे है। 16 जुलाई को वह छजलैट आया था थाने के पास ही दुकान से पानी की बोतल लेने गया था उसी दुकान पर गांव के उदित व मनोज बैठे थे अटल एक युवक के साथ बाहर वाइक के पास खडा था तभी वह उसे देखकर जान से मारने की धमकी देने लगा और कहा कि तुझे मारने की काफी दिन से तलाश कर रहे थे। आज तुझे कोई नही बचा पाएगा और चारो लोग मारने को उसके पीछे दौडे मनोज व उदित के हाथ मे चाकू थे जब की बाहर खड़े अटल व अन्य के हाथ मे लोहे की राड थी। वह जान बचाकर भागा तो चारो ने थाने के सामने उस पर हमला कर दिया शोर सुनकर पुलिस बाहर आ गयी दो आरोपियो को पकड कर थाने ले गयी दो आरोपी वाइक लेकर छजलैट गांव के अन्दर भाग गये। पुलिस ने चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## बारिश के चलते तेंदुओं ने किया आबादी का रुख मकान की छतों पर बैठकर कर रहे आराम



**कांठ।** पहले तो तेंदुओ के जंगल और खेतों में देखे जाने की बात सामने आती रहती थी लेकिन अब तेंदुओ ने आबादी की ओर रुख कर लिया है जानकारी के मुता. बिक बरसात होने के कारण तेंदुए अब मकानो के ऊपर अपना बसेरा कर रहे हैं। रात नगर निवासी नईम सैफी के निर्माणाधीन प्रतिष्ठान की छत पर एक तेंदुआ बैठा देखा गया अचानक प्रतिष्ठान पर पहुंचे नई सैफी एवं अन्य साथ के लोगों ने टॉर्च जलाई तो तेंदुआ छत से कूद कर भाग गया। इससे पहले तेंदुआ निकट ही कासमपुर गांव में घुसकर मकान की छत पर एक बकरे पर हमला कर चुका है। तेंदुओं द्वारा आबादी की ओर रुख करने से अब गांवो में दहशत का माहौल है पेली बिश्नोई गांव में तो तेंदुआ कई बछड़ों को अपना शिकार बना चुका है क्षेत्र के लोगों ने अलग-अलग जगह पर पिंजडे लगवा कर तेंदुओ को पकड़वाए जाने की मांग उठाई है।

# कंट्रोल रूम का रास्ता बरसात के पानी से बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सैकड़ो गांवों का अंधेरा दूर करने वाले, नलकूपों के माध्यम से जीवनदायक खाद्यान्न का पोषण करने वाले ग्रामीण बिजली घरों का हाल ठीक उसी तरह से है जैसे चिराग तले अंधेरा वाली कहावत। पहले नगर में स्टेशन रोड स्थित ग्रामीण विद्युत उपग्रह को ले लीजिए यहां मुख्य डामर रोड से कंट्रोल रूम तक जाने वाला खड़ंजा काफी पुराना होने के कारण नीचे बैठ गया है जो बरसात में एक नदी जैसा रूप ले लेता है जिसमें अधिकारी कर्मचारी और उपभोक्ताओं को पानी में घुसकर ही जाना पड़ता है। इतना ही नहीं पूरे कैंपस में कंट्रोल रूम के अंदर पानी घुस जाता है जिसकी नमी से



अक्सर मशीनें खराब होती हैं बिजली बाधित होती है जिसका खामियाजा निर्दोष उपभोक्ताओं को उठाना पड़ता है। इस रास्ते को ऊंचा करके बनवाने की मांग कभी से उठाई जा रही है परंतु सुनने वाला कोई नहीं।

दूसरे नेशनल हाईवे नंबर 509 से इब्राहिमपुर के सामने सफीलपुर विद्युत उपग्रह का भी यही हाल है मुख्य मार्ग से कंट्रोल रूम तक जल भराव और कीचड़ है जहां आना-जाना अत्यंत जोखिम भरा काम है आसपास झाड़ियां में विषैले कीड़े हैं जिससे स्टाफ और उपभोक्ता सभी खतरे में है। इन दोनों बिजली घरों के आवास भी जर्जर हो चुके हैं जो कर्मचारियों के रहने लायक नहीं है इन्हें भी नया करके बनवाया जाए, सुरक्षा की व्यवस्था कराई जाए तो कर्मचारी यहीं निवास करेंगे और काम भी अच्छा होगा। एसडीओ सहसपुर और बिलारी का कहना है कि दोनों रास्तों को ऊंचा करके अच्छी प्रकार से बनवाया जाएगा। फिलहल बरसात के दौरान यहां रोड़ा डलवा कर चलने लायक बनाया जाएगा।

# सहसपुर के विद्युत शिविर में एसडीओ ने किया 10 शिकायतों का समाधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** विद्युत उपखंड कार्यालय सहसपुर में एसडीओ राम मनोहर यादव की अध्यक्षता में विशेष शि. विर लगाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया। कुल ग्यारह उपभोक्ताओं ने शिविर में पहुंचकर अपना पंजीकरण कराया। जिनमें से छह शिकायतों का समाधान कर दिया गया। एक शिकायत मीटर रीडिंग से संबंधित थी जो सहायक अभियंता मीटर को समाधान के लिए प्रेषित की गई। शिविर के दौरान चार उपभोक्ताओं के त्रुटि पूर्ण बिल में सुधार किया गया। शि. विर के दौरान मौजूद क्षेत्र के कुछ उपभोक्ताओं ने बताया की एसडीओ समय से कार्यालय पहुंचकर पहले उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनते हैं और उनका यथोचित समाधान कराते हैं इसके उपरांत स्टाफ की परेशानी पूछते हैं। क्षेत्र की विद्युत लाइनों की समीक्षा करते हैं ताकि उपभोक्ताओं को बिजली मिलती रहे।

# सास-बहू सम्मेलन का किया गया आयोजन



**बिलारी।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर कासी स्वास्थ्य केंद्र पर सास बेटा बेटा बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हरिश. चंद्र द्वारा लाभार्थियों को परिवार नियोजन अपनाने के लाभ बताएं एवं परिवार पूरा होने पर अपनी सुविधा के अनुसार साधन चयन करने हेतु परिवार कल्याण के साधनों की जानकारी दी जिसमें आईयूसीडी पींपी आईयूसीडी कंडोम महिला नसबंदी पुरुष नसबंदी एवं प्रॉपर्टी अंतरा इंजेक्शन आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी तथा दो बच्चों पर परिवार सीमित करने के लाभ भी बताए गए सांस बेटा बहु सम्मेलन में मुख्य रूप से ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद दीपक कुमार सीएचो एएनएम आशा सैनी आशा संगिनी सभी आशाएं उपस्थिति रही ईसी प्रकार खानपुर, नारायणपुर देव, जरगांव आदि केदो पर भी सास बेटा बहू सम्मेलन आयोजित किए गए।

## भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में भीख से सीख कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उम्मीद संस्था से डॉ. रैना शर्मा ने कार्यक्रम में अब तक हुई प्रगति के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण, उम्मीद संस्था से डॉ. रैना शर्मा, क्षेत्र समन्वयक गौरव कुमार सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# थ्री व्हीलर व ई-रिक्शा के कारण कांवड़ियों के साथ हो सकता है किसी भी दिन बवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** पुराने बस स्टैंड पर लगा थ्री व्हीलर का जमाबवाड़ा सावन माह में कॉवडीयों के विरोध का कारण बन सकता है इनकी बढ़ती संख्या के कारण आवागमन भी प्रभावित हो रहा है सभी जानते हैं कि इस वक्त कावड यात्रा चल रही है जिसके चलते शासन ने मुख्य मार्गो को अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश दिए हैं।

पुराने बस अड्डे पर बस रुकने के कारण अक्सर जाम लगने की शिकायत रही है लेकिन अब पुलिस की शक्ति देखकर बसों ने तो काफी हद तक वहां खड़े होना बंद कर दिया है मगर उनकी जगह थ्री व्हीलर ने ले ली है बसों का संचालन वहां तक न होने के कारण थ्री व्हीलर धामपुर और मुरादाबाद के लिए सवारी ला और ले जा रहे हैं लेकिन उनके साथ-साथ ई-रिक्शाओं का वहां पर खड़े होना अब कांवड़ यात्रा में बाधक बन रहा है। ई रिक्शा चालकों की लापरवाही किसी भी दिन बवाल का कारण बन सकती है।

हालांकि कुछ लोगों ने इस मामले को पुलिस के संज्ञान में डाला है पुलिस इस पर विशेष नजर भी बनाए हुए हैं मगर पुलिस के हटते ही थ्री व्हीलर और ई रिक्शा वाले अपनी पुरानी आदत के अनुसार कहीं भी अपना वाहन खड़ा करके सड़क पर मोड रहे हैं जो कि कभी भी विवाद का कारण बन सकता है।




**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र प्रदीप सक्सेना व पुत्रवधू श्रीमती मीनाक्षी सक्सेना को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। श्रीमती सुधा पत्नी स्व. दर्शन लाल सक्सैना निवासी सरस्वती विहार थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र मोईन उर्फ रोसी को उसके गलत चल-चलन के कारण अपने व अपने परिवार के सम्बन्ध विच्छेद करता हूं तथा अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अगर भविष्य में मोईन उर्फ रोसी कोई कृत्य करता हैं तो वह स्वंय उसका जिम्मेदार होगा। मैं व मेरे परिवार का उससे कोई संबंध नहीं है ना भविष्य में होगा। मुनव्वर अली पुत्र सरफराज निवासी मौहल्ला ततारपुर कस्बा अगवानपुर थाना सिविल लाईन जिला मुरादाबाद, हाल निवासी धर्म कांटे के पास ईदा मियां के मजीर के पीछे कस्बा अगवानपुर थाना सिविल लाइंन, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र गौरव व पुत्रवधू श्रीमती दीक्षा को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
राजकुमार पुत्र स्व0 श्याम सुन्दर निवासी बंगला गांव कोमट वाली गली, गली नम्बर-12 थाना नागफनी, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अनमोल को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में अनमोल के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **विनय कुमार पुत्र छोटे लाल निवासी निकट शिवपुरी थाना कटघर, अम्बेडकरनगर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# लेखपाल रिश्वत लेते गिरफ्तार

## ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट के नाम पर मांगी थी 5 हजार की रिश्वत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** लंबे समय से विवादित रहे लेखपाल को एंटी करप्शन की मुरादाबाद यूनिट में रिश्वत के साथ गिरफ्तार कर लिया है। मुरादाबाद में एंटी करप्शन की टीम ने लेखपाल दिनेश चौधरी को 5,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बुधवार दोपहर 2 बजे के आसपास की गई है। दरअसल, शिकायतकर्ता मेहरबान की बेटी के लिए ईडब्लूएस आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए दस प्रतिशत आरक्षण लाभ प्राप्त करने के लिए प्रमाण पत्र बनाने के एवज में लेखपाल दिनेश चौधरी ने 5,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत मिलने के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने जाल



बिछाया और लेखपाल को रंगे हाथों पकड़ लिया। लेखपाल दिनेश चौधरी तहसील बिलारी जनपद मुरादाबाद में तैनात हैं। उन्हें ग्राम जेतपुर पट्टी शौकत अली के मकान के सामने पाकड के पेड के नीचे मुरादाबाद व अलीगढ हाईवे के पास से गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी लेखपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्यवाही थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद पर की जा रही है।

# भक्तामर विधान एवं नवग्रह हवन के साथ हुई विश्व कल्याण की कामना

## बीएमबीएल जैन कॉलेज, नाधौस में सेवा न्यास ने किया धार्मिक आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के तत्वावधान में ग्राम नाधौस स्थित बीएमबीएल जैन कॉलेज परिसर में गुरुवार को विश्व कल्याण और लोकमंगल की कामना को लेकर भक्तामर विधान एवं नवग्रह पूजन हवन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यास के अध्यक्ष पवन कुमार जैन एवं कोषाध्यक्ष अलका जैन मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। वैदिक विधि-विधान से अनुष्ठान का संचालन पं. नीरज जैन शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया। इस अवसर पर अध्यक्ष पवन कुमार जैन ने कहा किख्र "ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ते हैं।" आयोजन के दौरान उपस्थितजनों ने भक्तिभाव से आहुतियाँ अर्पित करते हुए राष्ट्र, समाज एवं संपूर्ण सृष्टि के कल्याण की प्रार्थना की। कार्यक्रम में बीएमबीएल जैन कॉलेज के निदेशक संभव जैन, करियर काउंसलर राजीव



गुप्ता (सोनीपत), अंकित, नेत्रपाल सिंह, सौरभ सक्सेना, अक्षय राठौर, डॉ. मनोज, देवेंद्र यादव, अखिलेश कुमार, विनोद कुमार, कुश नंदन, जसवीर सिंह, नागेश कुमार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे परिसर में धार्मिक वातावरण एवं श्रद्धा का उल्लासपूर्ण दृश्य देखने को मिला। आयोजन को सफल बनाने में न्यास के सदस्यों एवं कॉलेज परिवार का विशेष योगदान रहा

# उधार की रकम मांगने पर भूमि विक्रेता के ब्लॉक प्रमुखपति को चाकू से हमला कर घायल करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** भूमि विक्रेता से ब्लॉक प्रमुख पति अपनी रकम मांगना उसे समय भारी पड़ गया जव रुपए मांगते ही भूमि विक्रेता ने सरे रहा ब्लॉक प्रमुख पति के साथगाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी । जिसमें ब्लॉक प्रमुख पति चाकू लगने से घायल हो गए थे । जबकि मारपीट के मामले में भूमि विक्रेता भी घायल हो गया था । दोनों पक्षों ने मेडिकल कराकर कोतवाली पुलिस कोतहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की थी लेकिन पुलिस ने ब्लॉक प्रमुख पति द्वारा भूमि विक्रेता को पीटने की वीडियो वायरल होने के आधार पर भूमि विक्रेता की तहरीर पर रंगदारी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था । जबकि ब्लॉक प्रमुख पति दो वीर सिंह को भूमि विक्रेता द्वारा पीटने की वीडियो वायरल दिखाने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने भूमि विक्रेता पियूष चौहान उर्फ चिंटू पुत्र विनोद कुमार के खिलाफ ब्लॉक प्रमुख पति पर हमला कर घायल करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है । ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी उत्तराखंड के निजी चिकित्सालय में भर्ती है। ब्लॉक प्रमुख पति ने वीर सिंह सैनी ने पुलिस में दी तहरीर में कहा था कि वह अपनी कार से तिकोनिया पुलिस चेक पोस्ट के पास वसीम डेन्टर की दुकान गया था। तभी पीयूष चौहान पुत्र विनोद चौहान व अज्ञात व्यक्ति जो पहले से वहां पर मौजूद थे। जिसपर पीड़ित ने पीयूष चौहान से अपने उधार के 17 लाख रुपये मांगे तो पीयूष चौहान ने उसके साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया और कहने लगा में तुझे थाने में ही देखूंगा क्योंकि पीड़ित ने पूर्व में उधार के पैसों के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी। पीड़ित ने गाली गलौज का विरोध किया तो उक्त व्यक्ति ब्लॉक प्रमुख पति के साथ मारपीट शुरू कर दी उसके शोर मचाने पर पियूष चौहान ने चाकू से पीड़ित पर हमला कर घायल कर दिया । उसकी चीख पुकार सुनकर वहा मौजूद राजीव , गुलफाम, ने पीड़ित को बचाया आरोप है कि पीयूष ने रिवाल्वर निकाल कर धमकी देते हुए कहा कि इस वार तो वच गया तुझे बाद मे देखूंगा । पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पीयूष चौहान सहित एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# युवक ने मां और रिश्तेदारों पर लगाए गंभीर आरोप, मकान पर अवैध कब्जा

**■ पीड़ित ने डीआईजी से लगाई न्याय की गुहार**

**ठाकुरद्वारा।** नगर एक युवक ने अपनी मां और कुछ रिश्तेदारों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र सौंपा है। आरोप है कि युवक की मां ने मोहल्ले के कई युवकों से अवैध संबध बनाती है। इन अवैध संबंध बनाए जाने का विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर घर से बाहर निकालना चाहित और उसके मकान की रजिस्टी एक युवक के नाम करा दी है।

नगर के मोहल्ला निवासी एक युवक ने डीआईजी मुरादाबाद को शिकायत पत्र भेजकर बताया कि उसके पिता विदेश में नौकरी करते है। घर में मेरी और मेरी नाबालिंग बहन रहते है। आरोप है कि मेरी मां का चाल चलन ठीक नही है। मेरे मां के मोहल्ले के ही तीन युवकों से अवैध संबध है। पूरे दिन तीन युवको मेरे घर पर रहते है। इतना ही मेरे नाबालिग बहन के साथ गलत काम करने का प्रयास करते है। पीड़ित ने बताया कि उसकी मां ने मेरे नाबा. लिग बहन को तीनो में एक युवक को 20 हजार रूप से बेच दिया है। इतना ही नही मेरे मां ने मकान की रजिस्टरी भी एक तीनों युवको में एक युवक के नाम करा दी है, जबकि मकान के पिता के नाम है। इस साजिश में उसके रिश्तेदार भी शामिल है।

जबकि उसकी मां फरार है। उक्त दबंग युवकों ने उसके मकान पर कब्जा भी कर दिया है। पीड़ित अपनी नाबालिग के बहन के साथ दर दर भटक रहा है। पीड़ित ने इस मामलें कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन कोतवाली पुलिस द्वारा पीड़ित की शिकायत को ठंड वस्ते में डाल दिया गया । बृहस्पतिवार को पीड़ित ने डीआईजी मुरादाबाद को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## एक नजर

### महासेवा शिविर का किया गया आयोजन



**मुरादाबाद।** उच्च प्रबंधन उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ,लखनऊ के निर्देशानुसार 17 जुलाई से 19 जुलाई तक महासेवा शिविर का आयोजन होना है जिसके चलते आज दिनांक 17 .7.2025 को उपखंड कार्यालय मझोला पर विद्युत संबंधी शिकायत हो के निस्तारण हेतु महाशिवर का आयोजन किया गया कैंप में अधीक्षण अभियंता महोदय, वितरण श्री सुनील कुमार अग्रवाल, अधिशासी अभियंता महोदय वितरण श्री अमरीश कुमार, उप खंड अधिकारी मझोला सर्वेश कुमार ,उपखंड अधिकारी बिलारी अवधेश कुमार, उपखंड अधिकारी चौधरपुर अजय कुमार ,सहायक अभियंता परीक्षण खंड सील प्रकाश पाण्डेय सील अवर अभियंता वितरण विनोद कुमार अवर अभियंता परीक्षण राम दयाल सिंह एवं संबंधित बिलिंग क्लर्क मौजूद रहे कैंप के दौरान गलत बिल मीटर बदलने जैसी कुल 43 शिकायते प्राप्त हुई जिसमें 17 शिकायतों का निस्तारण तत्काल किया गया आगामी 18 व 19 जुलाई को भी सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कैंप का आयोजन किया जाएगा सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि कैंप में अपनी शिकायती पत्र के साथ उपस्थिति दर्ज कराएं एवं आयोजित महा सेवा शिविर का लाभ उठाए।

### सुरेश जैन ने किया प्रेम प्रकाश जैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**कुन्दरकी।** मदन स्वरूप इंटर कालेज हरियाना के संस्थापक प्रेम प्रकाश जैन की पुण्यतिथि पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सुरेश जैन व उनके भाई अनिल जैन ने पूरे परिवार के साथ कालेज मे प्रतिमा व समाधि स्थल के समक्ष माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि प्रकट की। बक्ताओ ने प्रेम प्रकाश जैन के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा प्रेम प्रकाश जैन ने अनेकों सामाजिक कार्य किये जिन्हें कभी नही भुलाया जा सकता।

वह अपने जीवन मे सरल स्वभाव के ब्यक्ति रहे हैं। उनकी कार्यशैली से लोग बेहद प्रभाबित रहते थे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक में मारी टक्कर, मां-बेटा घायल

**ठाकुरद्वारा।** मुरादाबाद मां की दवाई लेकर बाइक से लौट रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार कर चालक ने टक्कर मार दी । जिसमें मां बेटा घायल हो गए । राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनों भाइयों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया । घायल युवक का उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया ।

जनपद रामपुर के थाना मसवासी गांव रहमतगंज निवासी नरेश कुमार पुत्र वेद प्रकाश अपनी मां जमुना देवी को मुरादाबाद दवाई दिला कर अपने घर वापस लौट रहा था । ठाकुरद्वारा मुरादाबाद रोड पर मुंशीगंज के निकट तेज रफ्तार कर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें दोनों मां बेटे गिरकर घायल हो गए बाइक में सतिग्रस्त हो गई । घायलो को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से ठाकुरद्वारा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने युवक का प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया जबकि घायल जमुना देवी की हालत सामान्य है।

# मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप



**मुरादाबाद।** थाना कटकर क्षेत्र के अंतर्गत लगने वाली चौकी पितल बस्ती इलाके में बुधवार रात रास्ते के मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया जानकारी के मुताबिक एक बुलेट मोटरसाइकिल का हैंडल रहा चलते व्यक्ति से टकरा गया। जिससे कहा सुनी शुरू हो गई देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडें और पथराव शुरू हो गया। इस हिंसक झड़प में दोनों और से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पा लिया और घायल लोगों को तुरंत जिला अस्पताल में एंबुलेंस की मदद से भेजा गया जहां पर उनका उपचार चल रहा है। कटघर थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि शुरू ही जांच में यह विवाद बुलेट हैंडल टकराने से शुरू हुआ था दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर मेडिकल परीक्षण कराया गया है और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जो भी साक्ष्य सामने आयेंगें उनके आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। स्थिति अब नियंत्रण में है पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# शिव मठी मंदिर की भूमि पर अवैध निर्माण को रोके जाने की मांग को लेकर उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के श्री शिव मंदिर मढ़ी सभा ठाकुरद्वारा की ओर से एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को मढी मंदिर की गाटा संख्या 595 पर हो रहे अवैध निर्माण के संबंध में ज्ञापनदिया गया।

गुरुवार को शिवमणि मंदिर सभा के कार्यकर्ता लक्ष्य कॉलेज मे पहुंच कर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह के नेतृत्व में शिव मठी मंदिर के मंत्री कमलेश कुमार अग्रवाल ने उपमुख्यमंत्री को बताया की फतुल्लाहगंज की गाटा संख्या 595 पर राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल का अवैध निर्माण किया जा रहा है जो की खतौनी में मठी मंदिर का नाम दर्ज है नगर पालिका परिषद द्वारा मंदिर परिसर की भूमि गाटा संख्या 595 को अपनी भूमि वताकर प्रस्ताव भेज दिया था । पता चलने पर मंदिर कमेटी के लोगों ने इस संबंध में ठाकुरद्वारा एसडीएम प्रीति सिंह को समस्त अभिलेखों के साथ शिकायती पत्र देकर नगर पालिका द्वारा




दिए गए प्रस्ताव को गलत बताते हुए मंदिर परिसर की भूमि में हो रहे निर्माण को रोके जाने की मांग की थी ।वही मंडलाआयुक्त ने एस डीएम ठाकुर द्वारा को कार्य न करने के लिए निर्देशित किया था उसके बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया था लेकिन अस्पताल का निर्माण कार्य तीन दिन पूर्व शुरू कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने आश्वा. सन दिया उपमुख्यमंत्री केसव प्रसाद मौर्य ने निर्माण कार्य रोकने के संबंध में जिलाधिकारी से जांच करा कर उचित कार्रवाई कराये जाने काआश्वासन दिया । उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन देने मे संजीव सिंघल, रचित कुमार अग्रवाल , कमलेश कुमार, कुशल अग्रवाल, संदीप कुमार , नवनीत सिंहल ,विनोद कुमार आदि मौजूदरहे।

# अधिशासी अधिकारी व नगर अध्यक्ष ने कराया एंटी लार्वा का छिड़काव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नवनिर्वाचित अधिशासी अधिकारी एवं नगर अध्यक्ष मोहम्मद याकूब द्वारा नगर के सभी बार्डो मे एंटी लारवा छिड़काव किया गया जिससे नगर के सभी बार्डो मे किसी भी तरह की कोई भी बीमारी नही होनी चाइये विजय आनंद ने पाकबड़ा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी पद का कार्यभार ग्रहण, कर सुशासन और विकास का दिया भरोसा नगर के सभी लोगों को आश्वासन दिया कि नगर में किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। पंचायत पाकबड़ा में एक नई प्रशासनिक शुरूआत हुई जब विजय आनंद ने अधिशासी अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे जनपद रामपुर की मसवासी नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि वे शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारते हुए नगर के समुचित विकास करेंगे के नवागत अधिशासी अधिकारी विजय आनंद के आगमन पर नगर पंचायत अध्यक्ष व उनकी टीम ने





गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस मौके पर चेयरमैन मोहम्मद याकूब समेत नगर पंचायत के अन्य सदस्यों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में नगर विकास को नई दिशा मिलेगी। विजय आनंद ने कहा कि नगर पंचायत पाकबड़ा के समुचित और संतुलित विकास के लिए एक स्पष्ट कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में साफ-सफाई, पेयजल, सीवर, सड़क, स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचे, यह उनकी प्रमुख जिम्मेदारी होगी। नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने भी विश्वास जताया कि विजय आनंद जी के अनुभव और प्रशासनिक कार्यशैली से पाकबड़ा नगर पंचायत को एक नई दिशा और गति मिलेगी। जनता को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं देने के लिए सभी का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर मोके पर नगर पंचायत के कर्मचारी, एबं सभासद, गढ़ मौजूद रहे।

# बसपा सरकार में लोगों को गिनाई उपलब्धियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद की नगर विधानसभा के सेक्टर अध्यक्ष जतिन कुमार सागर के आवास पर आवास विकास बुद्धि विहार में बूथ कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हरद्वारी लाल गौतम मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मण्डल ने मुरादाबाद की नगर विधानसभा के सेक्टर आवास विकास की बूथ बुद्धि विहार की गठन कराया और समीक्षा की, उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा की सेक्टर कमेटी/बूथ कमेटीयों का गठन पूरी ईमानदारी के साथ किया जा रहा है। अब अनिवार्य रूप से 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनेगी,समीक्षा बैठक में वहन मायावती को उत्तर प्रदेश का 2027 में मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प भी लिया गया, वक्ताओं ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी एक राजनीतिक दल के साथ-साथ एक महापुरुषों का मिशन भी है, बहुजन समाज पार्टी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की एक विचार धारा है ,बैठक में मुख्य रूप से अमर सिंह पूर्व जिला प्रभार राजेश सागर सदस्य जिला



कार्यकारिणी),मुकेश कुमार (नगर विधानसभा प्रभारी), अरुण कुमार रिंटू ( अध्यक्ष नगर विधान सभा) ने अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्मल सिंह सागर एडवोकेट (जिला अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी मुरादाबाद)तथा संचालक जतिन कुमार सागर( सेक्टर अध्यक्ष बुद्धि विहार),ऋषभ गौतम( बूथ सचिव), अभिनव सागरबूथ सचिव, शुभम कुमार( बूथ सचिव) आदि लोग उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव कम होने पर क्षेत्र की आशाओं को अंतिम चेतावनी

**ठाकुरद्वारा।** चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य ठाकुरद्वारा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ीकरीब दो दर्जन से अधिक आशाओं द्वारा 1 अप्रैल 2025 से 17 जुलाई 25 तक अस्पताल में एक भी डिलीवरी (प्रसव ) नहीं कराई गयी । साम. ुदायिक स्वास्थ्य ठाकुरद्वारा पर सभी आशाओं को अंतिम चेतावनी दी गई है यदि उनके द्वारा इस माह साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुर द्वारा पर प्रसव नहीं कराया जाता है तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु संस्तुति की जाएगी । चिकित्सा अधीक्षक ने इस संबंध में नोटिस भी जारी कर अंतिम चेतावनी दी है कि अभी तक इन आशाओं द्वारा लगातार लापरवाही बढ़ती जा रही है । और उनकी जांच भी कराई जा रही है कि जो आशाएं अस्पताल में डिलीवरी नहीं कर रही हैं तो उनके गांव की डिलीवरी कहां पर हो रही है । दूसरे स्थान पर डिलीवरी कराने किस साक्ष्य प्रस्तुत होते हैं तो उनके विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्यवाही कराई जाएगी । जिसमें क्षेत्र के गांव बहादुर नगर निवासी कमलेश देवी व हेमवती , ख्वाजपुर की रामवती, कुडेंसरा की लक्ष्मी देवी , पंडितपुर की रेखा देवी, नारायणपुर की कमलेश देवी , टांडा आलम की वीरवती, ताराबाद की सरिता देवी वीरवती , दारापुर दीपा अ मानताबाद की रीना देवी, अमान् तावाद मंडिया सरोज देवी, पट्टी चौहान की रोशन परवीन, फरीदनगर उर्मिला देवी, भरतावाला विमला देवी, कटारमल पारुल शर्मा, मैसूवाला कमलेश देवी, टंडोला सरोज देवी, लेदा की रीता देवी, रतपु रा की दीपिका , खाई खेड़ा की माया देवी को अंतिम चेतावनी दी गई है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन एवं ई.वी चार्जिंग कम पार्किंग के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ **website: www.ireps.gov.in** पर दिनांक **01.08.2025** को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**2158/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खोया-पाया सूचना

मेरी इंटरमीडिएट वर्ष 2023 अनुक्रमांक नंबर 2235650446 अंकपत्र-प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जिस किसी सज्जन को मिले निम्न पते पर सूचित करें। **मोहम्मद समीर पुत्र आशिक अली निवासी इस्लाम नगर पुराना पुलिस स्टेशन के पीछे पाकबड़ा, थाना पाकबड़ा, जिला मुरादाबाद।**

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम ZAKIR ALI BEG था, अब मैंने अपना नाम **ZAKIR ALI BAIG** पुत्र श्री स्व. **SABIR ALI BAIG** कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी गली कालू बेग मुगलपुरा 2, मुरादाबाद।

# मैनचेस्टर में पहली जीत की तलाश में उतरेगा भारत



● भारतीय टीम मैनचेस्टर में इंग्लैंड से 23 जुलाई से भिड़ेगी, भारत को यहां 9 में से 4 मुकाबलों में हार मिली जबकि 5 मैच रहे ड्रा

**मैनचेस्टर, वार्ता।** लॉर्ड्स टेस्ट में मिली रोमांचक हार के बाद भारतीय टीम अब मैनचेस्टर में इंग्लैंड से 23 जुलाई से भिड़ेगी। इस मैदान पर भारतीय टीम का टेस्ट रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है और टीम को यहां नौ में से चार मुकाबलों में हार मिली है, जबकि पांच मैच ड्रॉ रहे हैं।

### आइए डालते हैं यहां के इतिहास पर एक नजर।

**विजय मर्चेंट** और मुश्ताक् अली का शतक, 1932 भारतीय टीम ने इस मैदान पर पहला मुकाबला 1936 में खेला था, तब टीम के कप्तान विजयनगरम के महाराजा हुआ करते थे। यह मैच ड्रॉ रहा था, लेकिन दूसरी पारी में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाजों विजय मर्चेंट और मुश्ताक अली ने शानदार शतक लगाया था और पहले विकेट के लिए 203 रनों की साझेदारी की थी। यह वही मुश्ताक अली हैं, जिनके नाम पर भारत का घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक् अली ट्रॉफी खेला जाता है। यह पहली बार था, जब भारत के दो बल्लेबाजों ने एक ही पारी में शतक लगाए हों।

### लाला अमरनाथ और वीनू मांकड़ का पंजा, 1946

1946 में खेला गया यह मैच भी ड्रॉ रहा था, लेकिन इस मैच को लाला अमरनाथ और वीनू मांकड़ के पंजे के लिए जाना जाता है। यह पहली बार था, जब भारत के किन्हीं दो गेंदबाजों ने एक ही पारी में पंजा हासिल कर पूरी टीम को पवेलियन भेजा हो। भारतीय टीम के इतिहास में ऐसा सिर्फ पांच बार और हुआ है। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने मध्यम तेज गेंदबाज अमरनाथ और बाएं हाथ के स्पिनर मांकड़ की मदद से इंग्लैंड को सिर्फ 294 रनों पर सिमेट दिया था। हालांकि भारतीय टीम सिर्फ 170 रन पर सिमट गई, जिसमें एक बार फिर मर्चेंट और मुश्ताक के बीच शतकीय साझेदारी शामिल थी। दूसरी पारी में दोबारा अमरनाथ ने तीन और मांकड़ ने दो विकेट लिए, लेकिन अंत में यह मैच ड्रॉ रहा।

### टेस्ट में उस समय का भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर, 1952

इस टेस्ट की पहली पारी में भारतीय टीम फ्रेंड ट्रूमैन के घातक गेंदबाजी (8 विकेट) के सामने सिर्फ 58 रन पर सिमट गई थी, जो उस समय का भारत का संयुक्त रूप से न्यूनतम टेस्ट स्कोर था। 1947 में भारत, ऑस्ट्रेलिया के सामने ब्रिस्बेन में भी 58 रन पर ऑलआउट हुई थी। खैर, पहली पारी में 58 पर ऑलआउट होने के बाद दूसरी पारी में भी कुछ खास नहीं कर सकी और 82 रन पर ऑलआउट हो गई, जो उस समय भारतीय टेस्ट क्रिकेट का न्यूनतम तीसरा स्कोर था। इस बार एलेक बेडसर ने इंग्लैंड की टीम की ओर से पंजा लिया और इंग्लैंड की टीम पारी और 207 रनों से यह मैच जीत गई।

### उमरीगर और अब्बास अली का शतक गया बेकार, 1559

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने सुरेंद्र नाथ के पंजे के बावजूद 490 का बड़ा स्कोर खड़ा किया, जवाब में भारतीय टीम पहली पारी में सिर्फ 208 रन ही बना सकी। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में आठ विकेट के 265 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी और भारत को 548 का बड़ा लक्ष्य दिया। भारत की तरफ से दूसरी पारी में पाली उमरीगर (118) और अब्बास अली (112) ने शानदार शतक लगाया, लेकिन दोनों भारतीय टीम को 171 रनों की एक बड़ी हार से बचा नहीं सके।

### बारिश ने भारत को बचाया 1971

पिछले लगातार दो मैचों में मिली हार के बाद मैनचेस्टर का यह मैच ड्रॉ हुआ था। इस मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में कप्तान रे इलिंगवर्थ की शतक की मदद से 386 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारतीय टीम सिर्फ 212 रनों पर ही सिमट गई, जिसमें सुनील गावस्कर और एकनाथ सोल्कर का अर्द्धशतक शामिल था। गावस्कर की यह दूसरी टेस्ट सीरीज थी और उन्होंने 57 रनों की पारी को अपने करियर का टर्निंग प्वाइंट माना था। कारण यह पिच एकदम ग्रीन टॉप विकेट थी और बादल से घिरे ठंडी हवाओं के झोकों में उन्हें जॉन प्राइस और पीटर लीवर जैसे तेज गेंदबाजों की नई गेंद का सामना करना था। लीवर ने पहली पारी में 88 रन बनाने के अलावा पांच विकेट लिए। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 245 रन पर पारी घोषित कर भारत को 420 रन का लक्ष्य दिया, लेकिन भारी बारिश होने और मैदान पर पानी भरने के कारण पांचवें दिन को रद्द घोषित कर दिया गया।

### गावस्कर का इंग्लैंड में पहला शतक लेकिन भारत की हार 1974

गावस्कर ने अपने पहले इंग्लैंड दौरे पर दो अर्द्धशतक तो लगाए थे, लेकिन अंग्रेजी धरती पर उनके नाम कोई शतक नहीं था। यह हुआ उनके दूसरे इंग्लैंड दौरे के पहले मैच में जब उन्होंने मैनचेस्टर में 101 रनों की पारी खेली। दूसरी पारी में भी गावस्कर ने अर्द्धशतक लगाया, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का साथ ना मिलने से भारत यह मैच 100 से अधिक रन के अंतर से हार गया।

### खराब मौसम का शिकार मैच, 1982

1983 विश्व कप से एक साल पहले भारतीय टीम गावस्कर के कप्तानी में इंग्लैंड गई हुई थी। इस टीम के अधिकतर खिलाघे वही थे, जिन्होंने बाद में विश्व कप खेला। यह मैच बारिश और खराब मौसम की भेंट चढ़ गया और दोनों ही टीमें सिर्फ एक ही पारी खेल पाईं। इस मैच को संदीप पाटिल के शतक के लिए जाना जाता है, जब उन्होंने नाबाद 129 रनों की पारी खेली और कपिल देव (65) के साथ सातवें विकेट के लिए 96 और मदद लाल (26) के साथ आठवें विकेट के लिए 97 रन जोड़े।

### तेंदुलकर के पहले शतक का गवाह बना मैनचेस्टर, 1990

सचिन तेंदुलकर ने विश्व क्रिकेट में सर्वाधिक 51 टेस्ट शतक लगाए हैं, लेकिन उनका पहला टेस्ट शतक मैनचेस्टर में आया था। यह तेंदुलकर का नौवां टेस्ट मैच था। उन्होंने कुछ अर्द्धशतक लगाकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी बल्लेबाजी क्षमता की झलक तो दिखाई थी, लेकिन इस पारी से लगा कि यह युवा बल्लेबाज बड़ी पारियां भी खेल सकता है। पहली पारी में 68 रन बनाने के बाद जब तेंदुलकर दूसरी पारी में उतरे तो भारत 408 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी आधी टीम को 128 रनों पर खो चुका था। तेंदुलकर ने इसके बाद कपिल देव (26) के साथ 57 रनों की साझेदारी की और फिर मनोज प्रभाकर (67) के साथ नाबाद 160 रन जोड़ भारत को हार से बचा लिया।

### स्टुअर्ट ब्रॉड की आंधी में उड़ी टीम इंडिया, 2014

यह इस सदी में इस मैदान पर भारतीय टीम का पहला और अभी तक का एकमात्र मैच है। स्टुअर्ट ब्रॉड ने पहली पारी में छह विकेट लिए और भारतीय टीम को सिर्फ 152 पर समेट दिया। भारत के छह बल्लेबाज खाता नहीं खोल पाए और महेंद्र सिंह धोनी (71) ने टीम का सम्मान बचाया। आर अश्विन ने 40 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने जो रूट के 77 और जॉस बटलर के 70 रनों की मदद से 367 रन बना दिए। इस पारी के दौरान वरूण आरोन का एक बाउंसर पुल करने के चक्कर में ब्रॉड चोटिल हुए और दूसरी पारी में गेंदबाजी करने नहीं आए। लेकिन इंग्लैंड का यह स्कोर भारतीय बल्लेबाजों के लिए काफी था।

---

**संक्षिप्त खेल समाचार**

## प्रगनानंदा ने विश्व नंबर-1 कार्लसन को 39 चालों में हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा ने लास वेगास में फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम टूर में दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन को हरा दिया है। 19 साल प्रगनानंदा ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन को केवल 39 चालों में मात दी। कार्लसन को प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के चौथे राउंड में हराया। इस टूर्नामेंट में हर खिलाड़ी को 10 मिनट का समय और हर चाल पर 10 सेकेंड अतिरिक्त मिलते हैं। नार्वे के ग्रैंडमास्टर कार्लसन को हाल ही में भारत के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश भी लगातार दो बार हरा चुके हैं। प्रगनानंदा संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंचे मैग्नस कार्लसन के खिलाफ चौथे राउंड में मिली जीत के साथ आर प्रगनानंदा 4.5 पाइंट्स के साथ आठ खिलाड़ियों वाले टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए हैं। इस जीत के साथ प्रगनानंदा, कार्लसन को तीनों फार्मेट क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में हराने में सफल रहे। चार में से तीन राउंड में जीत चुके हैं प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट की शुरुआत उज्बेकिस्तान के नोदि. रबेक के खिलाफ ड्रा खेलकर की थी। इसके बाद दूसरे राउंड में उनका सामना असाउबायेवा से हुआ था, जिसमें वह जीत हासिल करने में कामयाब रहे थे। भारतीय टीम दूसरी पारी में भी 161 के स्कोर से आगे नहीं बढ़ पाई और पारी व 54 रनों से यह मुकाबला हार गई।

## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के पदक विजेता सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने अंडर-15, अंडर-17, अंडर-20 और अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के पदक विजेताओं से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। डॉ. मांडविया ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर अंडर-15, अंडर-17, अंडर-20 और अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के पदक विजेताओं से मुलाकात की तस्वीरें साझा की। इस अवसर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। डॉ- मांडविया ने कहा कि पहलवानों के धैर्य, दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम ने देश को गौरवान्वित किया है। मैं उनके खेल जीवन में निरंतर सफलता की कामना करता हूँ। इस दौरान खिलाड़ियों ने डॉ. मांडविया से बातचीत की और खिलाड़ियों ने उनके साथ अपने-अपने अनुभव साझा किए।

## भारत की अंडर-20 महिला टीम ने उज्बेकिस्तान को हराया

**ताशकंद, वार्ता।** भारत की अंडर-20 महिला राष्ट्रीय टीम ने अपने दूसरे मैत्री मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 4-1 से हरा दिया। डोस्टलिक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में हाफ टाइम तक दोनों टीमें 1-1 गोल से बराबरी पर थीं। भारत के लिए सिबानी देवी नोंग्मीकापम ने (28वें, 85वें) मिनट में दो गोल दागे, और सुलांजना राउल ने (65वें) और नेहा ने (71वें) मिनट में एक-एक गोल किए। बुधवार को उज्बेकिस्तान के लिए एकमात्र गोल शखनोजा डेकनबायेवा (37वें) ने किया। पहले मैत्री मैच वाली टीम में उज्बेकिस्तान ने चार बदलाव किए। जबकि भारतीय अंडर-20 टीम के कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने दो बदलाव किए। डिफेंस में निशिमा कुमारी की जगह जूही सिंह, लिंहगदेइकिम की जगह एरीना देवी नामीराकपम ने मिडफील्ड संभाला।

## महिला टीम का सीरीज का जीत के साथ आगाज

● पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया, दीप्ति शर्मा के नाबाद 62 रन



**साउथैंप्टन, वार्ता।** भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में जीत के साथ आगाज किया है। साउथैम्प्टन के रोज बाउल मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने 4 विकेट से जीत दर्ज की।

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर 258 रनों का स्कोर बनाया था, जिसके बाद भारतीय टीम ने इस टारगेट को 48.2 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर हासिल करने के साथ सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड की खराब शुरुआत इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। भारतीय गेंदबाज क्रांति गौड़ ने 8 के स्कोर पर एमी जोंस को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। जोंस केवल एक रन ही बना सकीं। फिर 20 के स्कोर पर दूसरी ओपनर टैमी ब्यूमोंट को भी गौड़ ने एलबीडब्ल्यू कर इंग्लैंड का दूसरा विकेट लिया। क्रांति गौड़ ने 55 रन देकर 2 विकेट लिए। इंग्लैंड की ओर से 50 रन से ऊपर तीन साझेदारी इंग्लैंड की ओर से 50 रन से ऊपर तीन साझेदारी हुई

## आंद्रे रसेल ने की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा



● रसेल अपने आखिरी दो अंतर्राष्ट्रीय मैच 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क में खेलेंगे

**किंग्स्टन, वार्ता।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्र रेसल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच आगामी पांच मैचों की घरेलू टी-20 सीरीज के शुरुआती दो मैच टीम के लिए उनके आखिरी मुकाबले होंगे। सेंतीस वर्षीय रसेल को पांच मैचों की सीरीज के लिए विंडीज की टीम में शामिल किया गया है। इस सीरीज के शुरुआती दो मैच जमैका के सबीना पार्क में खेले जाएंगे, जो इस ऑलराउंडर का घरेलू मैदान है। विंडीज क्रिकेट ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनके संन्यास की खबर के बारे में जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 सदस्यीय वेस्टइंडीज टीम में शामिल आंद्रे रसेल 20 जुलाई से शुरू होने वाली टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। पिछले साल के अंत में चोट के कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ टीम का हिस्सा नहीं बन पाए थे। दो बार के विश्व चैंपियन और 2012 और 2016 में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे जमैका के रसेल अपने आखिरी दो अंतर्राष्ट्रीय मैच 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क में खेलेंगे। रसेल वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करने के लिए आभारी हैं और उन्होंने एक दशक से भी ज़्ड़ादा समय तक मैरून जर्सी पहनने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने क्रिकेट वेस्टइंडीज से कहा कि शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता कि इसका क्या मतलब था। वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन की सबसे गौरवपूर्ण उपलब्धियों में से एक रहा है। जब मैं बच्चा था, तो मुझे इस स्तर तक पहुँचने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन जैसे-जैसे आप खेलना शुरू करते हैं और खेल से प्यार करने लगते हैं।

## आखिरी दो टेस्ट मैचों के लिए भारत को सुदर्शन को खिलाना चाहिएः दीप



**नई दिल्ली, वार्ता।** आगामी चौथे टेस्ट को ध्यान में रखते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने कहा है कि भारत को आगामी मुकाबले में करुण नायर के बजाए साई सुदर्शन को अंतिम एकादश में खेलाना चाहिए। जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ दीप दासगुप्ता ने भारत की प्लेइंग इलेवन में किसी बदलाव पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, ''प्लेइंग इलेवन में, आप एक से ज्यादा बदलाव नहीं चाहते। अगर सिर्फ एक ही बदलाव है, तो वह करुण नायर की जगह साई सुदर्शन को एकादश में शामिल करना होगा क्योंकि करुण नायर ने कोई रन नहीं बनाया है। उन्होंने शुरुआत तो की है, लेकिन उसे बड़े स्कोर में नहीं बदला है। उन्होंने कहा कि मेरा यह भी मानना है कि वह क्रीज पर भी उतने सहज नहीं दिख रहे हैं। और दूसरी बात, साई सुदर्शन एक युवा खिलाड़ी हैं। अगर आप इस इंग्लैंड सीरीज में निवेश करना चाहते हैं, तो आपको किसी युवा खिलाड़ी पर निवेश करना चाहिए। दीपदास ने कहा कि करुण नायर ने दोनों टेस्ट मैचों में शुरुआत की है, लेकिन वह उतने प्रभावशाली नहीं दिखे हैं।

## वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में डिविलियर्स की धमाकेदार वापसी होगी

**बर्मिंघम, वार्ता।** इस साल की वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में एबी डिविलियर्स की चार साल बाद वापसी देखने को मिलेगी, साथ ही युवराज सिंह, शिखर धवन, हरभजन सिंह, ब्रेट ली, क्रिस गेल, कीरा. न पोलार्ड और इयोन मोर्गन जैसे वैश्विक दिग्गज भी खेलेंगे-जो प्रतिद्वंद्विता को फिर से जीवंत करेंगे और उस जादू को फिर से जीवंत करेंगे जिसने उन्हें दिग्गज बनाया। 18 जुलाई से 2 अगस्त तक बर्मिंघम, नॉर्थम्प्टन, लीसेस्टर और लीड्स में आयोजित होने वाला डब्ल्यूसीएल 2025, इंग्लैंड और ईसीबी द्वारा अनुमोदित एक भव्य ग्रीष्मकालीन आयोजन में बीते जमाने के नायकों को एक साथ लाता है।


## महत्वपूर्ण सूचना

### कांवड़ मेला-2025 के लिए विशेष व्यवस्था

कांवड़ मेला-2025 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा कुछ नामित रेल सेवाओं को हरिद्वार तक विस्तार करने, निम्नलिखित कांवड़ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने और वर्तमान में संचालित की जा रही, कुछ रेलगाड़ियों को अस्थायी तौर पर नये ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

रेलगाड़ी संख्या 74023/74022 दिल्ली जं.-शामली-दिल्ली जं. डीईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार — प्रतिदिन

| रेलगाड़ी सं.: 74023 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 74022 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:00 | दिल्ली जं. | 09:25 | ---- |
| 22:50 | 22:55 | शामली | 06:25 | 06:30 |
| 23:20 | 23:22 | थाना भवन | 05:25 | 05:27 |
| 23:44 | 23:46 | रामपुर मनिहारान | 05:02 | 05:04 |
| 00:15 | 00:17 | टपरी | 04:46 | 04:48 |
| 00:56 | 00:58 | रुड़की | 04:17 | 04:19 |
| 01:38 | 01:40 | ज्वालापुर | 03:15 | 03:17 |
| 01:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:05 |

चलने की तिथिः 74023 दिल्ली जं. से 24.07.2025 तक और 74022 हरिद्वार से 25.07.2025 तक।
स्थानः सामान्य।

रेलगाड़ी संख्या 64557/64558 दिल्ली जं.-सहारनपुर-दिल्ली जं. एमईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार — प्रतिदिन

| रेलगाड़ी सं.: 64557 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 64558 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 16:25 | दिल्ली जं. | 08:45 | ---- |
| 20:50 | 21:10 | सहारनपुर | 03:40 | 04:20 |
| 21:48 | 21:50 | रुड़की | 02:53 | 02:55 |
| 22:25 | 22:27 | ज्वालापुर | 02:10 | 02:12 |
| 22:50 | ---- | हरिद्वार | ---- | 02:00 |

चलने की तिथिः 64557 दिल्ली जं. से 24.07.2025 तक और 64558 हरिद्वार से 25.07.2025 तक।
स्थानः सामान्य।

### मेला विशेष रेलगाड़ियो का निम्न समय सारणी के अनुसार संचालनः

रेलगाड़ी संख्या 04311/04312 मुरादाबाद-लक्सर-मुरादाबाद अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — प्रतिदिन

| रेलगाड़ी सं.: 04311 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04312 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:15 | मुरादाबाद | 15:15 | ---- |
| 07:15 | ---- | लक्सर | ---- | 12:00 |

चलने के दिनः 04311 मुरादाबाद एवं 04312 लक्सर से 25.07.2025 तक।
ठहरावः बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा एवं काँठ स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

रेलगाड़ी संख्या 04314/04313 हरिद्वार-दिल्ली जं.-हरिद्वार अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — प्रतिदिन

| रेलगाड़ी सं.: 04314 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04313 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:05 | हरिद्वार | 07:55 | ---- |
| 23:10 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 01:10 |

चलने के दिनः 04314 हरिद्वार से 24.07.2025 तक एवं 04313 दिल्ली जं. से 25.07.2025 तक।
ठहरावः ज्वालापुर, रुड़की, टपरी, मुज़फ्फरनगर, मेरठ सिटी, गाजियाबाद एवं दिल्ली शाहदरा स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

रेलगाड़ी संख्या 04316/04315 योग नगरी ऋषिकेश-दिल्ली शाहदरा - योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — प्रतिदिन

| रेलगाड़ी सं.: 04316 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04315 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | ---- |
| 03:50 | ---- | दिल्ली शाहदरा | ---- | 04:20 |

चलने के दिनः 04316 योग नगरी ऋषिकेश से 24.07.2025 तक एवं 04315 दिल्ली शाहदरा से 25.07.2025 तक।
ठहरावः रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, टपरी एवं शामली स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

रेलगाड़ी संख्या 04318/04317 योग नगरी ऋषिकेश-आलमनगर - योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — प्रतिदिन

| रेलगाड़ी सं.: 04318 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04317 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | ---- |
| 10:45 | ---- | आलमनगर | ---- | 12:05 |

चलने के दिनः 04318 योग नगरी ऋषिकेश से 09.08.2025 तक एवं 04317 आलमनगर से 10.08.2025 तक।
ठहरावः रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर, बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली एवं शाहजहाँपुर स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

रेलगाड़ी संख्या 04413/04414 दिल्ली जं. - हरिद्वार - दिल्ली जं. अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — प्रतिदिन

| रेलगाड़ी सं.: 04413 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04414 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 16:45 | दिल्ली जं. | 09:40 | ---- |
| 22:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:30 |

चलने के दिनः 04413 दिल्ली जं. से 24.07.2025 तक एवं 04414 हरिद्वार से 25.07.2025 तक।
ठहरावः दिल्ली शाहदरा, नोली, गोटरा हाल्ट, फख़रपुर हाल्ट, खेकड़ा, सुन्हैड़ा हाल्ट, अहेरा हाल्ट, बागपत रोड, सूजरा, बड़ौत, कासिमपुर खेड़ी, एलम, कांधला, शामली, हीन्ड, थाना भवन, ननौता, सोना अर्जुनपुर, रामपुर मनिहारान, टपरी, रुड़की एवं ज्वालापुर स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

### दिनांक 24.07.2025 तक रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | आवृत्ति | अस्थाई ठहराव | समय-सारणी आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14113 सूबेदारगंज – देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | रायवाला | 11:14 | 11:16 |
| 14114 देहरादून – सूबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 14:15 | 14:17 |
| | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14309 उज्जैन – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14310 देहरादून – उज्जैन एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14317 इंदौर – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14318 देहरादून – इंदौर एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 19565 ओखा – देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 19566 देहरादून – ओखा एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 22659 कोच्चुवेली – योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 12:08 | 12:10 |
| | | मोतीचूर | 12:45 | 12:47 |
| | | रायवाला | 13:00 | 13:02 |
| 22660 योग नगरी ऋषिकेश – कोच्चुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – योग नगरी ऋषिकेश हेमकुण्ट एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 06:48 | 06:50 |
| | | मोतीचूर | 07:20 | 07:22 |
| 14609 योग नगरी ऋषिकेश – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ट एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 18:31 | 18:33 |
| 54075 बरेली – दिल्ली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 23:36 | 23:38 |
| 54076 दिल्ली – बरेली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 02:40 | 02:42 |

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा पूछताछ वेबसाइटः www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राजकीय हाईस्कूल कुचावली की पूर्व छात्रा गुलनाज ने नेपाल में रचा इतिहास

## अपनी कप्तानी में अंतर्राष्ट्रीय इंडो-नेपाल फुटबॉल चैंपियनशिप में जीता गोल्ड, खेल शिक्षिका गीतांजली दक्ष को मानती है अपना आदर्श गुरु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कौन कहता है कि कामयाबी किस्मत तय करती है, इरादों में दम हो तो मंजिलें भी झुका करती हैं। यह पंक्तियां अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी गुलनाज पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं। ग्रामीण परिवेश और पारिवारिक परेशानियों के बीच गुलनाज सफलता के नित नये आयाम लिख रही हैं।गुलनाज ने अपनी कप्तानी में इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की तरफ से आयोजित छठी इंडो- नेपाल फुटबॉल चौंपियनशिप 2025 में भारतीय टीम को गोल्ड दिलाया है। यह प्रतियोगिता पोखरा नेपाल के रंगशाला स्टेडियम में आयोजित हुई।जिसमें भारत की टीम ने गुलनाज की कप्तानी में श्रीलंका को दो गोल से हराकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। जिसमें दोनों गोल गुलनाज द्वारा ही किए गए। फाइनल में गुलनाज की कप्तानी में भारतीय फुटबॉल टीम ने नेपाल



को 2-1 से हराकर इंडो- नेपाल फुटबॉल चौंपियनशिप अपने नाम की। जिसमें भारत की ओर से एक गोल पायल अंतरिक्ष और दूसरा गोल गुलनाज द्वारा किया गया। ग्राम शाहपुर मुबारकपुर निवासी नईम एक मजदूर हैं। परिवार में उनकी पत्नी नुसरत जहां और एक बेटा मोहम्मद जैद व बेटी गुलनाज है। गुलनाज वर्तमान में बाबूराम शर्मा इंटर कॉलेज लदावली में कक्षा 12 की छात्रा है। उन्होंने बताया कि जब वह राजकीय हाई स्कूल कुचावली मुरादाबाद में कक्षा-9 व कक्षा-10 में पढ़ती थी तब स्पोर्ट्स अध्यापिका गीतांजली दक्ष से खेल की प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने यह भी बताया कि प्रारंभ में उनकी खेल में कोई रुचि नहीं थी किंतु जब उन्हें गीतांजली मैडम का साथ और सानिध्य प्राप्त हुआ तो उनकी खेल के प्रति रुचि जागृत हुई। उन्होंने खेल शिक्षिका गीतांजली दक्ष के मार्गदर्शन में कबड्डी, एथलेटिक्स, फुटबॉल आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। कबड्डी में मंडल स्तर पर सफलता प्राप्त की। उन्होंने बताया कि मार्गदर्शन गीतांजली दक्ष मैडम जैसा हो तो कोई भी हार जीत में बदल सकती है। मैडम ने उनके भीतर हमेशा आत्मविश्वास भरा और आज इस आत्मविश्वास के साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अर्जित किया। विद्यालय से पास आउट होने के बाद भी गीतांजली दक्ष मैडम का सानिध्य उन्हें हमेशा प्राप्त होता रहता है। अब तक गुलनाज आर्म रैसलिंग में नेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल तथा जूडो में स्टेट लेवल पर गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। उनका सपना फुटबॉल में भारत को ओलंपिक में गोल्ड दिलाना है। आगे वह कहती है कि दक्ष मैडम हमेशा ग्रामीण क्षेत्र के अपने छात्र -छात्राओं को खेल में आगे बढ़ाने के लिए संपूर्ण प्रयास करती रहती हैं। उन्होंने विद्यालय के बहुत से छात्र- छात्राओं को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे तैराकी, एथलेटिक्स आदि में प्रदेश स्तर तक पहुंचाया है।

# नगर में धूमधाम से निकली साई पालकी



**चन्दौसी।** चन्दौसी को मिनी वृंदावन ऐसे ही नहीं कहा जाता है, यहां आये दिन धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। पूरे वर्ष में विभिन्न त्यौहरों पर शोभयात्रा निकाली जाती है। नगर में गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। जिसमें सेवादार स्वच्छता का संदेश देते हुए सफाई करते हुए चले रहे थे। वहीं भक्तों की भारी भीड़ और जयकारों की गूंज के बीच साईं पालकी यात्रा ने नगर के मुख्य मार्गों से होकर उत्साहपूर्वक भ्रमण किया। फूलों से सुसज्जित पालकी ने नगर के विभिन्न मोहल्लों में भ्रमण किया। वहीं नगर में जगह-जगह शोभयात्रा का स्वागत किया गया। शोभयात्रा में सांई पालकी के पीछे रामभक्त वीर हनुमान, शिव तांडव आदि की झांकी सम्मिलित रही। सेवादारों में अजीत ठाकुर, जितेन्द्र कुमार, इंद्रजीत कोहली, हरेन्द्र कोहली, गगन बजाज, बॉबी, राकेश दुआ, गुलशन खत्री, हनी डुडेजा, मोहित डुडेजा आदि सहित काफी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रहीं।

# राहुल गांधी को आ रही है जेल की याद : केशव प्रसाद मौर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** भदासना हवाई अड्डे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मुरादाबाद में कावड़ यात्रा के अवसर पर कावड़ यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं का इंतजाम राज्य सरकार ने पूर्ण रूप से किया है।केशव प्रसाद मौर्य से उनके एक ट्वीट को लेकर सवाल पूछा गया, जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि जब राहुल गांधी की जमानत रद्द होगी, तो उन्हें जेल जाना पड़ेगा। राहुल गांधी ने ऐसे काम किए हैं, जिनके लिए जेल जाना पड़ सकता है। इस मामले में न्यायालय को फैसला लेना है। कांग्रेस इस समय



बौखलाहट में है।आजम खान के संबंध में उन्होंने कहा, मुजफ्फरनगर दंगों से लेकर बनारस तक, जहां-जहां दंगे हुए, उनके पीछे समाजवादी पार्टी की सरकार का हाथ था। अगर कोई दंगा होता था, तो उसके पीछे सपा की भूमिका रहती थी।प्रदेश अध्यक्ष को लेकर चल रही चर्चाओं पर मौर्य ने टिप्पणी की, ये चर्चाएं आप लोग ही शुरू करते हैं।उत्तराखंड सरकार के भगवद गीता को पढ़ाए जाने के फैसले पर उन्होंने कहा, मुझे इसकी पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन यह फैसला अत्यंत सराहनीय है। जहां भी कोई अच्छा काम होता है, हम उसका स्वागत करते हैं।समाजवादी पार्टी के सांसद द्वारा उत्तराखंड के फैसले पर कुरान और बाइबल को भी पढ़ाए जाने की मांग पर मौर्य ने कहा,हर ग्रंथ को पढ़ाने का उद्देश्य अलग होता है। सभी धर्मग्रंथों का सम्मान होना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार सभी धर्मों का सम्मान करती है, लेकिन संस्कृति और मूल्यों को बढ़ावा देना भी हमारा कर्तव्य है। कावड़ यात्रा जैसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा हैं, और इनका सुचारू संचालन हमारी प्राथमिकता है।

# दो माह से वेतन नहीं मिलने पर सफाई कर्मचारी हड़ताल की चेतावनी पर अडिग

**चन्दौसी।** नगरपालिका परिषद् चन्दौसी में कार्यरत 125 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को बीते दो माह (जून और जुलाई 2025) से वेतन नहीं मिला है जिससे कर्मचारियों में नाराजगी गहराती जा रही है। मामले को लेकर स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ, उत्तर प्रदेश ने नगरपालिका अधिशासी अधिकारी को मांग पत्र सौंपकर 09 अगस्त तक वेतन भुगतान की समयसीमा तय की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सफाईकर्मी निरंतर नियमित सेवाएं दे रहे हैं, चाहे वह आवासीय क्षेत्र हो, पॉवर हाउस हो या रेलवे स्टेशन। सभी स्थानों पर सफाई का कार्य बिना किसी अवकाश के किया जा रहा है। इसके बावजूद कर्मचारियों को उनके श्रम का पारिश्रमिक समय पर नहीं मिल पा रहा। संघ ने नगरपालिका को आगाह किया है कि यदि 09 अगस्त 2025 तक बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो सभी प्रभावित कर्मचारी संगठन के नेतृत्व में कार्य बहिष्कार (हड़ताल) करने को विवश होंगे। इस स्थिति में नगर की सफाई व्यवस्था चरमरा सकती है, जिसकी संपूर्ण जिघ्मेदारी पालिका प्रशासन की होगी। संघ का कहना है कि यह स्थिति नई नहीं है, बल्कि वर्ष 2022 से ही जून-जुलाई में वेतन भुगतान में लगातार देरी होती आ रही है। पहले भी इस संबंध में कई बार मौखिक और लिखित रूप से नगरपालिका को अवगत कराया गया, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। पत्र में यह भी सवाल उठाया गया है।

## एक नजर

### बायोमेडिकल बेस्ट प्लांट से हो रहा वायु व जल प्रदूषण



**कांठ।** फतेहपुर बिश्नोई गांव के लोगों ने गांव के नजदीक बनी सुशीला बायोमेडिकल बेस्ट प्लांट से वायु व जल प्रदूषण होने की आशंका जताई और इसे वहां से हटाए जाने की मांग की गांव के अरविंद कुमार नितिन कुमार सौरभ कुमार आदि लगभग आधा दर्जन लोग आज तहसील जाकर एसडीएम से मिले और उन्हें एक ज्ञापन देकर जल एवं वायु प्रदूषण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्लांट के नजदीक एस डी इंटरनेशनल चाऊमल इंटर कॉलेज,पर्व एकेडमी एवं डिग्री कॉलेज है जिनकी दूरी 50 से 250 मीटर तक है इस प्लांट के कारण पानी और वायु प्रदूषण होने से आसपास क्षेत्र के गांव के लोगों को गंभीर बीमारियां होने लगी है ग्रामीणो ने आशंका जताई कि यहां पर प्लास्टिक, मानव अंगों को पूरे जनपद से एकत्र किया जाता है और उन्हें गला कर पानी व वायु बड़े लेवल पर प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण विभाग बोर्ड के मानको का भी वहां पर पालन नहीं किया जा रहा उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच करा कर इस प्लांट को वहां से हटाए जाने की मांग उठाई।

### विद्युत शिविर में 80 शिकायतों का निस्तारण कर 6 लाख वसूले



**कांठ।** शासन के निर्देश पर आज विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए तीन दिवसीय विशेष समाधान शिविर लगाया गया। इसमें विद्युत उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण किया गयास एसडीओ सचिन रस्तोगी ने बताया शिविर में 148 शिकायत प्राप्त हुई 80 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया उपभोक्ताओ से 6 लाख विद्युत का बकाया जमा कराया गया स शिविर 19 जुलाई तक चलेगा स शिविर में खराब मीटर, गलत बिल, बिजली कटौती, भार वृद्धि, नया कनेक्शन, पुराने कनेक्शन का बकाया आदि समस्याओं का निराकरण किया गया।उपखंड कार्यालय कांठ में अधिशासी अभियंता( द्वितीय )मुरादाबाद के नेतृत्व में एक मेगा कैंप का आयोजन किया गया जिसमे उपखण्ड अधिकारी सचिन रस्तोगी , अवर अभियंता अरविंद कुमार एवं मीटर विभाग के यशेंद्र कुमार एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंस शासन द्वारा लागू एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत लोगों ने धन जमा कराया।

# सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर सफाई नायक को किया निलंबित, संविदाकर्मी का 13 दिन का वेतन काटने के निर्देश

**कांठ।** नगर पंचायत कांठ की बोर्ड बैठक का आयोजन सभाकक्ष में दोपहर नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी की अध्यक्षता एवं रामेश्वर दयाल अधिशासी अधिकारी के संचालन में किया गया।

बैठक में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं कांवड पथ पर विशेष आवश्यक व्यवस्थाओं एवं नगर के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। सभासदों एवं नागरिकों द्वारा भी सफाई व्यवस्था को लेकर अजय कुमार (सफाई नायक) की शिकायत की गई पूर्व में इनके द्वारा अपने कार्य में लापरवाही बरते जाने



को लेकर नोटिस उपलब्ध कराये गये इनके द्वारा अपनी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं किया गया। अध्यक्ष के आदेशानुसार अधिशासी अधिकारी द्वारा सम्बन्धित सफाई नायक अजय कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया। और विकास कुमार (संविदा सफाई कर्मचारी) का अपने कार्य में लाप. रवाही बरतने तथा कार्य में अनुपस्थित पाये जाने पर 13 दिनों का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए गए। सफाई कार्य को दो पालियों प्रात: 06:00 बजे से 10:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली सायं 02:00 बजे से 06:00 बजे तक कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया । नगर में साफ-सफाई व्यवस्था, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, तथा संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के अन्तर्गत माइक्रोप्लानुसार कीटनाशक छिड़काव एवं फॉगिंग का कार्य वृहद्ध स्तर पर किये जाने तथा सफाई प्रभारी द्वारा समस्त वार्डो की मॉनिटरिंग करने तथा उक्त समय में कोई कर्मचारी अनुपास्थित पाये जाने पर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया।

अध्यक्ष द्वारा सफाई व्यवस्था एवं सम्बन्धित कार्य को लेकर कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिये गये। जनता से नगर पंचायत कांठ को स्वच्छ एंव सुन्दर बनाने में अपना योगदान देने का आवाहन किया गया। बैठक में सभासद सौनम कौर, चमन सिंह, मंजू श्रीमती पिंकी, मनोज कुमार नसीम अहमद, श्रीमती रिहाना परवीन, प्रियंका सैनी, इल्यास मौ0 उस्मान, धर्मवीर सिंह, वसीम अहमद, रईस अहमद, रूकसाना, जमीला खातून एवं वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## कैथल पुलिस चौकी बनकर तैयार

**चन्दौसी।** सरकार द्वारा अपराध एवं अपरिाधयों पर नियंत्रण पाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस चौकियां बनाई जा रही हें क्योंकि पुलिस को पहुंचने में समय लग जाता था। योगी सरकार ने निर्णय लिया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जगह-जगह चौकी बनाई जाएं। आदेश का अमल हुआ और जनपद संभल में लगभग-लगभग आठ चौकियां बननीं प्रस्तावित हुई जिसमें सर्वप्रथम संभल जामा मस्जिद के सामने सत्यव्रत पुलिस चौकी बनाई गई। एसपी संभल के. के. बिश्नोई द्वारा इस चौकी का उद्घाटन किया गया जहां कंट्रोल रुम बनाया गया है। फिलहाल अब चौकी बनकर तैयार है और चौकी का उद्घाटन होना शेष है।

# बेसिक शिक्षा विभाग की लापरवाही: तीन महीने बाद भी 44 अवैध स्कूलों ने नहीं जमा किया जुर्माना

**चन्दौसी।** बेसिक शिक्षा विभाग की अनदेखी और कार्य प्रणाली की शिथिलता एक बार फिर सामने आई है। जिले में अवैध रूप से संचालित 44 निजी प्राइमरी स्कूल ऐसे हैं, जिन्होंने तीन महीने बीत जाने के बाद भी अब तक जुर्माना नहीं जमा किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि शिक्षा विभाग अब तक वह बैंक खाता तक नहीं खोल पाया, जिसमें ये जुर्माना राशि जमा होनी थी। बीएसए अलका शर्मा ने इस संबंध में स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि प्रक्रिया में समय लग रहा है, लेकिन एक-दो दिन में खाता खोल दिया जाएगा, जिसमें जुर्माना राशि जमा की जानी है। 16 अप्रैल 2025 को जिलाधिकारी के आदेश पर गठित 34 टीमों ने जिलेभर के स्कूलों का निरीक्षण किया था। इस जांच में 44 अवैध निजी प्राइमरी स्कूल चिन्हित किए गए थे। इसके अलावा 33 गैर-मान्यता प्राप्त स्कूल भी सामने आए थे, जो नियमों को ताक पर रखकर संचालन कर रहे थे। जांच में यह भी सामने आया कि अधिकांश अवैध व गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों ने छात्रों को एनसीईआरटी की जगह निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लेने को बाध्य किया। इतना ही नहीं, विद्यार्थियों को निर्धारित दुकानों से ही किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया गया, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ा। जांच की जद में कुछ सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध स्कूल भी आए, जो निर्देशों के विपरीत कार्य करते पाए गए। ऐसे स्कूलों की भूमिका पर भी अब सवाल उठने लगे हैं। वहीं 33 गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों में से 24 ने जुर्माना राशि जमा कर दी है तथा 44 अवैध निजी प्राइमरी स्कूलों में से किसी ने भी अब तक जुर्माना नहीं दिया है। जिला प्रशासन की सख्ती के बाद भी शिक्षा विभाग की धीमी कार्यवाही से इन अवैध स्कूलों के हौसले बुलंद हैं।

सवाल यह भी उठता है कि बिना खाता खोले विभाग ने जुर्माना लगाने की प्रक्रिया क्यों शुरू की?

# अपराधियों को सजा, पीड़ितों को न्याय: लैंगिक अपराधों पर अदालत सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय संभल स्थित चंदौसी में इन दिनों लैंगिक अपराधों के मामलों में सख्ती स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। विशेष रूप से अपर जनपद न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह द्वारा लगातार अपराधियों को कड़ी सजाएँ सुनाकर यह संदेश दिया जा रहा है कि अब अपराध कर बच पाना आसान नहीं है। गत दो माह में लगभग एक दर्जन मामलों में त्वरित सुनवाई कर सजा सुनाई गई है, जिससे न्यायालय में लंबित मामलों का बोझ कम हुआ है और आमजन का न्याय प्रणाली पर विश्वास और प्रगाढ़ हुआ है। पहले जहाँ मुकदमे वर्षों तक सिर्फ तारीखों के फेर में उलझे रहते थे, वहीं अब तेजी से निस्तारण होते देखे जा रहे हैं। गुरुवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय में, न्यायालय ने छेड़खानी के एक मामले में अभियुक्त रिशीपाल थाना हयातनगर जिला संभल को तीन वर्ष का कारावास, साथ ही धारा 323 के तहत छह माह की सजा व 500 रु. का जुर्माना लगाया जिसकी अदायगी न करने पर बीस दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा-08 के अपराध के लिए तीन वर्ष का कारावास व पांच हजार रु. का अंर्थदंड से दंडित किया गया। इस निर्णय में पक्ष और विपक्ष की दलीलों को गंभीरता से सुनने के बाद न्यायाधीश द्वारा दिया गया फैसला न्याय की पारदर्शिता को दर्शाता है। साथ ही यह भी स्पष्ट होता है कि न्यायपालिका अब संवे. दनशील मामलों में ढिलाई बरतने के बजाय ठोस कार्यवाही कर रही है। इन लगातार सख्त कार्यवाहियों से अपराधियों में भय का माहौल है और वे अपराध करने से पहले अब दस बार सोचने पर विवश होंगे। वहीं समाज के नागरिकों में यह विश्वास पनप रहा है कि न्यायालय उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सजग और सक्रिय है।

## नाला सफाई न होने के कारण जलभराव की स्थिति का सामना कर रहे कांवड़िए, भाजपा नेता ने उठाई सफाई की मांग

**कांठ।** नाले की सफाई न होने के कारण मुख्य मार्ग पर कॉवडीयों को जल भराव का सामना करना पड़ रहा है भाजपा नेता अनुज बिश्नोई ने इस



नाले की सफाई कराने की मांग उठाई है अनुज बिश्नोई का कहना है कि नया गांव कासमपुर के सामने एक नाला पूरी तरह से बंद हो गया है। जिसकी शिकायत उन्होंने अधिकारियों से कई बार की है मगर अधिकारियों द्वारा उस और ध्यान न दिए जाने के कारण आज भी सड़क पर जल भराव की स्थिति बनी हुई है इसके कारण हरिद्वार के लिए जाने वाले कांवड़ियों को पानी से होकर गुजरना पड़ता है उन्होंने नाला खुलवाकर जल भराव से मुक्ति दिलाए जाने की मांग की है।

# वर्षा जल संरक्षण की पहल: जलभराव से निपटने को चन्दौसी में बनेंगे वाटर एंड्राइड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर में जलभराव और गिरते भूजल स्तर की समस्या को देखते हुए वर्षा जल संरक्षण को लेकर पहल शुरू कर दी गई है। विशेषज्ञों और नगरपालिका के अधिकारियों का मानना है कि पक्की सड़कों और मकानों के कारण बारिश का पानी भूगर्भ में नहीं पहुंच पा रहा, जिससे जल स्तर तेजी से गिर रहा है। फुब्बारा चौक से रेलवे स्टेशन तक हर बारिश में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

एस.एम. डिग्री कॉलेज के सामने तो स्थिति और भी गंभीर है। यहां महज पांच मिनट की वर्षा से ही सड़क पर पानी भर जाता है। इस समस्या के समाधान हेतु सफाई निरीक्षक सुनील कुमार ने एस.एम. डिग्री कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कॉलेज की सड़क के किनारे पर्याप्त खाली जमीन उपलब्ध है, जहां वाटर एन्ड्राइड (सोख्ता गड्ढे) बनाए जा सकते हैं। इससे वर्षा जल का संग्रहण संभव हो सकेगा और भूजल स्तर में भी सुधार आएगा। सुनील कुमार ने बताया कि इस संबंध में कॉलेज प्रशासन और अन्य भवन स्वामियों से संपर्क कर योजना बनाई जाएगी, ताकि वर्षा जल को सतह से सीधे भूगर्भ तक पहुँचाया जा सके। इससे जहां जलभराव की समस्या कम होगी, वहीं पेयजल संकट से भी कुछ हद तक राहत मिलेगी।

उधर, अधिशासी अधिकारी ने भी शहर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालियों की नियमित सफाई हो और जल निकासी व्यवस्था को मजबूत किया जाए। विशेषज्ञों का कहना है कि स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और बड़े भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य किया जाना चाहिए ताकि वर्षा जल का उचित दोहन हो सके और भविष्य की जल संकट की स्थितियों से बचा जा सके।

# खेल शिक्षक पदम सिंह 8वीं बार बने जिला खेल समिति के सदस्य

**कांठ।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ के खेल शिक्षक पदम सिंह को जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद द्वारा जिला खेल समिति का लगातार 8 वीं बार सदस्य चुने जाने पर शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया। 15 जुलाई को मेथोडिस्ट गर्ल्स इण्टर कॉलेज मुरादाबाद में सत्र 2025-26 की खेल प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ के खेल शिक्षक पदम सिंह को जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिला खेल समिति का सदस्य चुना , वित्तविहीन विद्यालयों से चुने जाने वाले जिला मुरादाबाद तथा तहसील कांठ से एक मात्र शिक्षक हैं उनकी इस उपलब्धि से शिक्षकों एवं उनके



परिजनों में हर्ष का माहौल है उन्हें जिला मुरादाबाद में संपन्न होने वाले जिला स्तरीय मंडल स्तरीय एवं राज्य स्तरीय खेलों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की अहम जिम्मेदारी के साथ-साथ जनपद व मंडल स्तरीय वॉलीबॉल, बैडमिंटन, भारोत्तोलन व एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में टीम चयन कर्ता की भी अहम जिम्मेदारी दी गई है।खेल शिक्षक पदम सिंह के दिशा निर्देशन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पिछले वर्षो में जनपद स्तरीय, मंडल स्तरीय, राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ी है।

उन्होंने पिछले वर्ष आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में उपस्थित रहकर प्रतियोगिताओं को संपन्न करने में एक अहम भूमिका निभाई है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह शिक्षक अतवीर सिंह त्यागी, निशिकांत पाठक, हरीश चंद्र तिवारी, अखिलेश कुमार बिश्नोई, जितेंद्र कुमार,सुंदर सिंह, दिनेश कुमार शर्मा ओम प्रकाश सिंह, गौरव कुमार, दीपक कुमार,लोकेंद्र सिंह, दीपक सिंह, उषा सिंह सौरभ अग्रवाल, धीरज कुमार आदि शिक्षकों ने बधाई दी है।



# ट्रम्प की चाहत

अमेरिकी राष्ट्रपति दुनिया को कैसे चलाना चाहते हैं, उनकी टैरिफ को लेकर देशों को दी जा रही धमकियों से ही पता लग जाता है। उनकी आक्रामकता देखिए कि अभी भारत व अमेरिका के अधिकारियों के बीच ट्रेड व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल ही रही है, इस बीच उनका एक बड़ा दंभपूर्वक बयान भी आ गया।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी उत्पादों की जल्द भारत के बाजारों में पहुंच होने वाली है। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह डील इंडोनेशिया फार्मूले वाली होगी। अमेरिकी उत्पादों पर भारत में जीरो टैरिफ लगेगा। दो दिन पहले ही अमेरिका ने इंडोनेशिया से इस तरह की डील की है, जिसमें इंडोनेशिया पर 19 फीसद टैरिफ लगाया गया है। अब एक अगस्त से इंडोनेशिया से अमेरिका जाने वाले सामानों पर 19 फीसद टैरिफ चुकाना होगा। वहीं अमेरिकी सामानों पर इंडोनेशिया में कोई टैरिफ नहीं देना होगा। ट्रम्प ने अपने ही अंदाज में यह भी कहा कि हमने कई बेहतरीन देशों से समझौते किए हैं हमारा एक और समझौता होने वाला है शायद भारत के साथ। उनका घमंडीपन यहीं नहीं थमता, वह बातचीत के बीच में यह भी बोल गए कि मुझे नहीं पता कि हम बातचीत कर रहे हैं। जब मैं लेटर भेजूंगा तो वह समझौता हो जाएगा।

इस तरह की भाषा वह तब बोल रहे हैं जब भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम अमेरिका पहुंची हुई है। जहां वह ट्रेड व्यापार को लेकर बातचीत करेंगे। बताया जा रहा है कि बातचीत सोमवार से शुरू भी हो गई और इसके गुरुवार तक चलने की उम्मीद है। ऐसे में इस तरह के बयानों का क्या मतलब है। जहां तक बात भारत की है, भारतीय अधिकारी चाहते हैं कि समझौते में भारत के लिए टैरिफ रेट 10 फीसदी से कम हो और इसके बदले में अमेरिका अपने उत्पादों के लिए भारत में रियायत चाहता है, लेकिन भारत स्पष्ट कहता रहा है कि वह अपने कृषि और डेरी क्षेत्रों को विदेशी कंपनियों के लिए नहीं खोलेगा। हां भारत जरूर गैर कृषि क्षेत्रों में समझौता करने को तैयार है। अब यह तो तभी पता चलेगा जब किसी तरह का कोई समझौता सामने आता, लेकिन ट्रम्प का व्यवहार यही बता रहा है कि उन्हें किसी समझौते की परवाह नहीं है और वह अपनी शर्तों पर ही समझौता करना चाहते हैं। यह किसी भी संप्रभु राष्ट्र के लिए कोई सम्मानजनक बात नहीं हो सकती।

हालांकि भारत की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई और यह ठीक ही है, क्योंकि जब तक दोनों देशों के बीच चल रही ट्रेड वार्ता किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती तब तक किसी प्रतिक्रिया का कोई मतलब नहीं है, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प को इससे फर्क नहीं पड़ता कि बातचीत चल रही है या नहीं। गुरुवार को एक तरह से उन्होंने अपना फरमान सुना दिया। डोनाल्ड ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि जो देश रूस के साथ व्यापार करेंगे, उससे तेल व गैस लेंगे वे उसके कोपभाजन का शिकार होंगे और बदले में उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है। लगता है कि ट्रम्प को इस बात की भी कोई परवाह नहीं है कि दुनिया उनके विषय में क्या सोच रही है। यह दुखद है कि ट्रम्प व्यापार को युद्ध के रूप में ले रहे हैं।

## ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है स्वच्छता



वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग है व सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है, हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है। अपने घरों, पूजा स्थलों और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग रही है, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे, स्वच्छता ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है, वे स्वच्छता को धर्म, अध्यात्म और नागरिक जीवन की आधारशिला मानते थे, न्यूनतम संसाधनों का उपयोग करके अपव्यय को न्यूनतम करना और उन्हें अन्य उद्देश्य के लिए पुन: उपयोग करना, हमेशा से हमारी जीवनशैली का हिस्सा रहा है।

**-द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

## नस्लवाद को हराने वाला मानवता का योद्धा

# नेल्सन मंडेला





योगेश कुमार गोयल

नेल्सन मंडेला, एक ऐसा नाम, जो समस्त विश्व समुदाय के लिए मानवता, साहस, सहिष्णुता और संघर्ष का प्रतीक बन गया है। प्रतिवर्ष 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है, जो न केवल इस महान नेता को श्रद्धांजलि देने का दिन है बल्कि यह पूरी दुनिया को यह संदेश भी देता है कि परिवर्तन लाने के लिए केवल शब्द नहीं बल्कि कर्म आवश्यक हैं।

यह दिन हमें स्मरण कराता है कि समाज में बदलाव लाने के लिए हम सभी की भूमिका होती है और प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में दूसरों के लिए कुछ कर सकता है। नेल्सन मंडेला का जन्म 18 जुलाई 1918 को दक्षिण अफ्रीका के म्वेजो नामक गांव में हुआ था। वे थेम्बू कुल की एक शाखा मदिवा जनजाति से थे और उनका मूल नाम रोहिलाहला मंडेला था, जिसका अर्थ होता है शरारती। उन्हें नेल्सन नाम उनके स्कूल शिक्षक ने अंग्रेजी नामों की परंपरा के तहत दिया था। उनका जीवन एक सामान्य अफ्रीकी बच्चे की तरह शुरू हुआ लेकिन उनके भीतर असाधारण नेतृत्व क्षमता और अन्याय के प्रति गहरी संवेदना थी, जिसने उन्हें बाद में एक क्रांतिकारी नेता बना दिया।

नेल्सन मंडेला की शिक्षा की शुरुआत क्लार्कबरी मिशनरी स्कूल से हुई। आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने फोर्ट हेयर यूनिवर्सिटी और जोहान्सबर्ग स्थित विटवाटर स्रैंड विश्वविद्यालय में दाखिला लिया, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने रंगभेद नीति और सामाजिक असमानताओं के विरुद्ध आवाज उठानी शुरू कर दी थी। दक्षिण अफ्रीका में उस समय श्वेत अल्पसंख्यक सरकार द्वारा अपरथाइड नामक नस्लीय भेदभाव की क्रूर नीति लागू थी, जिसके अंतर्गत अश्वेतों को बुनियादी अधिकारों से वंचित रखा गया था। उन्हें वोट देने, जमीन रखने, शिक्षा प्राप्त करने, अस्पतालों में इलाज करवाने और बसों-रेस्तरां जैसी सार्वजनिक सेवाओं का समान उपयोग करने का अधिकार नहीं था।

मंडेला ने इन्हीं अन्यायपूर्ण नीतियों के खिलाफ संघर्ष का बिगुल बजाया। वे 1944 में अफीकन नेशनल कांग्रेस से जुड़ गए और जल्द ही संगठन के युवा विंग के संस्थापक बन गए। अहिंसा और शांतिपूर्ण आंदोलनों के जरिए उन्होंने सरकार पर दबाव बनाना शुरू किया लेकिन जब उन्हें लगा कि सरकार की दमनकारी नीति अहिंसात्मक विरोध को कुचलने पर आमादा है तो उन्होंने उमखोंतो वे सिजवे नामक एक सशस्त्र संगठन की स्थापना की, जो दक्षिण अफीका में क्रांति का आरंभ था।

1962 में मंडेला को गिरफ्तार कर लिया गया और उन पर देशद्रोह, हिंसा भड़काने और विदेशी सहायता प्राप्त करने के आरोप लगाए गए। उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और उन्होंने अपना अधिकांश समय कुख्यात रोबेन द्वीप की जेल में बिताया। यह सजा कुल 27 वर्षों की लंबी यातना बन गई परंतु जेल की कोठरी में रहते हुए भी मंडेला की आत्मा आजाद रही। वे न टूटे, न झुके और न डरे। जेल में उन्होंने पढ़ाई की, दूसरे कैदियों को शिक्षित किया और अपना संघर्ष जारी रखा। इस दौरान दक्षिण अफीका और दुनियाभर में मंडेला की रिहाई की मांग उठने लगी। अंतत: सरकार झुकी और 11 फरवरी 1990 को नेल्सन मंडेला को जेल से रिहा किया गया। यह क्षण इतिहास में आज भी जीवंत है, जब एक अश्वेत नेता, जिसे वर्षों तक आतंकवादी करार दिया गया था, अब स्वतंत्रता और न्याय का प्रतीक बन चुका था। रिहाई के बाद मंडेला ने अपने सभी विरोधियों को माफ कर दिया।

उन्होंने न केवल अफीकन नेशनल कांग्रेस को फिर से संगठित किया बल्कि देश को भी एकजुट किया। उन्होंने विभाजन नहीं बल्कि मेल-मिलाप की राजनीति की। उनकी इसी दूरदृष्टि और अहिंसा के पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा ने दक्षिण अफ्रीका को नस्लीय संघर्ष से निकालकर लोकतंत्र की ओर अग्रसर किया। दक्षिण अफ्रीका में 1994 में पहली बार बहुजातीय आम चुनाव आयोजित हुए, जिसमें हर नागरिक को मतदान का अधिकार मिला और परिणामस्वरूप नेल्सन मंडेला देश के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने। यह महज एक राजनीतिक जीत नहीं थी, यह एक युग परिवर्तन था। मंडेला ने अपने राष्ट्रपति काल में सुलह, सामाजिक समरसता और आर्थिक पुनर्निर्माण की नीति को अपनाया। उन्होंने जातीय द्वेष के बजाय सहयोग को बढ़ावा दिया। उन्होंने सत्य और मेलमिलाप आयोग की स्थापना की, जहां पीड़ित और अपराधियों दोनों को एक साथ लाया गया ताकि सच्चाई सामने आ सके और समाज नई शुरुआत कर सके। नेल्सन मंडेला की सोच उबुन्टु दर्शन से प्रभावित थी, जो अफ्रीकी संस्कृति में मानवीय संबंधों और सह-अस्तित्व की भावना को महत्व देती है। मंडेला ने यह दिखा दिया कि बदले की भावना से कोई देश नहीं बनता बल्कि माफी और मेल-मिलाप की भावना से स्थाई शांति संभव है।

उनके जीवन के योगदान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला। 1993 में उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। 1990 में उन्हें भारत सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया और वे यह सम्मान पाने वाले पहले विदेशी व्यक्ति बने। इसके अलावा उन्हें संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, रूस, फ्रांस जैसे अनेक देशों और संस्थाओं ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया। 2009 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया ताकि लोग उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के लिए स्वयं को समर्पित कर सकें। इस दिन दुनियाभर में सामाजिक सेवा, मानवाधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र का संदेश है कि हर व्यक्ति इस दिन कम से कम 67 मिनट समाजसेवा को समर्पित करे, जो मंडेला के सार्वजनिक जीवन के 67 वर्षों के प्रतीक हैं।

नेल्सन मंडेला का जीवन केवल दक्षिण अफ्रीका तक सीमित नहीं था। उन्होंने दुनिया को यह सिखाया कि सच्चे नेता वह होते हैं, जो अपने कष्टों को व्यक्तिगत नहीं मानते बल्कि उसे जनकल्याण की प्रेरणा बना देते हैं। उन्होंने यह भी दिखाया कि नेतृत्व का अर्थ अधिकार नहीं, जिम्मेदारी है। वे जब राष्ट्रपति बने तो केवल एक कार्यकाल तक सत्ता में रहे जबकि वे चाहते तो आजीवन शासन कर सकते थे पर उन्होंने सत्ता को साध्य नहीं, साधन माना। 5 दिसंबर 2013 को 95 वर्ष की आयु में नेल्सन मंडेला ने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पूरी दुनिया ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बारिश में खाएं ये स्वादिष्ट भारतीय स्नैक्स

**मानसून की ठंडी बरसाती शामें अपना अलग ही आनंद लेकर आती हैं, और अगर ऐसे मौसम में कुछ गरमागरम खाने को मिल जाए, तो मजा दोगुना हो जाता है। आमतौर पर लोग समोसे, ब्रेड पकोड़े या तरह-तरह के पकौड़े जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इनसे कुछ हटकर खाना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं?**

आमतौर पर बारिश के मौसम में लोग समोसे, ब्रेड पकोड़े या तरह-तरह के पकौड़े जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इनसे कुछ हटकर खाना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं?

मानसून की ठंडी बरसाती शामें अपना अलग ही आनंद लेकर आती हैं, और अगर ऐसे मौसम में कुछ गरमागरम खाने को मिल जाए, तो मजा दोगुना हो जाता है। आमतौर पर लोग समोसे, ब्रेड पकोड़े या तरह-तरह के पकौड़े जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इनसे कुछ हटकर खाना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं? आइए आपको बताते हैं कुछ ऐसे स्वादिष्ट और देसी स्नैक्स के बारे में, जो बरसात की इन भीगी-भीगी शामों को और भी यादगार बना देंगे।

**आलू टिक्की**- दही, हरी और इमली की चटनी, सेव और अनार के दानों के साथ परोसी जाने वाली गरमा-गरम आलू टिक्की बरसात के मौसम में एक परफेक्ट स्ट्रीट फूड है। चटपटे स्वाद के साथ हर बाइट में मिलेगा ताजगी और मजा।

**भुट्टा**- कोयले पर भुना हुआ भुट्टा, जिस पर नींबू, नमक और लाल मिर्च पाउडर छिड़का हो, मानसून की पहचान बन चुका है। सड़क किनारे भुट्टा खाते-खाते बारिश का आनंद लेना एक अलग ही अनुभव है।

**वड़ा पाव**- मुंबई की शान वड़ा पाव, गरमागरम आलू वड़ा के साथ, हरी और लहसुन की चटनी लगे पाव में मिलकर मानसून का स्वाद और भी बढ़ा देता है।

**साबूदाना वड़ा**- बाहर से क्रिस्पी और अंदर से सॉफ्ट साबूदाना वड़ा मूंगफली और हल्के मसालों के साथ तैयार किया जाता है। चाय के साथ इसका आनंद बरसात में दोगुना हो जाता है।



**कचौरी**- मसालेदार आलू की सब्जी के साथ गर्मागर्म कचौरी, ठंडी बारिश की शाम में दिल और पेट दोनों को सुकून देती है।

**ब्रेड पकौड़ा**- ब्रेड में आलू की मसालेदार स्टफिंग भरकर बेसन में लपेटकर तला जाता है। इसे हरी चटनी और टमैटो सॉस के साथ खाएं और मौसम के मजे लें।

**भुना चना**- हल्का, कुरकुरा और हेल्दी स्नैक, भुना चना प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होता है। जब कुछ हल्का खाने का मन हो, तो ए परफेक्ट विकल्प है।

**मखाना**- हल्दी, सेंधा नमक या अपने पसंदीदा मसालों में भुने हुए मखाने न सिर्फ कुरकुरे हैं बल्कि सेहत के लिए भी अच्छे हैं।

**फ्रूट चाट**- ताजे फलों पर नींबू, काला नमक और चाट मसाला डालकर तैयार की गई फ्रूट चाट स्वादिष्ट और पौष्टिक दोनों होती है, खासतौर पर बच्चों के लिए।

**अंकुरित सलाद**- अंकुरित दालों को प्याज, टमाटर, नींबू और मसालों के साथ मिलाकर एक हेल्दी और एनर्जी से भरपूर स्नैक तैयार किया जा सकता है।

**मसालेदार सेवई**- सब्जियों के साथ बनी नमकीन सेवई एक हल्का लेकिन स्वादिष्ट स्नैक है, जो मानसून के दिनों में पेट और मन दोनों को राहत देता है।

**पोहा चीला**- पोहा और बेसन से बना चीला झटपट बनने वाला और हेल्दी स्नैक है, जो चाय के साथ शानदार लगता है।

**-साभार प्रभा**

# ब्रांडेड और जेनेरिक दवाओं के बीच झूलता आम आदमी





रजनीश कपूर

भारत में स्वास्थ्य सेवा एक ऐसा क्षेत्र है, जहां लाखों लोग अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए दवाओं पर निर्भर हैं, लेकिन दवाओं के बाजार में एक बड़ा सवाल हमेशा चर्चा में रहता है, ब्रांडेड दवाएं या जेनेरिक दवाएं? इन दोनों के बीच का अंतर और इनका महत्व समझना न केवल आम जनता के लिए जरूरी है, बल्कि यह भी जानना जरूरी है कि कैसे फार्मास्युटिकल कंपनियां भोले-भाले ग्राहकों का शोषण कर रही हैं। यह एक ऐसा विषय है जिसने दर्द के व्यापार को काफी बढ़ावा दिया है।

सबसे पहले, हमें यह समझना होगा कि ब्रांडेड और जेनेरिक दवाएं क्या हैं? ब्रांडेड दवाएं वे होती हैं, जो किसी फार्मास्युटिकल कंपनी द्वारा अपने ब्रांड नाम के तहत बेची जाती हैं। ये दवाएं आमतौर पर महंगी होती हैं, क्योंकि इनमें कंपनी का ब्रांड वैल्यू, मार्केटिंग लागत और अनुसंधान और विकास का खर्च शामिल होता है। दूसरी ओर, जेनेरिक दवाएं वही दवाएं होती हैं, जिनमें वही सक्रिय रासायनिक तत्व Active Pharmaceutical Ingredient होते हैं, जो ब्रांडेड दवाओं में होते हैं, लेकिन इन्हें किसी ब्रांड नाम के तहत नहीं बेचा जाता। जेनेरिक दवाएं आमतौर पर सस्ती होती हैं, क्योंकि इनमें मार्केटिंग और ब्रांडिंग का खर्च नहीं होता। उदाहरण के तौर पर, क्रोसिन का जेनेरिक विकल्प पैरासिटामोल है, जो उसी तरह काम करता है, लेकिन इसकी कीमत बहुत कम होती है।

भारत जैसे देश में, जहां अधिकांश आबादी मध्यम और निम्न-आय वर्ग से आती है, जेनेरिक दवाओं का महत्व बहुत अधिक है। ये दवाएं न केवल सस्ती होती हैं, बल्कि गुणवत्ता में भी ब्रांडेड दवाओं के समान होती हैं। भारत सरकार ने जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए जन औषधि योजना शुरू की है, जिसके तहत देश भर में जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों पर जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50-90 प्रतिशत तक सस्ती मिलती हैं।

उदाहरण के लिए, एक ब्रांडेड दवा, जैसे कि टेल्मिसार्टन जो उच्च रक्तचाप के लिए उपयोग की जाती है, की 10 गोलियों की कीमत 200-300 रूपए हो सकती है। वहीं, टेल्मिसार्टन की जेनेरिक दवा की कीमत 20-50 रुपए हो सकती है। यह अंतर गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों के लिए बहुत बड़ा है, जो अपनी जिंदगी बचाने के लिए इन दवाओं पर निर्भर हैं।

जानकारों के मुताबिक फार्मास्युटिकल कंपनियों की लूट का सबसे बड़ा कारण उनकी मार्केटिंग रणनीति और ब्रांडिंग है। ये कंपनियां ब्रांडेड दवाओं को बढ़ावा देने के लिए भारी मात्रा में पैसा खर्च करती हैं। डॉक्टरों को मुफ्त नमूने, विदेश यात्राएं और अन्य प्रलोभन दिए जाते हैं ताकि वे मरीजों को ब्रांडेड दवाएं लिखें। इसका नतीजा यह होता है कि मरीज, जो ज्यादातर दवाओं की तकनीकी जानकारी से अनजान होते हैं, महंगी दवा खरीदने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

इसके अलावा, कई फार्मा कंपनियां एक ही दवा को अलग-अलग ब्रांड नामों से भी बेचती हैं, जिससे बाजार में भ्रम पैदा होता है। उदाहरण के लिए, पैरासिटामोल को विभिन्न कंपनियां क्रोसिन, कैल्पॉल वी डोलो आदि नामों से बेचती हैं, लेकिन इन सभी में एक ही सक्रिय तत्व होता है। मरीजों को लगता है कि ब्रांडेड दवा ज्यादा प्रभावी होगी, जबकि हकीकत में जेनेरिक दवा भी उतनी ही प्रभावी होती है।

भारत में जेनेरिक दवाओं के प्रति कई मिथक प्रचलित हैं, जो फार्मा कंपनियों द्वारा फैलाए गए हैं। एक आम धारणा है कि जेनेरिक दवाएं कम गुणवत्ता वाली होती हैं। यह पूरी तरह गलत है। भारत में जेनेरिक दवाओं का निर्माण ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत सख्त नियमों के अधीन होता है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया यह सुनिश्चित करता है कि जेनेरिक दवाएं गुणवत्ता और प्रभावशीलता में ब्रांडेड दवाओं के बराबर हों।

हालांकि, कुछ छोटी दवा कंपनियां, जो जेनेरिक दवाएं बनाती हैं, गुणवत्ता नियंत्रण में कमी कर सकती हैं। लेकिन यह समस्या केवल जेनेरिक दवाओं तक सीमित नहीं है, कुछ ब्रांडेड दवाओं में भी गुणवत्ता की कमी देखी गई है। इसलिए, मरीजों को चाहिए कि वे केवल विश्वसनीय जन औषधि केंद्रों या लाइसेंस प्राप्त फार्मेसी से ही दवाएं खरीदें। भारत सरकार ने जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने, जागरूकता अभियान चलाने और डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। साथ ही, मरीजों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्हें अपने डॉक्टर से पूछना चाहिए कि क्या जेनेरिक दवा उपलब्ध है और क्या वह ब्रांडेड दवा का विकल्प हो सकती है।

फार्मा कंपनियों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। मुनाफा कमाना गलत नहीं है, लेकिन मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करना अनैतिक है। सरकार को ऐसी नीतियां लागू करनी चाहिए, जो फार्मा कंपनियों को जेनेरिक दवाओं के उत्पादन और वितरण में प्रोत्साहित करें। साथ ही, दवाओं की कीमतों पर सख्त नियंत्रण होना चाहिए ताकि मरीजों को उचित मूल्य पर दवाएं मिल सकें। ब्रांडेड और जेनेरिक दवाओं के बीच का अंतर केवल नाम और कीमत का है, प्रभावशीलता का नहीं। भारत जैसे देश में, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही कई लोगों के लिए सुलभ नहीं हैं, जेनेरिक दवाएं एक वरदान हैं, लेकिन फार्मा कंपनियों के लालच और भ्रामक मार्केटिंग के कारण मरीजों को अनावश्यक रूप से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। यह समय है कि हम जागरूक हों, जेनेरिक दवाओं को अपनाएं और सरकार से मांग करें कि वह दवा बाजार में पारदर्शिता और नियंत्रण सुनिश्चित करे। केवल जागरूकता और सही नीतियों के माध्यम से ही हम इस लूट को रोक सकते हैं और हर भारतीय को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### दो सहयोगी दलों का समर्थन वापिस, धार्मिक छात्रों को मिलिट्री सर्विस में छूट से फूटा गुस्सा

# इजरायल में डगमगाया नेतन्याहू का सिंहासन

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अल्पमत में आ गई है। अति-रूढ़िवादी शास पार्टी ने सरकार से समर्थन वापस लेने का ऐलान किया। इससे एक दिन पहले यूनाइटेड टोरा जूडाइज्म (यूटीजे) पार्टी भी इस सरकार से अलग हो गई थी। इजरायल की 120 सीटों वाली संसद (नेसेट-निचला सदन) में सरकार बनाने के लिए 61 सीटें चाहिए।

इन दोनों पार्टियों के अलग होने से सत्तारूढ़ गठबंधन के पास सिर्फ 50 सीटें बची हैं। शास पार्टी ने गठबंधन छोड़ने के मुद्दे पर कहा-भारी मन से हमें यह स्वीकार करना पड़ रहा है कि हम सरकार का हिस्सा नहीं रह सकते। हालांकि, हम इस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश नहीं करेंगे और कुछ कानूनों पर गठबंधन का समर्थन कर सकते हैं।

विवाद की मुख्य वजह रूढ़िवादी धार्मिक छात्रों को मिलिट्री सर्विस से मिलने वाली छूट है। ये छात्र लंबे समय से अनिवार्य मिलिट्री सर्विस से छूट ले रहे हैं। नेतन्याहू सरकार ने हाल ही में इस छूट को सीमित करने के लिए एक बिल लेकर आई थी, जिसकी वजह शास पार्टी और यूटीजे ने सरकार से अलग होने का फैसला किया। दोनों पार्टियों का कहना है कि धार्मिक छात्रों के सेना में भर्ती होने से उनकी धार्मिक जीवनशैली को खतरा होगा। हालांकि, कई अन्य यहूदी इजरायली इसे स्पेशल सुविधा मानते हैं और इस पर नाराजगी जताते हैं। बिल के विरोध में रूढ़िवादी धार्मिक छात्रों का कहना है कि वो जेल जाने के लिए तैयार हैं, लेकिन आर्मी में नहीं जाएंगे। गाजा युद्ध के दौरान यह मुद्दा और गंभीर हो गया है। इस युद्ध में सैकड़ों इजरायली सैनिकों की मौत हो चुकी है, जिसकी वजह से अल्ट्रा-आर्थोडाक्स समुदाय पर आरोप लग रहे हैं कि वे दूसरों के लिए युद्ध में जान देने वालों के मुकाबले पीछे हट रहे हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह गठबंधन विवाद तुरंत नेतन्याहू की सरकार नहीं गिराएगा। हालांकि, यह इजरायल की राजनीति में और अस्थिरता लाएगा, खासकर जब गाजा में युद्धविराम और लेबनान व सीरिया में चल रहे संघर्ष को लेकर नेता आपस में टकरा रहे हैं। इजरायल और हमास के बीच युद्ध को जल्द ही तीन साल पूरे होने वाले हैं। अल जजीरा के मुताबिक इस युद्ध में अब तक 888 इजरायली सैनिक मारे जा चुके हैं। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में शुरू हुए युद्ध के बाद से इजरायली हमलों में गाजा के 58573 लोग मारे गए हैं और 139607 अन्य घायल हुए हैं। गाजा के मीडिया कार्यालय (जीएमओ) ने इजरायल पर आरोप लगाया कि वह गाजा पट्टी से फलस्तीनी आबादी खाली करने की साजिश रच रहा है। आफिस ने कहा कि इजरायली सेना जबरन बेदखली, बमबारी और सहायता रोककर गाजा को तबाह कर रही है। यह नरसंहार है। जीएमओ ने दावा किया था कि गाजा का 70 प्रतिशत से ज्यादा बिल्डिंग्स तबाह हो चुकी हैं और 19 लाख लोग (85 प्रतिशत आबादी) बेघर हो गए हैं।



**इजरायल की 120 सीटों वाली संसद (नेसेट-निचली सदन) में सरकार बनाने के लिए 61 सीटें चाहिए**

## हेग समूह ने की इजरायल के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा

**बोगोटा।** इज़राइल के खिलाफ लगभग 30 देशों वाले 'हेग समूह' ने समन्वित कानूनी और कूटनीतिक लामबंदी करते हुए उसके साथ हथियारों एवं सैन्य वस्तुओं के व्यापार को निलंबित करने और इज़राइली जहाजों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। समूह ने जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि हम इजराइल को हथियारों, युद्ध सामग्री, सैन्य ईंधन, संबंधित सैन्य उपकरणों और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं की आपूर्ति या हस्तांतरण को रोकने, किसी भी बंदरगाह पर उसके जहाजों के पारगमन, डॉकिंग और सर्विसिंग को रोकने, हमारे झंडे वाले जहाजों पर इजराइल को हथियार, युद्ध सामग्री, सैन्य ईंधन, संबंधित सैन्य उपकरणों और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं की ढुलाई को रोकने जैसे प्रतिबंधो की घोषणा करते हैं। बोगोटा में एक मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद हेग समूह के सदस्य देशों ने अपनी सरकारी एजेंसियों और इजरायल के बीच लेन-देन रोकने, सभी सार्वजनिक अनुबंधों की तत्काल समीक्षा करने, सार्वजनिक संस्थानों एवं निधियों को फलस्तीनी क्षेत्र पर इजरायल के अवैध कब्जे का समर्थन करने और उसकी अवैध मौजूदगी को रोकने पर सहमति व्यक्त की।



उत्तर प्रदेश। प्रयागराज में बारिश के बीच छाता लगाकर स्कूल जाती छात्राएं।

## यूक्रेन की प्रधानमंत्री बनीं यूलिया स्विरीडेंको

**कीव।** यूलिया स्विरीडेंको अब यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री बन गई हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उनके नाम की सिफारिश की थी। इसके बाद यूक्रेनी संसद ने उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में चुन लिया। यूलिया पहले डिप्टी पीएम और अर्थव्यवस्था मंत्री थीं। उनकी उम्र 39 साल है और वे पेशे से अर्थशास्त्री हैं। उन्होंने 2020 से पीएम पद पर काबिज डेनिस शिमहाल की जगह ली है। बतौर डिप्टी पीएम स्विरीडेंको ने इस साल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ खनिज डील कराने में अहम भूमिका निभाई थी, जिसके बाद उनकी बेहद तारीफ हुई थी। नई कैबिनेट में कुछ और बदलाव भी हुए हैं। शिमहाल अब भी कैबिनेट में रहेंगे लेकिन रक्षा मंत्री नहीं होंगे। उनकी जगह रुस्तम उमरोव पहले से ही रक्षा मंत्री बने रहेंगे। पहले जेलेंस्की ने शिमहाल को रक्षा मंत्री बनाने की बात कही थी। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक दिन पहले यानी 16 जुलाई को पुरानी कैबिनेट को भंग कर दिया था। इसके बाद उन्होंने नई सरकार के लिए अपने चुने हुए लोगों की सूची संसद को दी। जेलेंस्की की पार्टी 'सर्वेंट ऑफ द पीपल' 2019 से 254 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत में है।

# बलूचिस्तान में 20 पाक सैनिक मारे गए

## सैन्य चौकियों को निशाना बनाया

**क्वेटा।** बलूचिस्तान में पाकिस्तानी आर्मी पर विद्रोहियों के हमले में पाक आर्मी के एक मेजर समेत 20 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत की खबर है। ये हमले पिछले 12 घंटों में अवारान, क्वेटा और कलात जिलों में हुए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ये हमले सैन्य चौकियों को निशाना बनाकर किए गए थे।

हालांकि, इन हमलों की जिम्मेदारी अभी तक किसी ग्रुप ने नहीं ली है, लेकिन इसमें फितना अल हिंदुस्तान और बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के शामिल होने का शक है। वहीं, बलूचिस्तान के कालात में एक यात्री बस पर हमला हुआ, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, हमलावरों ने क्वेटा-कराची हाईवे पर नेमार्ग इलाके में घात लगाकर बस को रोका और अंधाधुंध गोलीबारी की। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि सुरक्षा बलों और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और हमलावरों की तलाश में अभियान शुरू किया गया है।

**■ हमले में बलूच लिबरेशन आर्मी के शामिल होने का शक**

उन्होंने कहा कि हमलावरों ने सड़क के दोनों ओर से हमला किया। मुख्यमंत्री मिर्जा सरफराज बुगती ने इस हमले की निंदा की और इसे फितना अल हिंदुस्तान आतंकी संगठनों का काम बताया। उन्होंने कहा- निर्दोष नागरिकों पर हमला गंभीर अपराध है।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, यह हमला उस दिन हुआ जब सुरक्षा बलों ने अवारन इलाके में फितना अल हिंदुस्तान से जुड़े तीन आतंकवादियों को मार गिराया। इसमें पाकिस्तानी सेना का एक अधिकारी मेजर सैयद रब नवाज तारिक मारा गया। इसी बस पर हमला हुआ था। जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीटयूट फार कान्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी (पीआईसीएसएस) की रिपोर्ट बताती है कि मई 2025 में देश में कुल 85 आतंकी हमले हुए। इनमें बलूचिस्तान सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। यहां अकेले 35 हमले हुए जिनमें 51 लोगों की मौत और 100 से ज्यादा घायल हुए। इनमें नागरिकों की संख्या सबसे ज्यादा है। हमलों में 30 आम लोग, 18 सुरक्षाकर्मी और 3 आतंकी मारे गए।

## इराक के मॉल में भीषण आग से 61 की मौत, 45 झुलसे

**बगदाद।** इराक के अल कुत शहर में एक नए बने मॉल में बुधवार देर शाम आग लगने से कम से 61 लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य झुलस गए। इराकी न्यूज एजेंसी ने जानकारी दी है कि यह पांच मंजिला हाइपरमार्केट मॉल एक सप्ताह पूर्व ही खुला था। इसमें सामान की दुकानों के अलावा खाने पीने की चीजों की भी कई दुकानें थीं। घटना के समय वहां कई परिवार खाना खा रहे थे। आग की जानकारी मिलते ही दमकल कर्मी वहां पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कर दिया। इससे वहां मौजूद कई लोगों को बचा भी लिया गया। सरकार ने तीन दिनों का शोक घोषित किया है और मामले की जांच के लिए एक दल का गठन कर दिया है जो दो दिनों में अपनी रिपोर्ट देगा। मॉल के मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मुझे कुछ हुआ, तो मुनीर जिम्मेदार

### पूर्व पीएम ने कहाः मेरी बीवी के साथ भी बुरा बर्ताव, रिहाई के लिए पांच अगस्त से देशभर में प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो इसके जिम्मेदार सेना प्रमुख आसिम मुनीर होंगे। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पीटीआई के मुताबिक इमरान ने कहा कि हाल के दिनों में जेल में उनके और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के साथ बुरा व्यवहार बढ़ गया है।

उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी के सेल में टेलीविजन भी बंद कर दिया गया है और कैदियों के बुनियादी मानवाधिकार नहीं दिए जा रहे। इमरान ने पाकिस्तानी जनता से इस खराब व्यवस्था का विरोध करने की अपील की। पीटीआई 5 अगस्त से इमरान की रिहाई के लिए प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इमरान के दो बेटे इस प्रदर्शन में खास भूमिका निभा सकते हैं। ये दोनों लंदन में रहते हैं। इमरान खान ने कहा- दोषी ठहराए गए हत्यारों और आतंकवादियों को भी उनसे बेहतर हालात में रखा जाता है। उन्होंने एक दूसरे सैन्यकर्मी का हवाला देते हुए बताया कि वह जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट का आनंद ले रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस बीच, मुझे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। लेकिन वे चाहे कुछ भी करें, मैंने कभी भी उत्पीड़न के आगे घुटने नहीं टेके हैं-और न ही कभी झुकूंगा। इमरान अगस्त 2023 से जेल में हैं और कई आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।



**■ दोषी ठहराए गए हत्यारों और आतंकवादियों को भी उनसे बेहतर हालात में रखा जाता है: इमरान**

इमरान ने लगभग एक महीने पहले किए गए अपने उस दावे को भी दोहराया कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ उत्पीड़न उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल के समय की घटना है। इमरान ने कहा कि जब असीम मुनीर को आईएसआई प्रमुख के पद से हटाया गया, तो उन्होंने जुल्फी बुखारी (पीटीआई नेता) के जरिए बुशरा बीबी को एक मैसेज भेजकर मुलाकात का अनुरोध करने की कोशिश की। जिससे उन्होंने साफ इन्कार कर दिया। इमरान ने दावा किया की असीम मुनीर उनसे निजी दुश्मनी का बदला लेने और भावनात्मक रूप से तोड़ने के लिए ऐसा कर रहें हैं। इमरान खान को रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद रखा गया है। इमरान की पार्टी पीटीआई 5 अगस्त से देशव्यापी प्रदर्शन शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि उनकी रिहाई के लिए शहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान पर दबाव बनाया जा सके। पार्टी ने इसे 'इमरान खान को आजाद करो' अभियान नाम दिया है।

## बांग्लादेश में हिंसा फायरिंग में चार की मौत, 9 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश के गोपालगंज शहर में युवाओं के नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) की एक रैली में हिंसा भड़क उठी। हिंसा के दौरान पुलिस की फायरिंग में चार लोगों की मौत हो गई। 9 लोग घोली लगने से घायल हैं।

गोपालगंज बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का गृहनगर है। बांग्लादेश की प्रोथोम अलो न्यूज एजेंसी के अनुसार, एनसीपी की रैली के दौरान शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के समर्थक पुलिस से भिड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अवामी लीग समर्थकों ने पुलिस पर लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों से पुलिस, सेना और पैरामिलिट्री फोर्स पर हमला कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और स्थानीय प्रशासनिक प्रमुख के वाहनों में भी तोड़फोड़ की। साथ ही एनसीपी के काफिले पर भी हमला किया, जिसके बाद सुरक्षाबलों को गोलियां चलानी पड़ीं।

**■ शेख हसीना के गृहनगर में रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़प हुई**

सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले और साउंड ग्रेनेड भी फेंके। हिंसा में मारे गए लोगों में से तीन की पहचान दीप्टो साहा (25 साल), रमजान काजी (18 साल) और सोहेल मोल्ला (41 साल) के रूप में हुई है। डाक्टरों ने बताया कि मृतकों को घायल अवस्था में गोपालगंज जनरल अस्पताल लाया गया था।

# कोका-कोला में गन्ने की चीनी का होगा इस्तेमालः डोनाल्ड ट्रम्प

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि अटलांटा स्थित शीतल पेय की दिग्गज कंपनी 'कोका-कोला' देश में अपने सोडा और कोक में असली गन्ने की चीनी का इस्तेमाल फिर से शुरू करेगी। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा मैं



### हमारे कोका-कोला उत्पाद रेंज में नए और अभिनव उत्पादों के बारे में अधिक जानकारी जल्द साझा की जाएगी

अमेरिका में कोक में असली गन्ने की चीनी के इस्तेमाल के बारे में कोका-कोला से बात कर रहा हूं और उन्होंने ऐसा करने पर सहमति जताई है। इस बीच कोका-कोला की ओर से जारी एक संक्षिप्त बयान के मुताबिक हम अपने प्रतिष्ठित कोका-कोला ब्रांड के प्रति राष्ट्रपति के उत्साह की सराहना करते हैं। हमारे कोका-कोला उत्पाद रेंज में नए और अभिनव उत्पादों के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी। गौरतलब है कि कोका-कोला ने लागत में कटौती के प्रयास के तहत 1980 के दशक में 'हाई-फ्क्टोज़ कॉर्न सिरप' अपनाया था। हालांकि उसे यह बताया गया था कि सामग्री में बदलाव से कोक की शेल्फ लाइफ कम हो जाएगी और निर्माण लागत बढ़ जाएगी। इस बीच अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव संबंधी मामलों के मंत्री रॉबर्ट एफ-कैनेडी जूनियर ने उच्च-फुक्टोज़ कॉर्न सिरप जैसे मीठे पदार्थों के इस्तेमाल की आलोचना की है। वर्तमान में कोका-कोला अमेरिका में सोडा का एक ऐसा उत्पाद भी उपलब्ध कराता है जिसमें गन्ने की चीनी का इस्तेमाल किया जाता है। इसे 'मैक्सिकन कोक' के नाम से जाना जाता है।

**कोका-कोला ने लागत में कटौती के प्रयास के तहत 1980 के दशक में 'हाई-फ्क्टोज कॉर्न सिरप' अपनाया था**

## अलास्का में 7.3 तीव्रता का भूकंप

**जूनो।** अमेरिकी राज्य अलास्का में गुरुवार तड़के करीब 2 बजे (भारतीय समयानुसार) भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.3 रही। इसके बाद राज्य के तटवर्ती इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि, कुछ घंटों बाद इसे वापस ले लिया गया। नेशनल सेंटर फार सिस्मोलाजी (एनसीएस) के मुताबिक भूकंप अलास्का के पापोफ आइलैंड पर सैंड पाइंट के पास आया। इसका केंद्र जमीन से 36 किलोमीटर नीचे था। हालांकि, इसमें अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अलास्का भूकंप एजेंसी के मुताबिक यहां एक सप्ताह में, लगभग 400 भूकंप दर्ज किए गए। सबसे बड़ा भूकंप 16 जुलाई को अटका के पास 5.1 तीव्रता का था।

दुबई IMMEDIATE DEPARTURE दुबई
INTERVIEW 19, 21 & 22 JULY AT CHANDIGARH OFFICE
कंस्ट्रक्शन हैल्पर 200 Nos ONLY 25000/- SERVICE CHARGES
दुबई की WADE ADAM कंपनी को निम्नलिखित CATEGORIES तुरंत चाहीए
OPERATORS: JCB, BOBCAT, ROLLER, BACKHOE, EXCAVATOR, MOBILE CRANE, WHEEL LOADER, GRADER BUS DRIVER, LIGHT DUTY DRIVER, HYDRAULIC MECHANIC, PLANT ELECTRICIAN, HEAVY DUTY MECHANIC, RIGGER
नोट ड्राईवरों व ऑपरेटरों के पास UAE Valid/Expire लाईसेंस होना चाहिऐ
Email: chdjobs@ambecs.com Lic No. B-0254/MUM/COM/1000+/5/7295/2005
AMBE CONSULTANCY SERVICES PVT. LTD. 73558-48978
CHANDIGARH:- SCO 15, Sector 20-D. 86578-56477

## हूतियों ने इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर किया हमला

**सना।** यमन के सशस्त्र समूह हूती ने इजरायल के बेन गुरियन हवाईअड्डे पर बैलेस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हमला करने का दावा किया है। समूह ने बुधवार रात कहा कि इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे को एक बैलिस्टिक मिसाइल और दो ड्रोन से निशाना बनाया। यह हमला दिन में गया था।

हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि इस हमले के कारण इजरायली हवाई अड्डे का हवाई संचालन अस्थाई रूप से थम गया और हज़ारों इज़रायली नागरिक आश्रय स्थलों की ओर भागते नजर आये। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा सैटेलाइट टीवी चैनल पर प्रसारित एक टेलीविज़न बयान में सरिया ने कहा कि हमले ने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। उन्होंने कहा कि समूह ने नेगेव रेगिस्तान की ओर दो अन्य बम से लदे ड्रोन दागे और इज़रायली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। समूह ने यह भी संकेत दिया कि वह नेगेव रेगिस्तान में स्थित इजरायली परमाणु प्रतिष्ठान को निशाना बना सकता है। यह ठिकाना डिमोना शहर से लगभग आठ मील दक्षिण-पूर्व में है।

**■ समूह ने नेगेव रेगिस्तान की ओर दो अन्य बम से लदे ड्रोन दागे और इज़रायली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया**

प्रवक्ता ने संकल्प लिया कि सशस्त्र समूह इजरायल से जुड़े जहाजों या इजरायल माल ले जाने वाले जहाजों को निशाना बनाना जारी रखेगा। इस बीच इज़रायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया पर हूती मिसाइल को रोके जाने की खबर दी। किसी नुकसान या हताहत की खबर नहीं है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना- पैरामैड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट